राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

समृद्धि न्यूज़

समृद्ध समाज का आधार

वर्ष- 13 अंक - 312
लखनऊ, मंगलवार 14 जुलाई, 2026
पृष्ठ- 12 मूल्य- ₹ 3.00
लखनऊ से प्रकाशित

samradhinewslko@gmail.com, www.samriddhisamachar.com, info@samriddhinews.com

पुत्र ने पिता की कुर्सी व ईंट से हमलाकर की हत्या 10

युवा चिकित्सक तीन वर्ष ग्रामीण क्षेत्रों में सेवा देने का संकल्प लें : राज्यपाल 03

राजनाथ-गडकरी ने किया लखनऊ-कानपुर एक्सप्रेसवे का उद्घाटन

कानपुर-लखनऊ एक्सप्रेस-वे से दोनों शहरों के बीच यात्रा समय तीन घंटे से घटकर मात्र 40 मिनट रह जाएगा

लखनऊ, समृद्धि न्यूज।

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, केंद्रीय सड़क एवं परिवहन मंत्री नितिन गडकरी ने उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की उपस्थिति में सोमवार को उन्नाव में लखनऊ-कानपुर 06 लेन एक्सप्रेस-वे का उद्घाटन किया। इसके साथ ही हरदोई-लखनऊ (पैकेज-4) के 32 किलोमीटर लंबे चार लेन का लोकार्पण और इंजीनियरिंग कॉलेज चौराहे पर 4-लेन फ्लाईओवर का शिलान्यास भी किया गया।

बड़े पैमाने पर रोजगार के अवसर होंगे सृजित

सड़क सुरक्षा एवं यातायात प्रबंधन को और अधिक सुदृढ़ बनाने के लिए एक्सप्रेसवे को अत्याधुनिक इंटेलिजेंट ट्रैफिक मैनेजमेंट सिस्टम (आईटीएमएस) से सुसज्जित किया गया है। यह एक्सप्रेसवे किसानों को कृषि उत्पादों को कम समय में मंडियों तक पहुंचाने, उद्योगों को कच्चे माल एवं तैयार उत्पादों के तेज परिवहन तथा आम नागरिकों को शिक्षा, स्वास्थ्य एवं अन्य आवश्यक सेवाओं तक बेहतर पहुंच उपलब्ध कराएगा। साथ ही एक्सप्रेसवे के आसपास औद्योगिक इकाइयों, पर्यटन, आवासीय परियोजनाओं एवं छोटे व्यवसायों के विकास को भी प्रोत्साहन मिलेगा, जिससे बड़े पैमाने पर रोजगार के अवसर सृजित होंगे।

4,200 करोड़ की लागत से बने 63 किलोमीटर लंबे कानपुर-लखनऊ एक्सप्रेस-वे से दोनों शहरों (लखनऊ-कानपुर) के बीच यात्रा समय तीन घंटे से घटकर मात्र 40 मिनट रह जाएगा। इससे यात्रियों के समय और ईंधन की बचत होगी। प्रदूषण में कमी आएगी तथा पुराने राष्ट्रीय राजमार्गों पर यातायात का दबाव भी कम होगा।

आधुनिक इंजीनियरिंग मानकों पर निर्मित इस एक्सप्रेसवे में तीन इंटरचेंज, दो फ्लाईओवर, एक रोड ओवर ब्रिज (आरओबी), चार प्रमुख पुल, 25 लघु पुल, 12 व्हीक्युलर अंडरपास, 14 लाइट व्हीक्युलर अंडरपास, 11 पैदल अंडरपास तथा यात्रियों की सुविधा के लिए 2 रेस्ट एरिया विकसित किए गए हैं।

हरदोई-लखनऊ सीमा से लखनऊ रिंग रोड का 4-लेन में चौड़ीकरण

इस परियोजना के अंतर्गत हरदोई-लखनऊ सीमा से लखनऊ रिंग रोड तक लगभग 32 किमी लंबे राष्ट्रीय राजमार्ग का 4-लेन में चौड़ीकरण किया गया है। लगभग 541 करोड़ की लागत से विकसित यह परियोजना यात्रियों को अधिक सुरक्षित, तेज एवं सुविधाजनक यात्रा उपलब्ध कराएगी तथा क्षेत्रीय कनेक्टिविटी को नई मजबूती देगी।

इंजीनियरिंग कॉलेज चौराहे पर 4-लेन फ्लाईओवर का शिलान्यास

सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय के अंतर्गत इंजीनियरिंग कॉलेज चौराहा पर लगभग एक किमी लंबे 4-लेन फ्लाईओवर का निर्माण 109 करोड़ की लागत से किया जाएगा। केंद्रीय मंत्री राजनाथ सिंह, नितिन गडकरी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने इसका शिलान्यास किया। इस परियोजना से एनएच-24ए के दोनों ओर स्थित इंजीनियरिंग, मेडिकल एवं लॉ कॉलेजों सहित विभिन्न शैक्षणिक एवं व्यावसायिक संस्थानों तक आवागमन पहले की तुलना में अधिक तेज एवं सुविधाजनक होगा।

यूपी में विश्वस्तरीय सड़क संपर्क विकसित करना हमारी प्राथमिकता : नितिन गडकरी

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी के साथ अपने सरकारी आवास पांच कालिदास मार्ग पर उत्तर प्रदेश में राष्ट्रीय राजमार्गों एवं सड़क अवसंरचना से जुड़ी प्रमुख परियोजनाओं की व्यापक समीक्षा की। बैठक में भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई), सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय तथा उत्तर प्रदेश सरकार के प्रस्तावों पर विस्तार से विचार-विमर्श किया गया। केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने कहा कि उत्तर प्रदेश देश की आर्थिक प्रगति का प्रमुख इंजन बनकर उभरा है। इसलिए राज्य में विश्वस्तरीय सड़क संपर्क विकसित करना केंद्र सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में शामिल है। उन्होंने भूमि अधिग्रहण, वन स्वीकृति, उपयोगिताओं के स्थानांतरण तथा अन्य विभागीय औपचारिकताओं का समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित करते हुए सभी परियोजनाओं को गति देने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि आधुनिक सड़क अवसंरचना विकसित उत्तर प्रदेश की आधारशिला है और इसके माध्यम से निवेश, उद्योग, कृषि, पर्यटन, व्यापार तथा रोजगार को नई गति मिलेगी।

अमेरिकी हमलों के जवाब में ईरान ने तीन देशों में सैन्य ठिकानों को बनाया निशाना

एजेंसी, तेहरान।

इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड्स कोर (आईआरजीसी) ने दक्षिणी ईरान पर रविवार रात हुए अमेरिकी हवाई हमलों के जवाब में सोमवार तड़के जॉर्डन, बहरीन और कुवैत स्थित अमेरिकी सैन्य ठिकानों पर मिसाइल और ड्रोन हमले किये।

आईआरजीसी ने एक बयान में कहा कि अमेरिका ने होर्मुज जलडमरूमध्य में जहाजों पर कथित हमलों को आधार बनाकर दक्षिणी ईरान में कई स्थानों पर हवाई हमले किये, जिसके जवाब में यह कार्रवाई की गयी।

बयान के अनुसार, आईआरजीसी ने होर्मुज जलडमरूमध्य में दो जहाजों को रोका था, जिन्होंने अपना ट्रैकिंग सिस्टम बंद कर रखा था और बिना अनुमति निर्धारित मार्ग से हटकर नौवहन कर रहे थे, जिससे इस रणनीतिक जलमार्ग में यातायात प्रभावित हो रहा था। आईआरजीसी ने

कहा कि जवाबी कार्रवाई के पहले चरण में जॉर्डन स्थित प्रिंस हसन एयरबेस पर मिसाइल और ड्रोन से हमला किया गया। बयान में कहा गया, जवाबी कार्रवाई के पहले चरण में प्रिंस हसन एयरबेस पर मिसाइल भंडार और ईंधन भंडारण सुविधाओं को निशाना बनाया।÷ दूसरे चरण में आईआरजीसी की एयरोस्पेस फोर्स ने बहरीन के शेख ईसा एयरबेस स्थित अमेरिकी सैन्य ठिकानों पर हमला किया। आईआरजीसी के अनुसार, इस हमले में हेलीकॉप्टर रखरखाव एवं मरम्मत केंद्र, पी-8 इलेक्ट्रॉनिक युद्धक विमान के हैंगर तथा अमेरिकी ड्रोन अभियानों के कमांड एवं कंट्रोल सेंटर को निशाना बनाया गया।

-: सर्राफा बाजार :-

गोल्ड 24 कैरेट = 1,43,060/10 ग्राम
22 कैरेट = 1,31,150/10 ग्राम
18 कैरेट = 1,07,330/10 ग्राम
चांदी = 2,35,000/किग्रा

संक्षिप्त समाचार

सुप्रीम कोर्ट ने बंगाल मदरसा स्टाफ की नियमतीकरण की याचिका की खारिज

एजेंसी, नई दिल्ली। उच्चतम न्यायालय ने पश्चिम बंगाल के मदरसों में अपनी नियुक्ति के लिए मान्यता की मांग करने वाले 350 शिक्षकों एवं अन्य स्टाफ की याचिका सोमवार को खारिज कर दी। पश्चिम बंगाल मदरसा सेवा आयोग अधिनियम 2008 को कलकत्ता उच्च न्यायालय की एकल न्यायाधीश पीठ ने असंवैधानिक करार दिया था, जिसके बाद इन सभी की नौकरी चली गयी थी। न्यायालय ने बाद में इस फैसले को बरकरार रखा था।

बेटा न मिला तो पिता को उठाकर थाने में बर्बरता, मौत के बाद दारोगा-सिपाही समेत छह पर केस

बलिया। उत्तर प्रदेश के बलिया जिले में पुलिस हिरासत के दौरान एक व्यक्ति की मौत का मामला सामने आने के बाद हड़कंप मच गया है। परिजनों ने आरोप लगाया है कि मारपीट के एक मामले में आरोपी बेटे को थाने बुलाने के दबाव में पुलिस उसके पिता को घर से उठाकर ले गई और वहां उनके साथ मारपीट की गई। इसके बाद उनकी हालत बिगड़ गई और इलाज के दौरान वाराणसी के बीएचयू ट्रामा सेंटर में उनकी मौत हो गई। मामले के सामने आने के बाद पुलिस विभाग ने कार्रवाई करते हुए एक सब इंस्पेक्टर और कांस्टेबल को निलंबित कर दिया है। वहीं, रेवती थानाध्यक्ष को लाइन हाजिर कर दिया गया है। पूरे प्रकरण की जांच शुरू कर दी गई है।

बस व कार की भीषण टक्कर से 18 श्रद्धालु घायल

जम्मू जम्मू। कश्मीर के रामबन जिले में एक बड़ा सड़क हादसा सामने आया है। यहाँ जम्मू-श्रीनगर राष्ट्रीय राजमार्ग पर सोमवार को दो बसों और एक कार के बीच हुई जोरदार टक्कर में कम से कम 18 लोग घायल हो गए हैं। आधिकारिक सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक, घायलों में अधिकतर अमरनाथ यात्रा पर जा रहे श्रद्धालु शामिल हैं। अधिकारियों ने घटना की विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि यह दुर्घटना सुबह करीब सात बजकर 20 मिनट पर चंद्रकोट लंगर स्थल के बिल्कुल बाहर हुई। प्रारंभिक जांच और जानकारी के मुताबिक, काफिले में चल रही एक बस के अचानक ब्रेक फेल हो गए। ब्रेक फेल होने के कारण वह बस अनियंत्रित हो गई और आगे चल रही एक अन्य बस तथा कार भी उसकी चपेट में आ गईं। बताया जा रहा है कि दुर्घटनाग्रस्त हुए यह तीनों ही वाहन कश्मीर की ओर जा रहे अमरनाथ तीर्थयात्रियों के आधिकारिक काफिले का हिस्सा थे।

मेडिकल रिसर्च में नए कीर्तिमान स्थापित कर रहा भारत : राजनाथ

सीएम योगी के नेतृत्व में पिछले नौ वर्षों में स्वास्थ्य सेवाओं में हुआ उल्लेखनीय सुधार

लखनऊ, समृद्धि न्यूज।

केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह सोमवार को लखनऊ स्थित किंग जार्ज चिकित्सा विश्वविद्यालय (केजीएमयू) के 22वें दीक्षांत समारोह में शामिल हुए। इस दौरान उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि आज भारत स्वास्थ्य क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनने की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा है और मेडिकल रिसर्च में नए कीर्तिमान स्थापित कर रहा है।

रक्षा मंत्री ने कहा कि पिछले 12 वर्षों में भारत के स्वास्थ्य क्षेत्र में अभूतपूर्व परिवर्तन देखने को मिला है। पहले गंभीर बीमारियों के इलाज में लोगों की आर्थिक स्थिति प्रभावित हो जाती थी, लेकिन अब आयुष्मान भारत योजना के तहत पात्र लाभार्थियों को निःशुल्क



इलाज मिल रहा है। उन्होंने कहा कि सरकार का लक्ष्य केवल इलाज उपलब्ध कराना ही नहीं, बल्कि सुलभ, किफायती और गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवा प्रणाली बनाना भी रहा है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत का स्वास्थ्य तंत्र पहले की तुलना में अधिक आत्मनिर्भर, सुलभ, किफायती, आधुनिक और जन-केंद्रित बना है।

राजनाथ ने कहा कि उत्तर प्रदेश में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में पिछले नौ वर्षों में स्वास्थ्य सेवाओं में उल्लेखनीय सुधार हुआ है। वर्ष 2017 से पहले उत्तर प्रदेश में केवल 17 मेडिकल कॉलेज थे, जबकि आज प्रदेश में 81 मेडिकल कॉलेज संचालित हो रहे हैं। इसके अलावा दो एम्स भी कार्यरत हैं। उत्तर प्रदेश अब वन डिस्ट्रिक्ट-वन मेडिकल कॉलेज की अवधारणा से भी आगे निकल चुका है। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता तभी बेहतर हो सकती है, जब पर्याप्त संख्या में डॉक्टर और विशेषज्ञ उपलब्ध हों। इसी सोच के साथ सरकार ने मेडिकल शिक्षा का अभूतपूर्व विस्तार किया है। आज भारत जीन थेरेपी, न्यूक्लियर मेडिसिन और अन्य आधुनिक तकनीकों के माध्यम से वैश्विक स्वास्थ्य चुनौतियों के स्वदेशी समाधान विकसित कर रहा है। राजनाथ ने विश्वविद्यालय की सराहना करते हुए कहा कि इस संस्थान ने देश को अनेक प्रतिष्ठित चिकित्सक दिए हैं, जिन्हें पद्म विभूषण, पद्म भूषण, पद्मश्री और डॉ. बी.सी. रॉय पुरस्कार जैसे सम्मानों से नवाजा गया है। उन्होंने कहा कि केजीएमयू से जुड़े चिकित्सकों ने सेवा, समर्पण और संवेदनशीलता की अनुकरणीय मिसाल पेश की है। दीक्षांत समारोह में राज्यपाल आनंदीबेन पटेल, उप मुख्यमंत्री बृजेशपठक, राज्यमंत्री मयंकेश्वर शरण सिंह और कुलपति प्रोफेसर सोनिया नित्यानंद उपस्थित रहीं।

संबंधित खबर पृष्ठ 3 पर

अंगदान मानवता के लिए सबसे बड़ा उपहार

केंद्रीय मंत्री ने अंगदान को मानवता के लिए सबसे बड़ा उपहार बताया। उन्होंने कहा कि किसी व्यक्ति के निधन के बाद उसके अंग कई लोगों को नया जीवन दे सकते हैं। उन्होंने कहा कि समाज में आज भी अंगदान को लेकर कई भ्रांतियां और झिझक हैं, जिन्हें दूर करने में डॉक्टरों की महत्वपूर्ण भूमिका है। डॉक्टरों की संवेदनशील सलाह और संवाद किसी परिवार को अंगदान के लिए प्रेरित कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि समाज में डॉक्टरों को भगवान का दर्जा दिया जाता है और इस सम्मान के साथ बड़ी जिम्मेदारी भी जुड़ी होती है। डॉक्टर का हर निर्णय केवल मरीज और उसके परिवार ही नहीं, बल्कि पूरे समाज और देश को प्रभावित करता है।

उच्चतम न्यायालय का राम मंदिर चढ़ावा चोरी मामले में एसआईटी को जांच पर स्टेटस रिपोर्ट सौंपने का निर्देश

एजेंसी, नई दिल्ली।

सुप्रीम कोर्ट ने अयोध्या स्थित राम मंदिर के चढ़ावे के कथित गबन की जांच के लिए उ.प. सरकार द्वारा गठित विशेष जांच दल को मामले में स्थिति रिपोर्ट दाखिल करने का सोमवार को निर्देश दिया।

भारत के प्रधान न्यायाधीश सूर्यकांत, न्यायमूर्ति जॉयमाल्य बागची और न्यायमूर्ति वी. मोहना की पीठ ने राम मंदिर के चढ़ावे की कथित चोरी के मामले में निष्पक्ष और समयबद्ध जांच के अनुरोध वाली याचिकाओं पर श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट को भी नोटिस जारी किया।

तीन याचिकाकर्ताओं में से एक नरेंद्र कुमार गोस्वामी ने मामले की जांच केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो से कराने का अनुरोध करते हुए सुप्रीम कोर्ट का रुख किया। उन्होंने राम मंदिर का प्रबंधन करने वाले श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के वित्तीय लेन-देन का भारत के

नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक से ऑडिट कराने का भी अनुरोध किया। अजय कुमार राय और दिनेश कुमार यादव ने भी इसी प्रकार के अनुरोधों वाली दूसरी याचिका दायर की है। राष्ट्रीय जनता दल के सांसद सुधाकर सिंह द्वारा दायर तीसरी याचिका में सुप्रीम कोर्ट की निगरानी में सीबीआई जांच के साथ-साथ ट्रस्ट के पूरे वित्तीय लेन-देन का फॉरेंसिक ऑडिट कराने का अनुरोध किया गया है। इससे पहले न्यायमूर्ति बी. वी. नागरत्ना की अध्यक्षता वाली अवकाशकालीन पीठ ने एक याचिकाकर्ता को मामले को शीघ्र सुनवाई के लिए बाद में उल्लेख करने की अनुमति दी थी। अधिवक्ता अजय कुमार राय और दिनेश कुमार यादव द्वारा दायर याचिका में कहा गया है कि मंदिर ट्रस्ट के कामकाज, प्रशासन और कथित वित्तीय अनियमितताओं सहित अन्य कथित अवैधताओं की जांच के लिए सीबीआई के नेतृत्व में विशेष जांच दल का गठन किया जाना चाहिए। याचिका में राय ने केंद्र सरकार, उत्तर प्रदेश सरकार और ट्रस्ट को ऐसे नियामक, पर्यवेक्षी और ऑडिट तंत्र स्थापित एवं लागू करने का निर्देश देने का अनुरोध किया है, जो जनहित की रक्षा कर सकें और करोड़ों श्रद्धालुओं तथा दानदाताओं का विश्वास बनाए रखें।

याचिका में कहा गया है कि ट्रस्ट से जुड़े धन के गायब होने और अन्य कथित अनियमितताओं की खबरें अंततः सही साबित हों या नहीं, लेकिन इन रिपोर्टों ने अयोध्या की गरिमा की पुनर्स्थापना के लिए पीढ़ियों तक संघर्ष करने वाले लोगों में गहरी चिंता पैदा की है।

पांच दिन तक बारिश की संभावना नहीं

लखनऊ, समृद्धि न्यूज।

उत्तर प्रदेश के मौसम में कई दिनों से रुक-रुक कर बारिश हो रही है और कई जिलों में अधिक बारिश होने से जन जीवन अस्त व्यस्त है, लेकिन अब कुछ दिन के लिए इस पर विराम लगने वाला है। बारिश के लिए इंतजार करना पड़ेगा। मौसम विभाग ने सोमवार को मौसम में हो रहे बदलाव को लेकर अलर्ट जारी कर बताया कि आने वाले चार से पांच दिनों तक छिटपुट स्थानों को छोड़कर पूरे यूपी में कहीं बारिश नहीं होगी। सोमवार को प्रदेश की राजधानी लखनऊ का अधिकतम तापमान 36.9 और न्यूनतम 28.2 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया है।

मौसम विभाग के अनुसार उत्तर प्रदेश में मानसून पर फिलहाल ब्रेक लग गया

मानसून की सक्रियता कमजोर होने से उमस भरी गर्मी के आसार

है। अगले पांच दिनों यानी कि 18 जुलाई तक बारिश को लेकर कोई पूर्वानुमान नहीं है। इसलिए उत्तर प्रदेश के पश्चिमी और सेंट्रल यूपी के कई जिले शुष्क रहेंगे। ऐसे में गर्मी और उमस लोगों की मुश्किलें बढ़ाएगी। हालांकि तराई के कुछ जिलों और पूर्वी यूपी के गोरखपुर-महराजगंज जैसे कुछ जिलों में छिटपुट बारिश की संभावना जतायी गयी है।

मौसम विज्ञान विभाग के लखनऊ केंद्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक अतुल कुमार सिंह ने सोमवार को बताया कि मौसम विभाग ने अगले 05 दिनों के लिए राज्य के अधिकांश हिस्सों में भयंकर उमस और सूखे मौसम की चेतावनी जारी की है। आगे बताया कि बंगाल की खाड़ी में बने अवदाब की वजह से प्रदेश में मानसूनी द्रोणी अपनी सामान्य स्थिति से काफी उत्तर में तराई की ओर स्थानांतरित हो गई है। वहीं प्रदेश में कोई अन्य मौसम तंत्र सक्रिय नहीं होने के कारण प्रदेश में मानसूनी हवाएं कमजोर पड़ने से आने वाले 3-4 दिनों के दौरान प्रदेश के अधिकांश भाग में मौसमी गतिविधियां अत्यधिक सीमित होकर कहीं-कहीं छिटपुट वर्षा ही होगी।

बदरीनाथ धाम मंदिर में चढ़ावा हेराफरी मामले में प्रमोद नौटियाल गिरफ्तार

एजेंसी, देहरादून। बदरीनाथ धाम मंदिर में दान-चढ़ावा राशि में कथित गड़बड़ी के मामले में एक्शन शुरू हो गया है। उत्तराखंड पुलिस ने प्रमोद नौटियाल नाम के आरोपी कर्मचारी को देहरादून से गिरफ्तार किया है। पूछताछ के बीच पुलिस उसे बदरीनाथ लेकर पहुंच रही हैं। बदरीनाथ धाम में वित्तीय अनियमितता का मामला सामने आने के बाद से ही प्रमोद नौटियाल फरार चल रहा था। पुलिस ने उसे देहरादून से गिरफ्तार किया है। प्रमोद धाम से जुड़ा कर्मचारी है। अब पुलिस उससे पूछताछ कर रही है। मामला काफी संवेदनशील है। इसलिए भी क्योंकि यूपी के अयोध्या स्थित राम मंदिर में चंदा-चढ़ावा चोरी पर भारी बवाल मचा है। आठ आरोपी गिरफ्तार हो चुके हैं और तीन सदस्य ट्रस्ट से निकल गए। एसआईटी मामले की जांच कर रही है।

पाक आतंकी नेटवर्क से जुड़ा संदिग्ध गिरफ्तार देश विरोधी जानकारियां कर रहा था साझा

एजेंसी, कटिहार।

बिहार के कटिहार पुलिस ने एक बड़ी कार्रवाई करते हुए पाकिस्तान आधारित आतंकी नेटवर्क से जुड़े एक 22 वर्षीय संदिग्ध युवक को गिरफ्तार किया है। गुप्त सूचना के आधार पर कोढ़ा थाना पुलिस ने मुसापुर गांव के रहने वाले मोहम्मद अहद (पिता- मो. आलम) को हिरासत में लिया। उसके पास से एक एंड्रॉइड मोबाइल फोन जब्त किया गया है। आरोपी को विधिवत गिरफ्तार कर कोढ़ा थाना में कांड संख्या-229/2026 दर्ज किया गया है।

गिरफ्तार आरोपी के मोबाइल फोन और सोशल मीडिया खातों के तकनीकी विश्लेषण से कई गंभीर

खुलासे हुए हैं। पुलिस जांच में यह बात सामने आई है कि आरोपी मोहम्मद अहद इंस्टाग्राम और व्हाट्सएप के जरिए पाकिस्तान में बैठे गैंगस्टर राणा हूनैन उर्फ राणा हुसैन के संपर्क में था। पुलिस के मुताबिक, राणा हुसैन पाकिस्तानी गैंगस्टर शहजाद भट्टी के आतंकी नेटवर्क का हिस्सा है। पूछताछ और जांच में पता चला है कि यह संदिग्ध युवक चैट, ऑडियो कॉल और सोशल मीडिया के माध्यम से देश के संवेदनशील स्थलों की जानकारी साझा कर रहा था।

श्री राम जन्मभूमि मंदिर के मुख्य कार्यकारी अधिकारी पद के लिए आवेदन आमंत्रित

एजेंसी, अयोध्या। श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट में मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) पद पर नियुक्ति की गतिविधि तेज हो गई है। ट्रस्ट ने इस पद पर नियुक्ति के लिए योग्य एवं इच्छुक अभ्यर्थियों से आवेदन आमंत्रित किया है। आवेदन की अंतिम तिथि 18 जुलाई सायं 4 बजे तक निश्चित की गई है। ट्रस्ट ने सीईओ के आवेदन संबंधी अधिसूचना अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर भी जारी किया है। उम्मीदवार की उम्र 50 से 70 साल के बीच होनी चाहिए। उम्मीदवार के पास किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से कम से कम बैचलर्स डिग्री होना जरूरी है। धार्मिक निष्ठा को ध्यान में रखते हुए पद के लिए आवेदन करने वाले का सनातनी हिंदू होना अनिवार्य है और वो सक्रिय रूप से पूजा-पाठ करता हो और वैष्णव परंपरा से ताल्लुक रखने वाले राम भक्तों को ही तरजीह दी जाएगी।

सुखद | **अंतरराष्ट्रीय बाजार में कमजोरी व रुपये में मजबूती के चलते कीमती धातुओं की कीमतें नीचे**

सोना-चांदी के दामों में गिरावट, निवेशकों को राहत

आर बी सिंह

लखनऊ। राजधानी लखनऊ के चौक सर्राफा बाजार में सोमवार को सोने और चांदी दोनों कीमती धातुओं के दामों में गिरावट दर्ज की गई। अंतरराष्ट्रीय बाजार में कमजोरी और रुपये में मजबूती के चलते दोनों कीमती धातुओं की कीमतें नीचे आईं हैं। शादी-विवाह के सीजन से पहले आई इस गिरावट से ग्राहकों और निवेशकों को थोड़ी राहत मिली है। इंडियन बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन के मुताबिक लखनऊ में आज सोने के भाव 24 कैरेट सोना, रु.1,43,060/ प्रति 10 ग्राम रहा जो कल के मुकाबले रु. 552 की गिरावट दर्ज की गई। वहीं 22 कैरेट रु.1,31,150/ प्रति 10 ग्राम रहा और कल के मुकाबले रु.508 सस्ता हुआ, जबकि 18 कैरेट सोना रु.1,07,330/ प्रति 10 ग्राम और 14 कैरेट सोना रु. 83,370/प्रति 10 ग्राम रहा और दोनों में रुपये 107/ की गिरावट हुई।

सर्राफा एसोसिएशन के व्यापारियों का कहना है कि आभूषण खरीदते समय इन दामों पर जीएसटी, मेकिंग चार्ज और हॉलमार्किंग शुल्क अलग से जुड़ेंगे। 24 कैरेट सबसे शुद्ध माना जाता है, लेकिन आभूषण के लिए 22 और 18 कैरेट की मांग ज्यादा रहती है। ऐसे ही चांदी में भी नरमी देखने को मिली। चांदी सोमवार को रु. 2,35,000/ प्रति किलो बिकी जबकि 10 जुलाई के मुकाबले इसमें रु. 5,000/ की गिरावट दर्ज हुई। सर्राफा जानकार बताते हैं कि पिछले 10 दिनों में चांदी रु.2,50,000/ से गिरकर आज रु.2,35,000/ पर आ गई है।

सर्राफा व्यापारियों के मुताबिक दामों में गिरावट के पीछे मुख्य वजह विदेशी बाजार में सोना 42.33 डॉलर टूटकर 4,692.64 डॉलर प्रति औंस पर आ गया। चांदी भी 3.04% गिरकर 83.49 डॉलर प्रति औंस रही। डॉलर के मुकाबले रुपये में मजबूती और अमेरिकी आर्थिक संकेतों के चलते निवेशकों ने सुरक्षित निवेश से थोड़ा हाथ खींचा है। जुलाई से सितंबर माह के बीच इंडस्ट्रियल डिमांड कम होने से चांदी के दाम अक्सर गिरते भी हैं। दाम गिरने से चौक सर्राफा बाजार में आज सुबह से ही ग्राहकों की पूछताछ और खरीदारी बढ़ी। व्यापारी विनोद माहेश्वरी ने बताया कि ऊंचे दामों के बाद आई गिरावट से मध्यम वर्गीय परिवारों को आभूषण खरीदने का मौका मिला है। विशेषज्ञों का मानना है कि अगर वैश्विक तनाव और रुपये पर दबाव बना रहा तो आने वाले दिनों में फिर तेजी आ सकती है। निवेश के लिहाज से अभी खरीदारी को अच्छा अवसर माना जा रहा है। कुल मिलाकर लखनऊ सर्राफा बाजार में आज सोना-चांदी दोनों सस्ते हुए, जिससे त्योहारों से पहले बाजार में रौनक बढ़ने की उम्मीद है।

पटना कोर्ट से खान सर को राहत, कोचिंग विवाद मामले में मिली अग्रिम जमानत, दो बॉडीगार्ड्स को भी मिली राहत

एजेंसी, पटना।

बिहार में पटना की एक सिविल कोर्ट ने सोमवार को चर्चित शिक्षक फैसल खान उर्फ खान सर और उनके दो बॉडीगार्ड्स को अग्रिम जमानत दे दी। मामला पटना के मुसल्लहपुर इलाके में दो कोचिंग संस्थानों के बीच हुए विवाद और कथित झड़प से जुड़ा हुआ है। इससे पहले न्यायाधीश की अनुपस्थिति के कारण जमानत याचिका पर सुनवाई टल गई थी और अदालत ने फैसला सुरक्षित रखा था। कोर्ट के इस आदेश के बाद खान सर को बड़ी राहत मिली है। हालांकि मामले की जांच अभी जारी है और पुलिस घटना से जुड़े सभी पहलुओं की पड़ताल कर रही है।

यह पूरा मामला 2 जून को हुई एक

घटना से जुड़ा है। आरोप है कि पटना स्थित खान ग्लोबल स्टडीज के परिसर में कुछ लोगों के समूह ने पहुंचकर हंगामा किया और संस्थान में तोड़फोड़ की। शिकायत के अनुसार, करीब 15 से 20 लोगों के समूह ने कोचिंग परिसर पर पथराव भी किया। घटना के बाद पुलिस ने मामले की जांच शुरू की और संबंधित लोगों के खिलाफ कार्रवाई की। खान सर की ओर से आरोप लगाया गया था कि हमले के पीछे एक प्रतिद्वंद्वी कोचिंग संस्थान से जुड़े लोग शामिल थे। घटना के अगले दिन सोशल मीडिया पर एक वीडियो सामने आया, जिसमें खान ग्लोबल स्टडीज से जुड़े दो बॉडीगार्ड्स कथित रूप से फायरिंग करते हुए नजर आ रहे थे। वीडियो सामने आने के बाद मामला और गंभीर हो गया। पुलिस ने दोनों बॉडीगार्ड्स को हिरासत में लिया और फायरिंग में इस्तेमाल किए गए हथियारों को जब्त कर जांच के लिए फॉरेंसिक लैब भेजा। इसके बाद कदमकुआं थाने में प्राथमिकी दर्ज की गई। दोनों बॉडीगार्ड्स फिलहाल न्यायिक हिरासत में थे। सोमवार को अदालत ने खान सर और उनके दो बॉडीगार्ड्स को अग्रिम जमानत देने का आदेश जारी किया। ग्रिम जमानत मिलने के बावजूद मामले की जांच जारी रहेगी।

मां पाटेश्वरी शक्ति संवाद बना महिलाओं के लिए न्याय का सशक्त मंच

- शक्ति संवाद में पहुंचे 35 मामलों पर एक सप्ताह में आख्या उपलब्ध कराने व महिलाओं की समस्याओं का समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित करें संबंधित अधिकारीगण: आयुक्त
- मां पाटेश्वरी शक्ति संवाद से महिलाओं की समस्याओं का हो रहा त्वरित समाधान

गोण्डा, समृद्धि न्यूज़। मंडलायुक्त कार्यालय में आयोजित मां पाटेश्वरी शक्ति संवाद कार्यक्रम महिलाओं की समस्याओं के त्वरित एवं प्रभावी निस्तारण का सशक्त माध्यम बन रहा है। सोमवार को आयोजित संवाद कार्यक्रम में 35 महिलाओं ने आयुक्त दुर्गा शक्ति नागपाल के ने महिलाओं की समस्याएं एवं शिकायतें प्रस्तुत कीं। आयुक्त ने सभी प्रकरणों को गंभीरता से लेते हुए संबंधित अधिकारियों को एक सप्ताह के भीतर जांच कर गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित करने तथा आवश्यकतानुसार फोटोग्राफ सहित आख्या प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। उन्होंने ने कहा कि शक्ति संवाद कार्यक्रम के दौरान प्राप्त शिकायतों के निस्तारण में किसी भी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी। प्रत्येक शिकायत का निस्तारण समयबद्ध, पारदर्शी एवं गुणवत्तापूर्ण ढंग से किया जाना चाहिए। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि शिकायत के निस्तारण से पूर्व शिकायतकर्ता से संवाद स्थापित कर उसकी संतुष्टि भी सुनिश्चित की जाए। महिला शक्ति संवाद के अंतर्गत तमाम प्रकार की शिकायतें प्राप्त हुई जिन पर तुरंत कार्रवाई हेतु संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया गया वहीं कुछ पुराने प्रकरणों में महिलाओं को लाभ मिला

मां पाटेश्वरी शक्ति संवाद के अंतर्गत मिला आशियाना

निवासी ग्राम सिरसा ब्लॉक नवाबगंज के अंतर्गत कौशल्या देवी प्रार्थना पत्र देकर आयुक्त महोदया से गुहार लगयी की प्रथनी बहुत गरीब है मकान कच्चा व फूस का बना है उनके द्वारा प्रधानमंत्री आवास योजना की मांग की गई जिस पर आयुक्त महोदया द्वारा संबंधित अधिकारी से जांच करा कर पुष्टि की गई की गई यह पात्र हैं और इनका प्रधानमंत्री आवास हेतु आवेदन हो गया है शीघ्र ही आवास आवंटित हो जाएगा

पारिवारिक विवाद का हुआ निस्तारण–प्रथनी अन्नपूर्णा पत्नी हनुमंत लाल निवासी चौरी तहसील करनैलगंज आयुक्त महोदया से बताया कि उनके घर की नाली पर विपक्षी द्वारा निर्माण कराकर नाली का रास्ता बंद कर दिया।

दलित के खाते से निकाल लिया तीस हजार

पुलिस अधीक्षक से की शिकायत

गोंडा, समृद्धि न्यूज़। कोतवाली देहात थाना क्षेत्र के इमलिया मिश्र सोनई गांव के निवासी वृद्ध निबरे कोरी ने पुलिस अधीक्षक से शिकायत किया है कि वर्ष 2016 में उस का खाता बैंक ऑफ बड़ौदा में खुलवाया गया था। जिस में उस के किसान सम्मान निधि का पैसा वृद्धा पेंशन आ रही थी। गांव के ही कुछ लोगो ने प्रधान की मिली भगत से उस के नाम मनरेगा का कार्ड बनवा दिया गया। मनरेगा में बराबर हाजिरी लगवाते थे । मनरेगा का पैसा बगैर उस की जानकारी में बराबर निकालते थे । बीते 23 मई को उस के खाते से बिना बताए तीन लोगों ने मिलकर किसान सम्मान निधि का 20 हजार रूपया और वृद्धा पेंशन का दस हजार रूपया निकाल लिया। जब इस की जानकारी हुई तो पूछा तो मरने पीटने की धमकी दी गई। पुलिस अधीक्षक से शिकायत कर के मुकदमा लिखाने की मांग किया है।

सरयू नदी में नहाने गए बुजुर्ग संदिग्ध परिस्थितियों में लापता

कटरा घाट पर हड़कंप, पुलिस व एसडीआरएफ टीम तलाश में जुटी

- तट पर साइकिल-कपड़ा, चप्पल मिला, नदी में डूबने की आशंका

कर्नलगंज/गोंडा, समृद्धि न्यूज़। कोतवाली कर्नलगंज क्षेत्र में सोमवार सुबह सरयू नदी में नहाने गए एक बुजुर्ग संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गए। तट पर उनकी साइकिल, कपड़े और चप्पल मिलने से नदी में डूबने की आशंका जताई जा रही है। घटना से क्षेत्र में हड़कंप मच गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार राजकुमार गोस्वामी (60) पुत्र दयाराम निवासी मौहर गोसाई पुरवा रोजाना करीब 15 किमी दूर से सरयू नदी में स्नान करने कटरा घाट आते थे। सोमवार सुबह भी वे भोर में घर से निकले थे। कुछ घंटे बाद स्थानीय लोगों ने कटरा घाट स्थित सरयू तट पर एक साइकिल, कपड़े और चप्पल लावारिश हालत में पड़े देखे। आसपास बुजुर्ग नहीं मिले तो परिजनों को सूचना दी गई। बुजुर्ग की पहचान उनके कपड़ों के जेब में रखे आधार कार्ड से हुई।

परिजनों ने पुलिस से लगाई गुहार

घटना की जानकारी मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। पीड़ित परिवार ने तत्काल स्थानीय पुलिस को सूचना देकर राजकुमार गोस्वामी की तलाश कराने की मांग की है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मौके का मुआयना किया। नदी में डूबने की आशंका के चलते एसडीआरएफ टीम को बुलाया गया है। टीम सरयू नदी में बुजुर्ग की तलाश में जुटी है। उनके लापता होने से पूरे गांव में हड़कंप मचा है। खबर लिखे जाने तक बुजुर्ग का पता नहीं चल सका है। पुलिस का कहना है कि हर बिंदु पर जांच की जा रही है। नदी में तलाश जारी है।

खबरें एक नजर में

बकाया पैसा मांगने पर एम.आर. को पीटा

गोंडा, समृद्धि न्यूज़। नगर कोतवाली क्षेत्र के आवास विकास कालोनी में एक नर्सिंग होम के पास लाठी डंडा से मार पीट कर घायल कर दिया गया। मेडिकल कालेज में इलाज कराया गया। धाने पुर थाना क्षेत्र के पूरे लदई गांव के निवासी विवेक तिवारी पुत्र राघव तिवारी को सोमवार के दिन बकाया पैसा मांगने पर मार पीट कर घायल कर दिया गया। विवेक तिवारी ने बताया कि वह एक कम्पनी में एम आर का काम करता है।दवा का आर्डर लेने के लिए आवास विकास कालोनी एक नर्सिंग होम में गया था। उस के बाहर निकलते ही कुछ लोगो ने घेर कर हमला कर दिया। नगर प्रभारी विवेक मणि त्रिपाठी ने बताया कि तहरीर मिली है मुकदमा दर्ज किया जा रहा है।

11 हजार लाइन पर करंट से लाइनमैन की मौत

परिजनों ने विभाग पर लगाया लापरवाही के आरोप

बहराइच, समृद्धि न्यूज़। बौंडी थाना क्षेत्र में बिजली विभाग की कथित लापरवाही एक परिवार पर भारी पड़ गई। 11 हजार वोल्ट की लाइन पर मरम्मत कार्य कर रहे एक क्षेत्रीय प्राइवेट लाइनमैन की करंट लगने से इलाज के दौरान मौत हो गई। घटना के बाद परिवार में कोहराम मच गया, वहीं ग्रामीणों में भारी आक्रोश है। जानकारी के अनुसार बौंडी थाना क्षेत्र के ग्राम हेमनापुर मरवट निवासी अनिल कुमार (35) पुत्र दिलेराम क्षेत्रीय प्राइवेट लाइनमैन के रूप में कार्य करते थे। रविवार 12 जुलाई को वह फखरपुर पावर हाउस के अधिकारियों और सरकारी लाइनमैन के निर्देश पर भदवानी गांव में 11 हजार वोल्ट की विद्युत लाइन की मरम्मत कर रहे थे। आरोप है कि इसी दौरान अचानक लाइन में बिजली आपूर्ति शुरू कर दी गई। अनिल तेज करंट की चपेट में आकर गंभीर रूप से झुलस गए। सूचना पर पहुंचे ग्राम प्रधान प्रतिनिधि मैन कुमार सिंह और ग्रामीणों ने उन्हें तत्काल जिला अस्पताल पहुंचाया। हालत नाजुक होने पर चिकित्सकों ने लखनऊ मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया। इलाज के दौरान सोमवार रात करीब एक बजे अनिल की मौत हो गई।अनिल की मौत की खबर मिलते ही गांव में शोक की लहर दौड़ गई। परिजनों और ग्रामीणों ने बिजली विभाग पर गंभीर लापरवाही का आरोप लगाते हुए कहा कि कार्य के दौरान सुरक्षा मानकों का पालन नहीं किया गया और बिना सूचना बिजली चालू कर दी गई।ग्रामीणों ने मांग की है कि दोषी अधिकारियों-कर्मचारियों पर कड़ी कार्रवाई हो, पीड़ित परिवार को उचित आर्थिक सहायता व मुआवजा दिया जाए। इस संबंध में अवर अभियंता फखरपुर पंचम लाल ने बताया कि मृतक युवक विभाग में कार्यरत नहीं था।बिना किसी सूचना के लाइन पर काम करने की जानकारी मिली है।मृतक के परिजनों की ओर से कोई शिकायती पत्र नहीं मिला है।

किसानों की आय बढ़ाने के साथ सामाजिक सुरक्षा पर भी फोकस, विधायक ने शुरू किया जागरूकता अभियान

समृद्धि न्यूज़, बलरामपुर। गन्ना किसानों की आय बढ़ाने के साथ-साथ उन्हें केंद्र एवं राज्य सरकार की सामाजिक सुरक्षा योजनाओं का लाभ दिलाने के उद्देश्य से सहकारी गन्ना विकास समिति लिमिटेड, बलरामपुर द्वारा सोमवार को 'बीमा, पेंशन एवं सामाजिक सुरक्षा योजनाओं' पर आधारित तीन दिवसीय कृषक गोष्ठी एवं मेले का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम में किसानों को आधुनिक एवं वैज्ञानिक खेती के साथ-साथ प्रधानमंत्री की विभिन्न सामाजिक सुरक्षा योजनाओं की विस्तृत जानकारी देकर अधिक से अधिक लाभ लेने के लिए प्रेरित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ सदर विधायक पल्टूराम ने किया। उन्होंने किसानों से कम लागत में अधिक उत्पादन प्राप्त करने के लिए वैज्ञानिक तकनीकों को अपनाने का आह्वान करते हुए कहा कि खेती के साथ सामाजिक सुरक्षा भी उतनी ही आवश्यक है। उन्होंने किसानों से प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना, प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना, अटल पेंशन योजना सहित अन्य जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ उठाने की अपील की। उप गन्ना आयुक्त, देवीपाटन मंडल, गोंडा डॉ. आर.बी. राम ने कहा कि आधुनिक कृषि तकनीक, यंत्रीकरण, फसल चक्र एवं जैव उर्वरकों के प्रयोग से उत्पादन एवं आय दोनों में वृद्धि संभव है। उन्होंने किसानों से वैज्ञानिक खेती अपनाने के साथ-साथ सामाजिक सुरक्षा योजनाओं से जुड़कर अपने परिवार का आर्थिक भविष्य सुरक्षित करने का आग्रह किया। कार्यक्रम में अग्रणी जिला प्रबंधक, बलरामपुर ने विभिन्न बैंकिंग एवं बीमा योजनाओं की जानकारी देते हुए किसानों को बीमा धनराशि, वार्षिक प्रीमियम, पात्रता, आवश्यक दस्तावेज एवं आवेदन प्रक्रिया के बारे में विस्तार से बताया। मौके पर अनेक किसानों का विभिन्न योजनाओं में नामांकन भी कराया गया, जिससे किसानों ने उत्साहपूर्वक भागीदारी निभाई। ज्येष्ठ गन्ना विकास निरीक्षक श्री संजय कुमार सिंह ने किसानों को गन्ने की उन्नत एवं अधिक उत्पादन देने वाली प्रजातियों, फसल में लगने वाले कीट एवं रोगों की रोकथाम, उनके प्रभावी नियंत्रण तथा विभाग द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी।

खेत में धान की रोपाई के दौरान दलित किसान से मारपीट का आरोप

- जातिसूचक गालियां देने और जान से मारने की धमकी का मामला गरमाया

मिहींपुरवा, बहराइच समृद्धि न्यूज़। थाना मोतीपुर क्षेत्र के ग्राम गुलरा उर्रा में खेत में धान की रोपाई कर रहे एक अनुसूचित जाति के किसान के साथ मारपीट, जातिसूचक गालियां देने तथा जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाते हुए थाने में तहरीर दी गई है। पीड़ित ने आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर कड़ी कार्रवाई की मांग की है। तहरीर के अनुसार ग्राम गुलरा उर्रा निवासी राजेश कुमार गौतम ने आरोप लगाया है कि 10 जुलाई 2026 की दोपहर लगभग तीन बजे वह अपने खेत में धान की रोपाई करा रहे थे। इसी दौरान नामजद और कुछ अन्य लोग वहां पहुंचे और कथित रूप से जातिसूचक शब्दों का प्रयोग करते हुए गाली-गलौज की। विरोध करने पर लाठी-डंडों से मारपीट कर उन्हें खेत से भगा दिया गया। पीड़ित का आरोप है कि आरोपियों ने दोबारा खेत में दिखाई देने पर जान से मारने, रात में ट्रैक्टर से फसल जोत देने तथा खेत की मेड़ पर लगे पेड़ उखाड़कर तालाब में फेंक देने जैसी धमकियां भी दीं। शिकायतकर्ता का यह भी कहना है कि घटना के दौरान हुए विवाद का कुछ हिस्सा उसने अपने मोबाइल फोन में रिकॉर्ड किया है।

कर्नलगंज की तेजतर्रार एसडीएम नेहा मिश्रा सहित 4 पीसीएस अधिकारियों का तबादला

- योगी सरकार का फैसला: इटावा-बरेली-लखनऊ से आए अधिकारी संभालेंगे जिम्मा
- 3 नए अफसरों को मिली कमान

गोंडा, समृद्धि न्यूज़।

उत्तर प्रदेश सरकार ने प्रशासन को चुस्त-दुरुस्त करने के लिए रविवार की देर रात 182 पीसीएस अधिकारियों की तैनाती में बड़े पैमाने पर फेरबदल किया है। इसी क्रम में गोंडा जिले में भी बड़ा बदलाव हुआ है। कर्नलगंज की तेजतर्रार व चर्चित एसडीएम नेहा मिश्रा सहित जिले के 4 पीसीएस अधिकारियों का तबादला कर दिया गया है, वहीं 3 नए अधिकारियों को गोंडा की जिम्मेदारी सौंपी गई है। प्रशासनिक सूत्रों के अनुसार यह तबादला प्रशासनिक सुगमता और बेहतर कार्यशैली को ध्यान में रखते हुए किया गया है। शासन द्वारा जारी आदेश के अनुसार नेहा मिश्रा कर्नलगंज एसडीएम को आजमगढ़ एसडीएम, विश्वामित्र सिंह गोंडा एसडीएम को सिद्धार्थनगर एसडीएम, विशाल कुमार को गोंडा से सोनभद्र एसडीएम, अवनीश त्रिपाठी मनकापुर एसडीएम को महाराजगंज एसडीएम बनाया गया है। गोंडा में अब 3 नए अधिकारी सविता शुक्ला अब तक लखनऊ में सहायक निदेशक, स्थानीय निकाय निदेशालय को गोंडा एसडीएम, कुमार सत्यमजीत आरआर 2021 बैच, इटावा एसडीएम को गोंडा एसडीएम, उदित पंवार आरआर 2021 बैच, बरेली एसडीएम को गोंडा में एसडीएम तैनात किया गया हैं। तीनों अधिकारियों को जल्द से जल्द कार्यभार ग्रहण करने के निर्देश दिए गए हैं।

कर्नलगंज, मनकापुर और तरबगंज को नई उम्मीद

गोंडा जिले की कर्नलगंज तहसील और हलधरमऊ, मनकापुर, तरबगंज जैसे विकासखंडों में सड़क, राजस्व और कानून-व्यवस्था से जुड़े कई मामले लंबित हैं। कर्नलगंज की चर्चित एसडीएम नेहा मिश्रा के तबादले के बाद अब नए अधिकारियों से ग्रामीणों को काफी उम्मीदें हैं कि जनसमस्याओं का निस्तारण तेज होगा। जिला प्रशासन के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि नए एसडीएम के आते ही प्राथमिकता के आधार पर फील्ड विजिट कर समस्याओं का समाधान कराया जाएगा।

एनसीसी बी प्रमाण पत्र वितरण समारोह संपन्न

- जनपद में 479 कैडेटों ने बी प्रमाण पत्र की परीक्षा उत्तीर्ण की

गोन्डा, समृद्धि न्यूज़। स्थानीय 48 यूपी बटालियन एनसीसी वाहिनी गोंडा द्वारा टाउन हॉल में एक वृहद कार्यक्रम के अंतर्गत गोंडा जनपद के सभी विद्यालयों से एनसीसी बी प्रमाण पत्र उत्तीर्ण कैडेटो को प्रमाण पत्र वितरित किया गया। गोंडा जनपद में 479 कैडेटों ने बी प्रमाण पत्र की परीक्षा उत्तीर्ण की। देवीपाटन मंडल के पुलिस उपमहानिरीक्षक अशोक कुमार शुक्ला द्वारा अल्फा ग्रेडिंग पाए हुए कैडेटों को प्रमाण पत्र प्रदान किया गया। 48 यूपी बटालियन एनसीसी गोंडा के प्रशासनिक अधिकारी लेफ्टिनेंट कर्नल गौरव तिवारी एवं बटालियन सूबेदार मेजर अनंगपाल सिंह ने उपमहानिरीक्षक देवीपाटन मंडल का स्वागत किया एवं प्रशासनिक अधिकारी लेफ्टिनेंट कर्नल गौरव तिवारी ने स्वागत करते हुए कहा कि यह क्षण कैडेटों के जीवन में यादगार क्षण रहेगा। बी प्रमाण पत्र उत्तीर्ण कैडेट आगामी लक्ष्य को तय करते हुए अपनी मंजिल तक पहुंचेंगे। पुलिस उपमहानिरीक्षक अशोक कुमार ने कहा कि मैं भी एक एनसीसी कैडेट रह चुका हूं और सेना के तौर तरीके एवं प्रशिक्षण से परिचित हूं। मेरे जीवन में अनुशासन की नींव एनसीसी से ही पड़ी जो आज तक विद्यमान है। कैडेट भावी भविष्य के राष्ट्र निर्माता है और भाग्यशाली है कि सेना के साथ रहकर प्रशिक्षण प्राप्त किए हैं। कैडेटों के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए सभी का आभार व्यक्त किया। कर्नल गौरव तिवारी द्वारा बटालियन की तरफ से स्मृति चिन्ह प्रदान किया गया। कैडेट अन्वेषा दुबे, आरुषि त्रिपाठी, प्रणव पाठक, ओमकार वर्मा, दिशा तिवारी, शिव गिरिजेश तिवारी, गणेश पांडे ने इस अवसर को स्वर्णिम अवसर बताया।मंच संचालन अमित शुक्ला द्वारा किया गया। इस अवसर पर मेजर डॉ. राजेश द्विवेदी, मेजर राजाराम, कैप्टन एन के मिश्रा, लेफ्टिनेंट हरिनाथ सिंह, लेफ्टिनेंट हरेंद्र, लेफ्टिनेंट संजय शुक्ला, लेफ्टिनेंट अमिताभ पांडे सहित समस्त विद्यालयों के केयरटेकर अधिकारी एवं बटालियन के समस्त भारतीय सेना के सदस्य मौजूद रहे।

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी का भव्य स्वागत

- जेसीबी से हुई पुष्पवर्षा, भारतीय संस्कृति और शौर्य के प्रतीक के रूप में भेंट किया गदा

बहराइच, समृद्धि न्यूज़। भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी के सोमवार को पयागपुर आगमन पर कार्यकर्ताओं ने उनका भव्य एवं ऐतिहासिक स्वागत किया। पयागपुर बस स्टैंड चौराहा भाजपा के झंडों और स्वागत बैनरों से सजा नजर आया। जैसे ही प्रदेश अध्यक्ष का काफिला चौराहे पर पहुंचा, भाजपा कार्यकर्ताओं ने जोरदार नारेबाजी के बीच उनका अभिनंदन किया। इस दौरान जेसीबी मशीन से पुष्पवर्षा कर प्रदेश अध्यक्ष का गर्मजोशी से स्वागत किया गया। स्वागत कार्यक्रम का नेतृत्व क्षेत्रीय विधायक सुभाष त्रिपाठी ने किया। उन्होंने प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी का माल्यार्पण कर उनका अभिनंदन किया तथा भारतीय संस्कृति और शौर्य के प्रतीक के रूप में उन्हें गदा भेंट कर सम्मानित किया। प्रदेश अध्यक्ष ने कार्यकर्ताओं का अभिवादन स्वीकार करते हुए संगठन की मजबूती और आगामी कार्यक्रमों को लेकर सभी से सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया। कार्यक्रम के दौरान बस स्टैंड चौराहा भाजपा कार्यकर्ताओं से खचाखच भरा रहा। कार्यकर्ताओं में प्रदेश अध्यक्ष के स्वागत को लेकर विशेष उत्साह दिखाई दिया। स्वागत स्थल पर 'भारत माता की जय' और 'भारतीय जनता पार्टी जिंदाबाद' के नारों से माहौल गूंज उठा। सुरक्षा व्यवस्था के लिए पुलिस एवं प्रशासन भी पूरी तरह मुस्तैद रहा। इस अवसर पर सांसद प्रतिनिधि कमलेश सिंह, विधानसभा संयोजक निशंक त्रिपाठी, एमएलसी डॉ. प्रज्ञा त्रिपाठी, भाजपा जिलाध्यक्ष बृजेश पांडेय, उमाशंकर तिवारी, कपि सिंह, आनंद पांडेय, जिला पंचायत सदस्य रामजनक सिंह सहित बड़ी संख्या में भाजपा पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे। प्रदेश अध्यक्ष का यह स्वागत कार्यक्रम संगठन की एकजुटता और कार्यकर्ताओं के उत्साह का प्रतीक बना। पूरे आयोजन में अनुशासन और उत्साह का अनूठा संगम देखने को मिला। वहीं, स्थानीय लोग भी इस भव्य स्वागत समारोह को देखने के लिए बड़ी संख्या में मौजूद रहे और कार्यक्रम का हिस्सा बने।

निशानगाड़ा रेंज में तेंदुए का आतंक, एक रात में 7 बकरियों पर हमला, 5 की मौत

बहराइच, समृद्धि न्यूज़। कतर्नियाघाट वन्यजीव प्रभाग के निशानगाड़ा रेंज अंतर्गत कुटिया और मुखिया फार्म गांव में तेंदुए के ताबड़तोड़ हमले से ग्रामीणों में दहशत है। बीती रात तेंदुए ने एक ही रात में 7 बकरियों पर हमला कर दिया। इसमें 5 बकरियों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि 2 गंभीर रूप से घायल हैं। लगातार हो रहे हमलों से कुटिया और मुख्य फार्म के लोग खौफ के साए में जीने को मजबूर हैं। रात होते ही लोग घरों में दुबक जा रहे हैं।घटना की सूचना मिलते ही वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची और मुआवजे की प्रक्रिया शुरू की। टीम ने पिंजरा लगाने और गश्त बढ़ाने का भी आश्वासन दिया है। ग्रामीण व गजमित्र अशोक कुमार ने वन विभाग से रात में पेट्रोलिंग बढ़ाने और तेंदुए को जल्द पकड़ने की मांग की है।

प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी के प्रथम बार कैसरगंज आगमन पर हुआ भव्य स्वागत

- भाजपा कार्यकर्ताओं ने दिखाई संगठन की ताकत

कैसरगंज, बहराइच समृद्धि न्यूज़।

विधान सभा कैसरगंज में भारतीय जनता पार्टी के उत्तर प्रदेश अध्यक्ष एवं केंद्रीय मंत्री पंकज चौधरी तथा अवध क्षेत्र के अध्यक्ष अवधेश द्विवेदी के प्रथम आगमन पर विधानसभा क्षेत्र में भाजपा कार्यकर्ताओं ने अभूतपूर्व उत्साह के साथ भव्य स्वागत किया। पूर्व कैबिनेट मंत्री मुकुट बिहारी वर्मा के नेतृत्व में घाघराघाट से लेकर क्षेत्रीय भाजपा कार्यालय कैसरगंज तक स्वागत यात्रा निकाली गई।पूरे मार्ग पर कार्यकर्ताओं ने फूल-मालाओं, अंगवस्त्रों और जयघोष के साथ दोनों नेताओं का आत्मीय अभिनंदन किया। 'भारत माता की जय' और 'भारतीय जनता पार्टी जिंदाबाद' के नारों से पूरा क्षेत्र गूंज उठा। जगह-जगह स्वागत द्वार सजाए गए और कार्यकर्ताओं में उत्साह देखते ही बन रहा था।इस अवसर पर विधानसभा संयोजक गौरव वर्मा, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष विजय कुमार सिंह, अरविन्द कुमार सिंह,ब्लॉक प्रमुख संदीप सिंह विसेन, नीरज श्रीवास्तव एडवोकेट, शिव सहाय सिंह, मंडल अध्यक्ष शिवानन्द सिंह, बुद्धिसागर गुप्ता,गजेन्द्र सिंह, पवन कुमार सिंह सहित भाजपा के अनेक पदाधिकारी एवं हजारों की संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

गौ माता के अनन्य भक्त थे महाराजा सुहेलदेव: शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती

- भाजपा के हिंदू नकली हिंदू, यह गाय को राष्ट्रमाता का नहीं दे रहे हैं दर्जा: शंकराचार्य
- गौ संरक्षण पर सरकार को घेरा, गाय को राज्य माता घोषित करने की मांग

बहराइच, समृद्धि न्यूज़। 81 दिवसीय गविष्ठि (गो-रक्षार्थ धर्मयुद्ध) यात्रा पर निकले जगद्गुरू शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती महाराज सोमवार को महसी विधानसभा के बलभद्र सिंह इंटर कालेज एरिया परिसर पहुंचे। यहां पूर्व विधायक केके ओझा के नेतृत्व में सनातनियों ने उनका भव्य स्वागत व पादुका पूजन किया। अपने संबोधन में शंकराचार्य ने कहा कि गाय में विदेशी मांस व हम लोग दूध देखते हैं जबकि गाय हमारी माता है। इसके शरीर में 33 कोटि देवताओं का वास है। गाय का दूध अमृत तो है ही लेकिन उसका मल मूत्र भी औषधि है। उन्होंने अपने वक्तव्य में राष्ट्रवीर महाराजा सुहेलदेव के अदम्य साहस और उनकी अनन्य गौ-भक्ति का सजीव चित्रण किया। शंकराचार्य ने प्रतिपादित किया कि महाराजा सुहेलदेव मात्र एक पराक्रमी योद्धा ही नहीं, अपितु एक परम गौ-सेवक भी थे, जिनके हृदय में सनातन संस्कृति के प्रतीकों के प्रति अगाध श्रद्धा थी। जब आक्रांता सालार मसूद गाजी ने बहराइच की पावन धरा पर आक्रमण किया, तो उसने सनातन धर्म की करुणा और महाराजा सुहेलदेव की गौ-निष्ठा का अनुचित लाभ उठाने का कुत्सित प्रयास किया। उसने कूटनीति के तहत अपनी सेना के अग्रभाग में असहाय गायों को ढाल के रूप में खड़ा कर दिया, ताकि धार्मिक और नैतिक बंधनों में बंधे महाराजा सुहेलदेव उसकी सेना पर शस्त्र प्रहार न कर सकें। किंतु, राष्ट्र रक्षा और धर्म रक्षा के लिए कटिबद्ध महाराजा सुहेलदेव ने इस विकट परिस्थिति में भी अपूर्व युद्ध-कौशल और विवेक का परिचय दिया। उन्होंने अपनी सेना को दो रणनीतिक टुकड़ियों में विभक्त कर आक्रांताओं को चारों ओर से घेर लिया। अपनी कुशाग्र युद्ध-नीति के बल पर उन्होंने गौ-माता को लेशमात्र भी क्षति पहुँचाए बिना, आततायी सालार मसूद गाजी और उसकी समूची हिंसक सेना का समूल नाश कर दिया। महाराजा सुहेलदेव का यह शौर्य पराक्रम न केवल एक साम्राज्य की रक्षा का आख्यान है।

ओवरब्रिज के क्षतिग्रस्त होने पर ग्रामीणों ने जताई हादसे की आशंका

- डायल 112 पुलिस ने किया निरीक्षण

कैसरगंज, बहराइच समृद्धि न्यूज़। थाना जरवल रोड क्षेत्र में लखनऊ बहराइच ओवरब्रिज के लगभग 8 पैनल क्षतिग्रस्त हो गए हैं जिसमें से दो पैनल टूट कर नीचे भी टुकड़े गिरे हैं। क्षतिग्रस्त होने से ग्रामीणों में भय का माहौल है। सूचना मिलने पर डायल 112 पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति का जायजा लेकर संबंधित अधिकारियों को अवगत कराया। जानकारी के अनुसार, कॉलर शिवा सिंह पुत्र विमल सिंह ने डायल 112 पर सूचना दी कि ओवरब्रिज के नीचे वन विभाग बांध के सामने निकलने वाले रास्ते पर ग्रामीणो ने देखा तब पता चला ओवरब्रिज में ऊपर किनारे लगे दो पत्थर पूरी तरह क्षतिग्रस्त होकर नीचे की ओर झुक गए हैं। इसके अलावा छह अन्य पत्थर भी क्षतिग्रस्त हैं। पुल की दीवारों में पीपल के बड़े-बड़े पेड़ उग आए हैं, जिससे संरचना कमजोर होती जा रही है।

ग्रामीणों का कहना है कि पुल के ऊपर वर्षा का पानी निकालने के लिए पर्याप्त निकासी पाइप नहीं हैं। बरसात के दौरान पानी भरने से पुल की स्थिति और खराब हो गई है।

उनका आरोप है कि यदि कोई भारी वाहन तेज झटके के साथ ओवर ब्रिज पुल से गुजरता है तो यह कभी भी ध्वस्त हो सकती है, जिससे बड़ा हादसा होने की आशंका है।

युवा चिकित्सक तीन वर्ष ग्रामीण क्षेत्रों में सेवा देने का संकल्प लें : राज्यपाल

लखनऊ, समृद्धि न्यूज।

उत्तर प्रदेश की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल की अध्यक्षता में सोमवार को किंग जॉर्ज चिकित्सा विश्वविद्यालय का 22वां दीक्षांत समारोह सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर विद्यार्थियों को 1707 उपाधियां प्रदान की गईं तथा शैक्षणिक उत्कृष्टता के लिए 20 विद्यार्थियों को कुल 54 पदकों से सम्मानित किया गया।

दीक्षांत समारोह को संबोधित करते हुए राज्यपाल ने युवा चिकित्सक अपने जीवन के प्रारंभिक वर्षों में कम से कम तीन वर्ष ग्रामीण क्षेत्रों में सेवा देने का आह्वान किया। साथ ही निजी अस्पताल एवं क्लिनिक संचालित करने वाले चिकित्सकों से निर्धन एवं जरूरतमंद मरीजों को निःशुल्क अथवा रियायती उपचार उपलब्ध कराने का आग्रह किया। उन्होंने युवा चिकित्सकों से निरंतर अध्ययन, अनुसंधान और नवाचार को अपनाने के साथ-साथ अपने स्वास्थ्य का भी ध्यान रखने का आह्वान किया।

▸ निजी अस्पताल एवं क्लिनिक संचालित करने वाले चिकित्सकों से निर्धन एवं जरूरतमंद मरीजों को निःशुल्क अथवा रियायती उपचार उपलब्ध कराने का किया आग्रह

राज्यपाल ने कहा कि चिकित्सा केवल आजीविका का साधन नहीं, बल्कि सेवा, संवेदना और समर्पण का सर्वोच्च माध्यम है। रोगी चिकित्सक के पास केवल उपचार के लिए नहीं, बल्कि जीवन की आशा लेकर आता है। ऐसे में चिकित्सकों का संवेदनशील व्यवहार, धैर्य और विश्वास से भरे शब्द भी कई बार दवा से अधिक प्रभावी सिद्ध होते हैं।

रोगी के प्रति चिकित्सकों का व्यवहार संवेदनशील, सहानुभूतिपूर्ण एवं आत्मीय होना चाहिए

राज्यपाल ने कहा कि वर्ष 1905 में स्थापित किंग जॉर्ज चिकित्सा विश्वविद्यालय चिकित्सा शिक्षा, अनुसंधान एवं उत्कृष्ट स्वास्थ्य सेवाओं का देश का प्रतिष्ठित संस्थान है। विश्वविद्यालय की ओपीडी में प्रतिवर्ष लगभग 19 लाख मरीजों की सेवा होती है। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय गाइनेकोलॉजिकल ऑन्कोलॉजी, संक्रामक रोग सेवाओं, पेन मेडिसिन, ट्रॉमा क्रिटिकल केयर, रोबोटिक सर्जरी तथा बोन मैरो ट्रांसप्लांट जैसी अत्याधुनिक चिकित्सा सुविधाओं के माध्यम से मरीजों को गुणवत्तापूर्ण उपचार उपलब्ध करा रहा है। प्रदेश की पहली रोबोटिक ह्यूमन कैडेवेरिक वेट लैब की स्थापना तथा हॉस्पिटल रिवॉल्विंग फंड के माध्यम से किफायती दरों पर दवाओं एवं स्वास्थ्य सेवाओं की उपलब्धता की सराहना करते हुए उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि विश्वविद्यालय चिकित्सा शिक्षा, अनुसंधान, नवाचार एवं मानवीय स्वास्थ्य सेवाओं के क्षेत्र में भविष्य में भी नई ऊंचाइयां स्थापित कर प्रदेश और देश का गौरव बढ़ाएगा। राज्यपाल ने कहा कि एक चिकित्सक का हृदय करुणा से परिपूर्ण, मस्तिष्क ज्ञान एवं विज्ञान से समृद्ध तथा हाथ सदैव सेवा के लिए तत्पर होने चाहिए। प्रत्येक रोगी के प्रति चिकित्सकों का व्यवहार संवेदनशील, सहानुभूतिपूर्ण एवं आत्मीय होना चाहिए तथा किसी भी मरीज को समय पर उपचार और उचित परामर्श से वंचित नहीं रहना चाहिए।

अपराधियों के लिए यूपी में जगह नहीं, करें सख्त कार्रवाई : सीएम

लखनऊ, समृद्धि न्यूज।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को जनता दर्शन किया। उन्होंने प्रदेश भर से आए हर फरियादी से मुलाकात की, उनकी शिकायत सुनी और अधिकारियों को समाधान के निर्देश दिए। अवैध कब्जे से जुड़े मामले में मुख्यमंत्री ने कहा कि शिकायत मिलने पर ऐसे मामलों की सख्ती से जांचकर दोषियों पर कड़ी कार्रवाई करें। धमकी के मामले में मुख्यमंत्री ने कहा कि अपराधियों के लिए यूपी में कोई जगह नहीं है, पुलिस ऐसे लोगों पर सख्त कार्रवाई करे।

मुख्यमंत्री योगी के समक्ष अवैध कब्जे से जुड़े मामले आये। पीड़ितों ने आरोपितों पर धमकी देने का भी आरोप लगाया।

मुख्यमंत्री ने फरियादियों के प्रार्थना पत्र लेकर शासन के अधिकारियों को प्रेषित किया। उन्होंने कहा कि प्रदेश में अपराधियों के लिए कोई जगह नहीं है। अवैध कब्जा करने व धमकी देने वालों के खिलाफ कार्रवाई करें। साथ ही अपराध व कब्जे से जुड़े मामलों की विवेचना में तेजी कर पीड़ितों को ससमय न्याय और दोषियों को दंड दिलाया जाय। गाजियाबाद, मेरठ व नोएडा से जुड़े एक बिल्डर की शिकायत भी जनता दर्शन के माध्यम से मुख्यमंत्री तक पहुंची।

पीड़ितों ने बताया कि बिल्डर ने एक ही फ्लैट कई लोगों को रजिस्ट्री कर दिया है। इस पर मुख्यमंत्री ने इस प्रकरण को गम्भीरता से लिया और कहा कि जांच में बिल्डर के दोषी मिलने पर उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई कर पीड़ितों को न्याय दिलाना सुनिश्चित किया जाय।

खबरें एक नजर में

अभाविप ने लखनऊ विश्वविद्यालय के शिक्षकों को किया सम्मानित

लखनऊ, समृद्धि न्यूज। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (अभाविप)प्रतिनिधिमंडल नेसोमवार को अध्यापकों को सम्मानित किया। प्रतिनिधिमंडल ने लखनऊ विश्वविद्यालय हिंदी एवं आधुनिक भारतीय भाषा विभाग के डॉ राहुल पाण्डेय की प्रोफेसर पद की प्रोन्नति एवं हबीबुल्लाह छात्रावास का अभिरक्षक बनाए जाने तथा राजनीति विज्ञान विभाग के डॉ. जितेंद्र कुमार को आचार्य नरेंद्र देव छात्रावास के सहायक अभिरक्षक पद की अतरिक्त जिम्मेदारी मिलने पर एबीवीपी ने स्वागत किया और उन्हें पुस्तक भेंट कर व माला पहनाकर सम्मानित किया। अभाविप छात्र शक्ति पत्रिका पूर्वी उत्तर प्रदेश के संयोजक विकास तिवारी ने बताया कि अभाविप का प्रत्येक कार्यकर्ता अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के मुख्य शिल्पकार रहे प्रोफेसर यशवंतराव केलकर का मानना था कि शिक्षक केवल ज्ञान देने वाले माध्यम नहीं हैं, बल्कि वे समाज के निर्माण और राष्ट्र के पुनर्निर्माण में अग्रणी भूमिका निभाने वाले मार्गदर्शक हैं। विद्यार्थी परिषद का प्रत्येक छात्र किसी भी कठिन घड़ी के समय शिक्षकों का मार्गदर्शन प्राप्त कर आगे का मार्ग प्रशस्त करता है। हमारा दायित्व है कि शिक्षकों को हम अपने ज्ञान की संचित की हुई पूंजी समझकर उनका सम्मान करें। अभाविप लखनऊ उत्तर जिला के संयोजक अभिषेक सिंह ने बताया कि परिषद अपने स्थापनाकाल से ही प्रत्येक वर्ष शिक्षक दिवस के अवसर पर शिक्षकों को सम्मानित करता आ रहा है। साथ ही उनके विचारों से प्रेरणा लेता है। इस अवसर पर अभाविप के कार्यकर्ता उदित सिंह, शिवांशु यादव, आकाश अग्निहोत्री व अन्य उपस्थित रहे।

वेतन न मिलने पर सीएम हेल्पलाइन कर्मचारियों का प्रदर्शन

लखनऊ, समृद्धि न्यूज। मुख्यमंत्री हेल्पलाइन (1076) में कार्यरत कर्मचारियों ने वेतन का भुगतान नहीं होने के विरोध में सोमवार को साइबर टावर, गोमती नगर के विभूति खंड स्थित 1076 कार्यालय के बाहर प्रदर्शन किया। बकाया वेतन की मांग को लेकर करीब 250 से अधिक कर्मचारी कार्यालय के बाहर एकत्र हुए और नारेबाजी करते हुए जल्द भुगतान की मांग की। प्रदर्शन के चलते कार्यालय परिसर के बाहर काफी देर तक कर्मचारियों की भीड़ लगी रही। प्रदर्शन कर रहे कर्मचारियों का कहना है कि लंबे समय से वेतन का भुगतान नहीं होने से उनके सामने आर्थिक संकट खड़ा हो गया है। उन्होंने बताया कि घर का खर्च, बच्चों की पढ़ाई, किराया और अन्य जरूरी भुगतान प्रभावित हो रहे हैं। कर्मचारियों का आरोप है कि कई बार संबंधित अधिकारियों और प्रबंधन के समक्ष अपनी समस्या रखी गई, लेकिन अब तक कोई समाधान नहीं निकला। कर्मचारियों ने मांग की कि लंबित वेतन का तत्काल भुगतान किया जाए और भविष्य में समय पर वेतन जारी करने की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। उनका कहना है कि नियमित रूप से सेवाएं देने के बावजूद उन्हें अपने वेतन के लिए आंदोलन करने को मजबूर होना पड़ रहा है। प्रदर्शनकारी कर्मचारियों ने चेतावनी दी कि यदि जल्द उनकी मांगें पूरी नहीं की गईं तो आंदोलन को और व्यापक किया जाएगा। जरूरत पड़ने पर अनिश्चितकालीन धरना और अन्य लोकतांत्रिक विरोध कार्यक्रम भी आयोजित किए जाएंगे। प्रदर्शन के दौरान विभूति खंड स्थित 1076 कार्यालय के बाहर बड़ी संख्या में कर्मचारी मौजूद रहे। मौके पर स्थिति शांतिपूर्ण रही। समाचार लिखे जाने तक प्रबंधन या संबंधित अधिकारियों की ओर से कर्मचारियों की मांगों पर कोई आधिकारिक प्रतिक्रिया सामने नहीं आई थी।

कार रेलिंग तोड़ डिवाइडर से टकराई, दो युवक गंभीर

लखनऊ, समृद्धि न्यूज। राजधानी लखनऊ के कैसरबाग में सोमवार सुबह तेज रफ्तार के कारण बड़ा हादसा हो गया। गुरु गोविंद सिंह मार्ग स्थित पीआर पैलेस के पास एक बलेनो कार अनियंत्रित होकर रेलिंग तोड़ते हुए डिवाइडर से टकरा गई। हादसे में कार सवार दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। दोनों का इलाज केजीएमयू ट्रॉमा सेंटर में चल रहा है। पुलिस के अनुसार सोमवार सुबह करीब 6.46 बजे पीआरवी के माध्यम से दुर्घटना की सूचना मिली। मौके पर पहुंची पुलिस ने देखा कि मारुति बलेनो (यूपी 32जेवाई 6929) ओवरब्रिज से उतरते समय अनियंत्रित होकर रेलिंग और डिवाइडर से टकरा गई। टक्कर इतनी जोरदार थी कि कार का अगला हिस्सा पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। हादसे में घायल सुमाल्या तिवारी (20 वर्ष) और ओम गुप्ता को पीआरवी कर्मियों ने तत्काल सिविल अस्पताल पहुंचाया। वहां इलाज के बाद दोनों की गंभीर हालत को देखते हुए डॉक्टरों ने उन्हें केजीएमयू ट्रॉमा सेंटर रेफर कर दिया। दोनों का इलाज जारी है और परिजन अस्पताल में मौजूद हैं। पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण कर आवश्यक साक्ष्य जुटाए। शुरुआती जांच और प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार तेज रफ्तार के कारण कार अनियंत्रित होकर दुर्घटनाग्रस्त हुई। वाहन मालिक की पहचान होने के बाद क्षतिग्रस्त कार उन्हें सौंप दी गई। फिलहाल कैसरबाग पुलिस मामले की जांच कर आगे की कानूनी कार्रवाई कर रही है।

नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री ने आवास पर की जनसुनवाई

लखनऊ, समृद्धि न्यूज।

उ.प्र. सरकार के नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री ए. के. शर्मा ने सोमवार को लखनऊ स्थित अपने सरकारी आवास पर जनसुनवाई कर विभिन्न जनपदों से आए फरियादियों की समस्याएं गंभीरता से सुनीं। उन्होंने स्पष्ट कहा कि प्रदेश सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता आमजन की समस्याओं का त्वरित, पारदर्शी एवं गुणवत्तापूर्ण समाधान सुनिश्चित करना है। जनसुनवाई के दौरान उन्होंने संबंधित अधिकारियों को कई मामलों में तत्काल कार्रवाई करते हुए समयबद्ध निस्तारण के निर्देश दिए।

जनसुनवाई में पेयजल, आवास, सफाई, विद्युत बिल संशोधन, अतिक्रमण हटाने, स्वास्थ्य सुविधाओं सहित अन्य जनसमस्याओं से जुड़े अनेक प्रकरण सामने आए। मंत्री श्री शर्मा ने प्रत्येक शिकायत को गंभीरता से सुनते हुए संबंधित विभागों के अधिकारियों से दूरभाष पर बात की तथा सभी मामलों का प्राथमिकता के आधार पर समाधान सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

▸ जनता की समस्याओं पर सरकार संवेदनशील, मंत्री ने दिए तत्काल निस्तारण के निर्देश

लखनऊ निवासी विजय ने स्वास्थ्य संबंधी गंभीर समस्या बताते हुए आर्थिक सहायता की मांग की। इस पर मंत्री ए. के. शर्मा ने तत्काल अधिकारियों को निर्देशित करते हुए उनका किंग जॉर्ज चिकित्सा विश्वविद्यालय (केजीएमयू) में बेहतर एवं समुचित उपचार सुनिश्चित कराने को कहा। इसी क्रम में गोमतीनगर, लखनऊ से आए एक शिकायतकर्ता ने पेयजल की समस्या से अवगत कराया।

मंत्री श्री शर्मा ने तत्काल नगर आयुक्त गौरव कुमार से दूरभाष पर वार्ता कर समस्या का शीघ्र एवं स्थायी समाधान सुनिश्चित करने के निर्देश दिए, ताकि क्षेत्रवासियों को किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े। जनपद इटावा से आए फरियादी अतुल कुमार ने ट्राई साइकिल उपलब्ध कराने का अनुरोध किया। मंत्री ए. के. शर्मा ने संवेदनशीलता दिखाते हुए जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी, इटावा को तत्काल ट्राई साइकिल उपलब्ध कराने के निर्देश दिए, जिससे उन्हें दैनिक जीवन में सुविधा मिल सके। जनसुनवाई के दौरान मंत्री ए. के. शर्मा ने कहा कि प्रदेश सरकार मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में जनसेवा और सुशासन के संकल्प को पूरी प्रतिबद्धता के साथ आगे बढ़ा रही है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि प्रत्येक शिकायत का निस्तारण संवेदनशीलता, पारदर्शिता और निर्धारित समयसीमा के भीतर किया जाए तथा किसी भी फरियादी को अनावश्यक रूप से कार्यालयों के चक्कर न लगाने पड़ें। उन्होंने कहा कि जनता की संतुष्टि ही सरकार की सबसे बड़ी प्राथमिकता है और प्रत्येक पात्र व्यक्ति को शासन की योजनाओं का लाभ समय पर मिलना चाहिए।

उ.प्र. की सांस्कृतिक पहचान को नई ऊंचाइयों तक पहुंचा रही हैं विकास परियोजनाएं : जयवीर

लखनऊ, समृद्धि न्यूज।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश में सांस्कृतिक विरासत के संरक्षण और विकास को नई गति मिल रही है। प्रदेश के अलग-अलग जिलों में संस्कृति विभाग की लगभग 119.47 करोड़ रुपये की लागत वाली 21 महत्वपूर्ण परियोजनाएं पूरी हो चुकी हैं। इनमें रामलीला स्थलों का विकास, सांस्कृतिक केंद्र, स्मारक, संग्रहालय, संगीत महाविद्यालय और नाट्य संस्थानों के आधुनिकीकरण जैसी परियोजनाएं शामिल हैं, जो प्रदेश की सांस्कृतिक पहचान को नई मजबूती देने के साथ पर्यटन को भी बढ़ावा देंगी। और जल्द ही ये सभी परियोजनाएं जनमानस के लिए लोकार्पित की जाएंगी।

इस पर प्रदेश के संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह ने बताया कि, विभाग की अद्यतन प्रगति रिपोर्ट के अनुसार मैनपुरी, गोरखपुर, बांदा, फिरोजाबाद, हरदोई, कुशीनगर, प्रतापगढ़, अलीगढ़, बलिया और अन्य जनपदों में सार्वजनिक रामलीला स्थलों के सौंदर्यीकरण, बाउंड्रीवाल, मंच, गेट, शेड, छाया कुंज और अन्य विकास कार्य पूरे हो चुके हैं। उन्होंने बताया प्रदेश में सांस्कृतिक अधोसंरचना को मजबूत करने की दिशा में कई महत्वपूर्ण परियोजनाएं भी पूरी हो चुकी हैं।

सहायक शिक्षक भर्ती : अभ्यर्थियों ने जिलों के डीएम के जरिए मुख्यमंत्री को भेजा ज्ञापन

लखनऊ, समृद्धि न्यूज।

68500 सहायक अध्यापक शिक्षक भर्ती 2018 के परिणाम संशोधित किए के संबंध में राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग की सिफारिश लागू किए जाने को लेकर अभ्यर्थियों ने सोमवार को प्रदेश के समस्त जिलों में जिलाधिकारी के माध्यम से मुख्यमंत्री को ज्ञापन भेजा। ज्ञापन के माध्यम से अभ्यर्थियों ने राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग की सिफारिश को लागू किए जाने की मांग की है।

मामले की पैरवी कर रहे अभ्यर्थी तूफान सिंह ने बताया कि उत्तर प्रदेश राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग ने हाल ही में 68,500 सहायक अध्यापक भर्ती परीक्षा-2018 के प्रकरण में फिर से ओबीसी अभ्यर्थियों को अर्हता अंक में पांच प्रतिशत की छूट दिए जाने का फैसला सुनाया है। आयोग ने 5 जनवरी 2022 को दी गई संस्तुति को पुनः प्रभावी रखने का निर्णय लिया है। वहीं, आरक्षण नियमों का पालन न करने वाले अधिकारियों व कर्मियों पर कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं।

अध्यापक भर्ती परीक्षा-2018 में ओबीसी अभ्यर्थियों को 150 अंक में से 60 अंक यानी 40 प्रतिशत अंक होने पर उत्तीर्ण माना जाए। आयोग ने बेसिक शिक्षा विभाग को निर्देश दिए कि परीक्षा परिणाम को संशोधित कर उत्तीर्ण अभ्यर्थियों की सूची आयोग को उपलब्ध कराई जाए। इसी को लेकर अभ्यर्थियों ने सभी जिला मुख्यालयों पर जिलाधिकारियों के माध्यम से मुख्यमंत्री को ज्ञापन भेजा है। जिसमें सीतापुर से आशुतोष वर्मा, प्रतापगढ़ से अखिल यादव, गोरखपुर से विमलेश गुप्ता, संतकबीर नगर से दुर्गा प्रसाद , मेरठ से रेखा वर्मा, एटा से पंकज गोस्वामी, ललितपुर से शिशुपाल सिंह लोधी, आगरा से काशिफ हुसैन, वाराणसी से पंकज मौर्य, हरदोई से सुधीर विश्वकर्मा, बिजनौर से सत्यवती नागर और कुशीनगर से राकेश साहनी आदि के नेतृत में प्रत्येक जिले में सैकड़ो अभ्यर्थियों ने जिलाधिकारी को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा।

सभी पक्षों के सुझावों के बाद ही फाइनल होगी रिपोर्ट : अनुराग

लखनऊ, समृद्धि न्यूज।

भाजपा सांसद अनुराग ठाकुर सोमवार को लखनऊ पहुंचे। उन्होंने बताया कि प्रस्तावित वन नेशन, वन इलेक्शन कानून की जांच कर रही संयुक्त संसदीय समिति (जेपीसी) देशभर में राजनीतिक दलों, सरकारी अधिकारियों और अन्य हितधारकों से सुझाव ले रही है। समिति सभी पक्षों की राय और सुझावों को शामिल करने के बाद ही एक साथ चुनाव कराने से जुड़े विधेयक पर अपनी रिपोर्ट को अंतिम रूप देगी।

भाजपा सांसद अनुराग ठाकुर ने बात करते हुए कहा कि संयुक्त संसदीय समिति इस समय प्रस्तावित चुनाव सुधार को लेकर देशव्यापी परामर्श अभियान के तहत उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ पहुंची है। अनुराग ठाकुर ने कहा, वन नेशन, वन इलेक्शन

पर गठित संयुक्त संसदीय समिति कई राज्यों का दौरा कर चुकी है। इस दौरान राजनीतिक दलों, सरकारी अधिकारियों और सिविल सोसायटी के प्रतिनिधियों से बातचीत की जा रही है। सरकार द्वारा प्रस्तावित विधेयक को बेहतर बनाने के लिए सुझाव और संशोधन मांगे जा रहे हैं। इसका उद्देश्य देशभर में लोकसभा और राज्य विधानसभाओं के चुनाव एक साथ कराने की व्यवस्था तैयार करना है। उन्होंने कहा कि मौजूदा चुनाव प्रणाली के कारण बार-बार आदर्श आचार संहिता लागू होती है, जिससे शासन व्यवस्था प्रभावित होती है। अनुराग ठाकुर ने कहा कि वर्तमान व्यवस्था में पांच साल के दौरान कई बार आदर्श आचार संहिता लागू होती है, जिससे शासन व्यवस्था बाधित होती है और निवेश तथा विकास परियोजनाओं की गति प्रभावित होती है। इसके अलावा चुनावी प्रक्रिया अक्सर अन्य महत्वपूर्ण प्रशासनिक कार्यों पर हावी हो जाती है, क्योंकि बड़ी संख्या में सरकारी कर्मचारियों और संसाधनों को चुनावी ड्यूटी में लगाया जाता है। भाजपा नेता ने कहा कि वन नेशन, वन इलेक्शन को लेकर अलग-अलग राजनीतिक दलों के अपने-अपने विचार हैं। उन्होंने कहा, वन नेशन, वन इलेक्शन के विचार के समर्थन में काफी आंकड़े मौजूद हैं और इस प्रक्रिया में बड़ी संख्या में लोगों को शामिल किया जा रहा है। इन अलग-अलग तर्कों के बावजूद बड़ी संख्या में लोग वन नेशन, वन इलेक्शन पहल का समर्थन करते हैं।

भगवान जगन्नाथ के रथ को थाईलैंड के फूलों से सजाने की तैयारी

लखनऊ, समृद्धि न्यूज। राजधानी लखनऊ में भगवान जगन्नाथ के रथ को थाईलैंड के फूलों से सजाने की तैयारी है। 25-25 फीट ऊंचे रथ होंगे। रथ खींचने वाले श्रद्धालुओं को 256 तरह के प्रसाद बांटे जाएंगे। विंटेज कारों पर झांकियां निकाली जाएंगी। ये सब दृश्य राजधानी के अलग-अलग मंदिरों से 16 जुलाई को निकाली जाने वाली जगन्नाथ रथयात्रा में दिखाई देंगे। जगन्नाथ रथयात्रा में श्रद्धालुओं को भगवान जगन्नाथ, बलभद्र और सुभद्रा के रथ को खींचने का सौभाग्य मिलेगा। चारबाग, डालीगंज, राजाजीपुरम, अलीगंज, चौक आदि की रथयात्रा प्रमुख यात्राओं में गिनी जाती हैं। इस्कॉन मंदिर का रथ करीब 25 फीट ऊंचा होगा। अलीगंज का रथ भी लगभग 25 फीट ऊंचा रहेगा। चौक क्षेत्र में निकलने वाले रथ की ऊंचाई करीब 9 फीट, माधव मंदिर के रथ की ऊंचाई 15 से 20 फीट के बीच रहेगी, जबकि राजाजीपुरम के रथ की ऊंचाई करीब 12 फीट होगी।

रक्षा मंत्री को ईपीएस-95 पेंशनरों ने पेंशन बढ़ोतरी के लिए सौंपा ज्ञापन

लखनऊ, समृद्धि न्यूज।

ईपीएस-95 राष्ट्रीय संघर्ष समिति के एक प्रतिनिधिमंडल ने लखनऊ मंडल के उपाध्यक्ष आर. सी. मिश्रा के नेतृत्व में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह को संबोधित एक ज्ञापन सोमवार को उनके आवास कार्यालय में सौंपा। ज्ञापन में पिछले 12 वर्षों से पेंशन में एक रुपये की भी वृद्धि न होने और पेंशन अत्यंत कम होने पर रोष जताया गया है।

प्रतिनिधिमंडल की ओर से मांग की गई कि संसद के आगामी मानसून सत्र

में न्यूनतम पेंशन 7500 रुपये माह, डीए और पति-पत्नी को मुफ्त चिकित्सा सुविधा प्रदान की जाए। प्रतिनिधिमंडल ने कहा कि बार-बार मुलाकात कर अनुरोध करने के बावजूद पेंशन बढ़ोतरी न होने से देश के 81 लाख ईपीएस-95 पेंशनरों में रोष बढ़ता जा रहा है। प्रतिनिधिमंडल की ओर से बताया कि रक्षा मंत्री ने कहा कि वह पहले भी इस संबंध में श्रम मंत्री से कह चुके हैं और पुनः प्राथमिकता के आधार पर दिल्ली जाकर बात करेंगे और आपका काम शीघ्र कराने का प्रयास करेंगे। प्रतिनिधिमंडल में राष्ट्रीय सचिव राजीव भटनागर, राष्ट्रीय सलाहकार समिति के सदस्य राजशेखर नागर, प्रांतीय संगठन मंत्री पी. के. श्रीवास्तव, प्रांतीय कोषाध्यक्ष दिलीप पांडे, डीके मिश्रा संतोष सक्सेना, काजिम रजा आदि कई पेंशनर शामिल रहे।

उपलब्धि — देश के 27 प्रतिशत अमृत सरोवर उत्तर प्रदेश में

अमृत सरोवरों के निर्माण में उत्तर प्रदेश देश में पहले स्थान पर

समृद्धि न्यूज, लखनऊ।

उत्तर प्रदेश ने जल संरक्षण के क्षेत्र में ऐसा कीर्तिमान स्थापित किया है, जिसने पूरे देश के लिए एक नया मॉडल तैयार कर दिया है। राज्य में 20 हजार अमृत सरोवर बनाए जा चुके हैं और पिछले पांच वर्षों में करीब पौने दो लाख तालाबों का निर्माण व जीर्णोद्धार किया गया है। अमृत सरोवरों के निर्माण में उत्तर प्रदेश देश में पहले स्थान पर है और पूरे देश के कुल अमृत सरोवरों में करीब 27 प्रतिशत हिस्सेदारी अकेले उत्तर प्रदेश की है। सरकारी प्रवक्ता का कहना है कि पिछले पांच वित्तीय वर्षों में जल संबंधी कार्यों पर 16 हजार करोड़ रुपए से अधिक का काम किया गया, जिससे प्रदेश के ग्रामीण क्षेत्रों की तस्वीर बदल रही है। जल संरक्षण की इस व्यापक मुहिम का असर अब खेती, भूजल

स्तर, पर्यावरण और ग्रामीण अर्थव्यवस्था पर साफ दिखाई देने लगा है।

जल संरक्षण बढ़ाने के लिए पहले मनरेगा के तहत कुल 266 अनुमन्य कार्यों में से 78 कार्य जल संरक्षण से संबंधित रहे। वहीं, अब वीबी-जीराम-जी के तहत कुल 318 अनुमन्य कार्य हैं, जिनमें से 107 कार्य जल सुरक्षा एवं जल संरक्षण से संबंधित हैं। इनमें चेक डैम का निर्माण, सोक पिट का निर्माण, रुफ टॉप रेन वाटर हार्वेस्टिंग स्ट्रक्चर, तालाब का निर्माण, जलाशयों का पुनरोद्धार, बांधों का निर्माण, मेड़बन्दी, पौधारोपण शामिल हैं।

जल संरक्षण अभियान का सकारात्मक प्रभाव ग्रामीण आजीविका पर भी पड़ा है। अमृत सरोवरों में मत्स्य पालन, पशुपालन, सिंचाई और अन्य आजीविका गतिविधियों के नए अवसर विकसित हुए हैं। वीबी-जीराम-जी के माध्यम से बड़ी संख्या में लोगों को रोजगार मिला, जबकि जल उपलब्धता बढ़ने से कृषि उत्पादन और किसानों की आय में भी काफी वृद्धि हुई है।

उत्तर प्रदेश ने जल संरक्षण को विकास, पर्यावरण और ग्रामीण अर्थव्यवस्था से जोड़कर एक ऐसा मॉडल तैयार किया है, जिसे देश के अन्य राज्यों द्वारा भी अपनाया जा रहा है। अमृत सरोवरों, तालाबों के पुनर्जीवन और व्यापक जल संरक्षण कार्यों ने यह साबित किया है कि सुनियोजित नीति, जनभागीदारी और प्रभावी क्रियान्वयन के माध्यम से जल संकट का स्थायी समाधान संभव है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश आज जल संरक्षण के क्षेत्र में देश के लिए एक प्रेरणादायी उदाहरण बनकर उभरा है।

हर गांव में जल संरक्षण बना जन आंदोलन

योगी सरकार ने अमृत सरोवर योजना को केवल एक निर्माण परियोजना नहीं रहने दिया, बल्कि इसे जनभागीदारी का अभियान बनाया। गांवों में पुराने तालाबों का पुनर्जीवन, नए जलाशयों का निर्माण, वर्षा जल संचयन और जल स्रोतों के संरक्षण को व्यापक स्तर पर आगे बढ़ाया जा रहा है। इससे ग्रामीण क्षेत्रों में पानी की उपलब्धता बढ़ी और जल संकट से जूझ रहे इलाकों को स्थायी समाधान मिलने लगा।

खेती, भूजल व पर्यावरण को मिल रहा बड़ा सहारा

अमृत सरोवरों और तालाबों के निर्माण का सबसे बड़ा लाभ कृषि क्षेत्र को मिला है। सिंचाई के लिए पानी की उपलब्धता बढ़ने से किसानों को राहत मिली है और भूजल स्तर में व्यापक सुधार आया है। जलाशयों के आसपास हरियाली बढ़ी है, जैव विविधता को बढ़ावा मिला है और स्थानीय स्तर पर पर्यावरण संरक्षण को नई मजबूती मिली है।

हर हाल में मिलेगी सिंचाई व कृषि की बेहतर व्यवस्था : शाही

लखनऊ, समृद्धि न्यूज।

प्रदेश की योगी सरकार किसानों के हितों की रक्षा और खरीफ फसलों को किसी भी प्रकार की कठिनाई से बचाने के लिए लगातार सक्रिय है। कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने विधानसभा में मौसम विज्ञान विभाग के अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक कर मानसून, वर्षा की स्थिति, खरीफ फसलों की प्रगति तथा सिंचाई व्यवस्था की विस्तृत समीक्षा की।

कृषि मंत्री ने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में राज्य सरकार का सर्वोच्च लक्ष्य किसानों को समय पर सिंचाई, पर्याप्त पानी और हर संभव तकनीकी सहायता उपलब्ध कराना है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि जिन जनपदों में सामान्य से कम वर्षा हुई है, वहां विशेष निगरानी रखते हुए सिंचाई विभाग के साथ समन्वय बनाकर किसानों तक

समय पर पानी पहुंचाया जाए ताकि धान सहित खरीफकी अन्य फसलों पर किसी प्रकार का प्रतिकूल प्रभाव न पड़े। कृषि मंत्री ने निर्देश दिए कि मौसम संबंधी प्रत्येक अपडेट तत्काल कृषि विभाग एवं जिला प्रशासन को उपलब्ध कराया जाए, जिससे किसानों को समय रहते आवश्यक सलाह दी जा सके। सूर्य प्रताप शाही ने कहा कि जहां वर्षा की कमी है, वहां नहरों, पंप कैनालों तथा अन्य सिंचाई स्रोतों का अधिकतम उपयोग सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने सिंचाई विभाग को निर्देशित किया कि नहरों का संचालन प्रभावी ढंग से किया जाए तथा किसानों को पानी की उपलब्धता में किसी प्रकार की बाधा न आने पाए।

बैठक में खरीफ अभियान-2026 की प्रगति की भी समीक्षा की गई। कृषि मंत्री ने कहा कि सभी जनपदों में धान सहित खरीफ फसलों की बुवाई एवं रोपाई में तेजी लाई जाए तथा कृषि विभाग के अधिकारी लगातार फील्ड में रहकर किसानों को आवश्यक तकनीकी मार्गदर्शन दें। वर्षा की स्थिति के अनुसार वैकल्पिक फसल एवं कृषि प्रबंधन संबंधी सलाह भी किसानों तक पहुंचाई जाए। उन्होंने कहा कि जल संरक्षण, वर्षा जल संचयन तथा खेतों में नमी बनाए रखने के उपायों को प्राथमिकता दी जाए। योगी सरकार किसानों की आय बढ़ाने तथा कृषि उत्पादन को सुरक्षित रखने के लिए हर आवश्यक कदम उठा रही है।

खबरें एक नजर में

पीड़ितों के समर्थन में उतरे चेयरमैन पति, दिया हर संभव मदद का भरोसा

मीरानपुर कटरा, शाहजहांपुर। नगर में पिछले तीन दिनों से चल रही तालाब के सीमांकन की प्रक्रिया के कारण संबंधित बस्ती के निवासियों में भारी हड़कंप और असमंजस का माहौल बना हुआ है। सीमांकन की कार्रवाई से परेशान और डरे हुए लोगों को ढाढस बंधाने के लिए रविवार को जनप्रतिनिधि खुद उनके बीच पहुंचे। चेयरपर्सन पति दानिश जीशान और देवर आरिश खान ने रविवार को प्रभावित बस्ती का दौरा किया। उन्होंने स्थानीय लोगों से मुलाकात कर उनकी समस्याओं को ध्यानपूर्वक सुना और उनसे विस्तृत वार्ता की। बातचीत के दौरान जनप्रतिनिधियों ने बस्ती वासियों को पूरी तरह आश्वस्त करते हुए कहा कि संकट की इस घड़ी में वे उन्हें अकेला नहीं छोड़ेंगे। उन्होंने स्थानीय निवासियों को हर संभव कानूनी और प्रशासनिक मदद दिलाने का भरोसा दिया और कहा कि वे जनता के हितों की रक्षा के लिए उनके साथ कदम से कदम मिलाकर चलेंगे। जनप्रतिनिधियों के इस आश्वासन के बाद घबराए हुए पीड़ितों को काफी संबल मिला है। इस दौरान बस्ती के तमाम सम्मानित लोग और बड़ी संख्या में स्थानीय निवासी मौजूद रहे।

अनाथ हुए पांच मासूमों की मदद को आगे आया वीआईपी ग्रुप

शाहजहांपुर। ग्राम कसारी में करंट लगने से दंपती अमर सिंह भोजबाल और उनकी पत्नी की मौत के बाद अनाथ हुए पांच मासूम बच्चों के परिवार की मदद के लिए वीआईपी ग्रुप विद हेल्पिंग हैंड्स आगे आया। ग्रुप के पदाधिकारियों ने रविवार को गांव पहुंचकर परिजनों को सांत्वना दी और एक माह का राशन, आर्थिक सहायता तथा बच्चों के लिए टॉफी-बिस्किट उपलब्ध कराए। जिलाध्यक्ष नीतू गुप्ता ने बताया कि यह सहायता मुख्य संरक्षक चंद्रशेखर खन्ना (धीरू) की ओर से भेजी गई है। जिला प्रभारी वर्षा गोस्वामी ने भविष्य में भी हरसंभव सहयोग का भरोसा दिलाया। कोषाध्यक्ष ज्योति गुप्ता ने कहा कि बच्चों के भविष्य को सुरक्षित करने और उन्हें सरकारी योजनाओं का लाभ दिलाने का प्रयास किया जाएगा। इस दौरान अभिनय गुप्ता, अनूप गुप्ता, अरविंद कुमार, पंकज सक्सेना, प्रशांत शर्मा, मो. आमिर समेत अन्य सदस्य मौजूद रहे।

अवैध खनन-परिवहन की शिकायत पर एडीएम ने 4 लोगो पर दर्ज कराया मुकदमा

शाहजहांपुर। जैवविविधता पार्क न्यू सिटी ककरा में नदी के किनारे कुछ लोगों द्वारा अवैध खनन कार्य करके बँधे को भी क्षतिग्रस्त किया जा रहा है। शिकायत का तत्काल संज्ञान लेते हुए डीएम के निर्देश पर एडीएम वित्त द्वारा अरविन्द कुमार ने मौके पर क्षेत्रीय लेखपाल विशाल मिश्रा के साथ मौके पर पहुंचे जहां पार्क के गार्ड अनिल शुक्ला व सुशील तिवारी के अनुसार 4 लोग शालू पुत्र शौकत, कल्लू पुत्र शब्बीर, सब्बू पुत्र शौकत, शहरोज, नौसाद खान पुत्र बाबू खान निवासी मुहल्ला ककरा खुर्द द्वारा रेत और बालू की चोरी की जाती व बंधे को भी क्षतिग्रस्त कर दिया गया है। एडीएम वित्त ने लेखपाल से तहरीर दिलाकर थाना कोतवाली में उपरोक्त चारों व्यक्तियों का अवैध खनन में संलिप्तता होने पर सुसंगत धाराओं में मुकदमा पंजीकृत करा दिया। अपर जिलाधिकारी द्वारा बताया गया कि अवैध खनन व परिवहन करने वाले पर कठोर कार्यवाही सुनिश्चित किया जाएगा।

बकाया जमा नहीं होने पर ऋणधारकों के विरुद्ध होगी वसूली की कार्रवाई

शाहजहांपुर। उत्तर प्रदेश अल्पसंख्यक वित्त एवं विकास निगम द्वारा जनपद में वर्ष 1995 से 2006 के बीच अल्पसंख्यक समुदाय के लाभार्थियों को टर्म लोन एवं मार्जिन मनी योजना के अंतर्गत वितरित की गई ऋण धनराशि की वसूली लंबे समय से लंबित चल रही है। निगम के अभिलेखों के अनुसार लगभग 5 करोड़ रुपये की धनराशि अब भी बकाया है, जिसकी वसूली नहीं हो सकी है। वसूली की कार्रवाई में लगे निगम के वसूली सहायक विक्रांत ने बताया कि वर्षों पूर्व ऋण प्राप्त करने वाले अनेक लाभार्थी अपने वर्तमान पते पर नहीं मिल रहे हैं। कई लाभार्थियों ने निवास स्थान बदल लिया है, जबकि कुछ के संबंध में सही जानकारी उपलब्ध नहीं हो पा रही है। इस कारण निगम को बकाया राशि की वसूली में गंभीर कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है और सरकारी धन लंबे समय से जमा नहीं हो पा रहा है। वसूली सहायक ने सभी ऋणधारकों से अपील करते हुए कहा है कि जिन व्यक्तियों ने उत्तर प्रदेश अल्पसंख्यक वित्त एवं विकास निगम से टर्म लोन अथवा मार्जिन मनी योजना के अंतर्गत ऋण प्राप्त किया था और जिन पर अभी भी बकाया धनराशि शेष है, वे 31 जुलाई तक अनिवार्य रूप से जिला अल्पसंख्यक कल्याण कार्यालय, कलेक्ट्रेट में उपस्थित होकर अपनी बकाया किस्त अथवा शेष धनराशि जमा करा दें। उन्होंने स्पष्ट किया कि निर्धारित तिथि तक बकाया जमा न करने वाले ऋणधारकों के विरुद्ध नियमानुसार वसूली की कार्रवाई प्रारंभ की जाएगी। ऐसे मामलों को राजस्व वसूली हेतु संबंधित तहसीलों को भेजा जाएगा, जहां से आरसी जारी कर राजस्व विभाग से वसूली की प्रक्रिया अपनाई जाएगी। इसके अंतर्गत संबंधित व्यक्तियों की चल एवं अचल संपत्ति के विरुद्ध भी नियमानुसार कार्रवाई की जा सकती है।

विद्युत व्यवस्था सुधारने को लेकर भाकियू भानु ने सौंपा ज्ञापन

सिंधौली, शाहजहांपुर। भारतीय किसान यूनियन (भानु गुट) के कार्यकर्ताओं ने जिलाध्यक्ष महेंद्र सिंह यादव के नेतृत्व में अधिशासी अभियंता विद्युत को ज्ञापन सौंपकर सिधौली क्षेत्र की बिजली संबंधी समस्याओं के शीघ्र समाधान की मांग की। ज्ञापन में बताया गया कि विकासखंड सिधौली के गांव ढकिया हमीदनगर में विद्युत व्यवस्था बेहद खराब है। गांव में कई स्थानों पर जर्जर बिजली के तार लटक रहे हैं, जिससे हादसे की आशंका बनी रहती है। साथ ही ग्रामीणों को समय पर विद्युत आपूर्ति भी नहीं मिल पा रही है। कुछ स्थानों पर नई केबल डालने की आवश्यकता बताते हुए जल्द कार्रवाई की मांग की गई। इसके अलावा पुवायां के जेंवा रोड स्थित ओवरब्रिज के पास सुखविंदर कौर के मकान के समीप से गुजर रही विद्युत लाइन को भी खतरनाक बताया गया। किसान यूनियन का कहना है कि बिजली के तार मकान के बेहद पास से गुजर रहे हैं, जिससे कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है। संगठन ने मांग की कि लाइन को सुरक्षित दूरी पर शिफ्ट किया जाए या उसकी ऊंचाई बढ़ाई जाए। किसान यूनियन ने चेतावनी दी कि यदि समस्याओं का शीघ्र समाधान नहीं कराया गया तो संगठन धरना-प्रदर्शन करने को बाध्य होगा, जिसकी पूरी जिम्मेदारी शासन-प्रशासन की होगी। इस दौरान प्रदीप कुमार, प्रेमचंद, मुकेश कुमार, रामवीर, रामजीत, शिशुपाल, विमल कुमार सहित कई कार्यकर्ता मौजूद रहे।

चोरी की बाइकों की खरीद फरोख्त करने वाले गिरोह का पर्दाफाश

- सात बाइक बरामद, दो सगे भाइयों सहित तीन आरोपी भेजे गए जेल

मिर्जापुर, शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।

पुलिस ने चोरी की मोटरसाइकिलों की खरीद-फरोख्त करने वाले एक शातिर गिरोह का पर्दाफाश करते हुए तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इनके कब्जे से चोरी की सात मोटरसाइकिलें बरामद की हैं। पूछताछ में आरोपियों ने कई अहम खुलासे किए हैं। फिलहाल पुलिस गिरोह से जुड़े अन्य लोगों की तलाश में जुटी है। पुलिस ने तीनों आरोपियों को कोर्ट में पेश किया, जहां से उन्हें जेल भेजा गया।

पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर ग्राम बहेरिया स्थित सरकारी स्कूल मोड़ के पास घेराबंदी कर तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान शादाव, शावाब निवासी ग्राम बहेरिया और शिवम निवासी ग्राम भरतापुर थाना मिर्जापुर के रूप में हुई है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से स्प्लेंडर प्लस, सुपर स्प्लेंडर, हीरो एचएफ डीलक्स, हीरो होंडा और यामाहा एफजेड समेत कुल सात चोरी की मोटरसाइकिलें बरामद की हैं। पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि वे चोरी की बाइकें कम कीमत में खरीदते थे, उनकी पहचान बदलकर अधिक कीमत पर बेच देते थे और इसी से आर्थिक लाभ कमाते थे। पुलिस ने तीनों आरोपियों के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर उन्हें न्यायालय के समक्ष पेश कर दिया है। वहीं, गिरोह से जुड़े अन्य लोगों की तलाश और चोरी की मोटरसाइकिलों के स्रोत की जांच जारी है।

कबाड़ की दुकानों पर खूब कटती चोरी की बाइकें और गाड़ियां

मिर्जापुर कस्बे सहित ग्रामीण क्षेत्र में दर्जनों कबाड़ की दुकानें हैं। इन कबाड़ की दुकानों में चोरी की बाइक और चार पहिया वाहन काटने का धंधा वर्षों से चल रहा है। क्षेत्र के कई युवा दिल्ली, नोएडा, गाजियाबाद आदि महानगरों में नौकरी करने जाते हैं। वहां से यह युवा मौका लगते ही दुपहिया और चार पहिया वाहन उड़ाकर ग्रामीण क्षेत्र में कबाड़ियों और बाइक मिस्त्रियों को बेंच देते हैं। बाइक मिस्त्री और कबाड़ी चोरी के वाहन सस्ते में खरीदकर वाहनों के कीमती पार्ट्स निकालकर पुरानी बाईकों में फिट करके मोटा मुनाफा कमा रहे हैं। कई बाइक मिस्त्रियों तो कबाड़ के भाव खरीदी गईं चोरी की बाईकों भी को तीन पहिया ठेली में तब्दील कर कबाड़ और खेत खलियानों से फसल ढोने वालों को बेंचने का धंधा कर रहे हैं। आजकल बाइक से बनी तीन पहिया ठेली पर कबाड़ ढोते छोटे कबाड़ियों को किसी भी समय देखा जा सकता है। पुलिस चोरी के वाहन खरीदने और बेचने वालों पर तब तक हाथ नहीं डालती, जब कभी ऊपर से कोई दबाव न पड़े। जिससे वाहन चोरों, बाइक मिस्त्रियों और चोरी के वाहन खरीदने वाले कबाड़ियों का धंधा खूब फलफूल रहा है।

आगरा कैंट पर स्टेशन मास्टर के साथ हुई घटना दुर्भाग्यपूर्ण: अंकित

- इंडिया स्टेशन मास्टर्स एसोसिएशन के आह्वान पर स्टेशन मास्टरों ने काली पट्टी बांधकर जताया विरोध

रोजा-शाहजहांपुर। इंडिया स्टेशन मास्टर्स एसोसिएशन की केंद्रीय कार्यकारिणी के आह्वान पर मुरादाबाद मंडल के सभी स्टेशन मास्टर सोमवार रात से ड्यूटी के दौरान काली पट्टी बांधकर अपना शांतिपूर्ण एवं लोकतांत्रिक विरोध दर्ज किया। रोजा जंक्शन के स्टेशन मास्टर व ऑल इंडिया स्टेशन मास्टर्स एसोसिएशन के शाखा अध्यक्ष अंकित कुमार शुक्ला ने बताया कि यह विरोध आगरा कैंट स्टेशन पर एक स्टेशन मास्टर के साथ हुई दुर्भाग्यपूर्ण घटना तथा रेलवे सुरक्षा बल के कथित अमानवीय व्यवहार के विरोध में आयोजित किया जा रहा है। उन्होंने इस घटना पर गहरा दुःख एवं चिंता व्यक्त करते हुए निष्पक्ष जांच तथा दोषी पाए जाने वाले व्यक्तियों के विरुद्ध उचित कार्रवाई की अपेक्षा व्यक्त की है। श्री शुक्ला ने स्पष्ट किया है कि एसोसिएशन के ध्दारा ये विरोध पूर्णतः शांतिपूर्ण, अनुशासित एवं गरिमापूर्ण रहेगा तथा सीईसी के आगामी निर्देशों तक जारी रहेगा। संगठन ने मुरादाबाद मंडल के सभी स्टेशन मास्टरों से एकजुट होकर इस विरोध कार्यक्रम में भाग लेने तथा संगठन की एकता, अनुशासन एवं गरिमा को बनाए रखने का आह्वान किया था। ऑल इंडिया स्टेशन मास्टर्स एसोसिएशन का मानना है कि स्टेशन मास्टरों की सुरक्षा, सम्मान एवं गरिमा सर्वोपरि है और किसी भी प्रकार की अभद्रता या अमानवीय व्यवहार स्वीकार्य नहीं हो सकता। संगठन ने विश्वास व्यक्त किया है कि रेलवे प्रशासन निष्पक्ष जांच सुनिश्चित करते हुए न्यायोचित कार्रवाई करेगा।

आरवीएम इंटर कॉलेज में आपदा प्रबंधन-प्राथमिक उपचार प्रशिक्षण आयोजित

शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।

पूर्व मानसून तैनाती के अंतर्गत वर्तमान में हनुमतधाम आश्रय भवन में तैनात 8वीं वाहिनी, राष्ट्रीय आपदा मोचन बल द्वारा जनजागरूकता एवं सामुदायिक क्षमता निर्माण अभियान निरंतर संचालित किया जा रहा है। इसी क्रम में आरवीएम इंटर कॉलेज तिलहर में निरीक्षक शिवकली धुर्वे के नेतृत्व में टीम द्वारा आपदा प्रबंधन एवं जीवनरक्षक प्राथमिक उपचार विषय पर एक विशेष जागरूकता एवं प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य प्रतिभागियों को आपातकालीन परिस्थितियों में त्वरित, प्रभावी एवं सुरक्षित प्रतिक्रिया हेतु आवश्यक ज्ञान एवं कौशल प्रदान करना था। प्रशिक्षण के दौरान प्रतिभागियों को रक्तस्राव नियंत्रण, स्प्लिंटिंग, सीपीआर, श्वासनली अवरोध से निपटने की तकनीक, आपातकालीन एवं गैर-आपातकालीन निकासी की विधियाँ, बाढ़ के दौरान उपलब्ध संसाधनों से अस्थायी उपकरण तैयार करने की प्रक्रिया तथा विभिन्न प्राकृतिक एवं मानवजनित आपदाओं के दौरान अपनाए जाने वाले सुरक्षा उपायों की जानकारी प्रदान की गई। एनडीआरएफ टीम द्वारा सभी तकनीकों का व्यावहारिक प्रदर्शन भी किया गया, जिससे प्रतिभागियों ने आपदा की स्थिति में स्वयं एवं अन्य व्यक्तियों की सुरक्षा एवं सहायता से संबंधित महत्वपूर्ण कौशल अर्जित किए। कार्यक्रम में विद्यालय के छात्र-छात्राएं, शिक्षक, स्थानीय नागरिक एवं गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान प्रधानाचार्य रत्नेश कुमार जायसवाल की उपस्थिति रही।

अवैध असलहा के साथ दो भैंस चोर गिरफ्तार

सिंधौली, शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।

पुलिस ने भैंस चोरी के मामले का खुलासा करते हुए दो आरोपियों को अवैध असलाह के साथ गिरफ्तार किया है। उनके कब्जे से चोरी की एक भैंस, एक पड़िया, 12 बोर का एक तमंचा, दो जिंदा कारतूस, एक चाकू तथा 5 हजार रुपये नकद बरामद किए गए हैं। पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर अपराध नियंत्रण, अवैध शराब, मादक पदार्थ, वांछित अपराधियों एवं वारंटियों की गिरफ्तारी के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत क्षेत्राधिकारी , पुलिस अधीक्षक ग्रामीण एवं प्रभारी निरीक्षक सिधौली के नेतृत्व में पुलिस टीम गश्त कर रही थी। इसी दौरान मुखबिर से सूचना मिली कि कुछ लोग बबरा से भवानीपुर जाने वाले कच्चे रास्ते पर भैंस लेकर जा रहे हैं। सूचना पर पुलिस ने शनिवार रात करीब 1.31 बजे घेराबंदी कर कार्रवाई की। मौके से थाना उचैलिया, जनपद लखीमपुर खीरी के गांव सैजनिया निवासी कमालुद्दीन उर्फ कमलू और बबलू को गिरफ्तार कर लिया गया, जबकि उनके साथी शालू और अरबाज अंधेरे का फायदा उठाकर फरार हो गए। बताया गया कि 10 जुलाई को थाना क्षेत्र के गांव सिसैया निवासी शिवराम सिंह ने भैंस चोरी का मुकदमा दर्ज कराया था। बरामद भैंस उसी मुकदमे से संबंधित बताई जा रही है। पुलिस फरार आरोपियों की तलाश में जुटी है।

क्षेत्रीय क्रीड़ा अधिकारी ने स्पोर्ट्स स्टेडियम में निर्माण कार्यों का लोकार्पण से पूर्व किया निरीक्षण

शाहजहांपुर। क्षेत्रीय खेल अधिकारी चंचल मिश्रा द्वारा स्टेडियम में चल रहे समस्त निर्माण कार्यों का बारीकी से निरीक्षण किया। बता दें कि इसी सप्ताह के अंत तक प्रदेश के वित्त मंत्री सुरेश कुमार खन्ना द्वारा स्टेडियम में 36 करोड़ 33 लाख की लागत से जीर्णोद्धार एवं नवीन खेल अवस्थनाओं का लोकार्पण किया जाना है। क्षेत्रीय खेल अधिकारी द्वारा स्टेडियम में हो रहे निर्माण कार्यों की सराहना की। निरीक्षण में जिला खेल अधिकारी एसपी बामनिया और स्टेडियम के प्रशिक्षक मुजाहिद अली, पंकज कुमार, शकील अहमद, निशांत कुमार एवं स्टेडियम का अन्य स्टाफ उपस्थित रहा।

आईटीआई में प्रवेश के इच्छुक अभ्यर्थी के लिए आनलाइन आवेदन उपलब्ध

शाहजहांपुर। प्रदेश के राजकीय-निजी औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों में प्रवेश सत्र-2026-27 के लिए प्रवेश को ऑनलाईन आवेदन प्रक्रिया प्रारम्भ हो चुकी है। आईटीआई में प्रवेश के लिए इच्छुक अभ्यर्थी वेबसाइट पर जाकर ऑनलाईन आवेदन कर सकते है। ऑनलाईन आवेदन की तिथि 11 जुलाई से 4 अगस्त निर्धारित की गयी है। प्रवेश शैक्षिक योग्यता मैरिट के आधार पर किये जाएगें। शासन की नई व्यवस्था के अनुसार कक्षा 8 एवं कक्षा 10 पास अभ्यार्थी आईटीआई के दो वर्षीय पाठ्यक्रम में प्रशिक्षण प्राप्त कर उत्तीर्ण होने के साथ ही माध्यमिक शिक्षा परिषद द्वारा आयोजित कक्षा 10 एवं कक्षा 12 की परीक्षा के हिन्दी विषय की परीक्षा व्यक्तिगत परीक्षार्थी के रूप में उत्तीर्ण कर लेते है, तो उन्हे कक्षा 10 एवं कक्षा 12 के समकक्ष माना जाएगा। इन्हें अलग से कक्षा 10 एवं कक्षा 12 करने की आवश्यकता नही पड़ेगी एवं उन्हें उच्च शिक्षा के अवसर भी प्राप्त होते होगें। राजकीय संस्थानों में वर्ष 2024 से टाटा टेक्नोलॉजी के सहयोग से रोबोटिक, इलेक्ट्रिकल मोटर व्हीकल, एडवांस सीएनसी, श्रीडी प्रिन्टिग आदि जैसे आधुनिक व्यवसायों का संचालन किया जा रहा है। परम्परागत व्यवसायों के साथ ही टाटा टेक्नालॉजी से प्रशिक्षण प्राप्त प्रशिक्षार्थियों को बेहतर रोजगार में अवसर प्राप्त हो रहे। जनपद में 3 राजकीय 9 निजी तथा 1 पीपीपी औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान संचालित है। जिसकी जानकारी वेबसाईट का अवलोकन कर प्राप्त कर सकते है। राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान के प्रधानाचार्य अरविंद कुमार ने अनुरोध किया है कि अधिक से अधिक अभ्यर्थी आईटीआई में प्रवेश हेतु निर्धारित अन्तिम तिथि से पूर्व ऑनलाईन आवेदन कर आईटीआई में प्रवेश का अवसर प्राप्त करें।

बेसहारा मासूमों के लिए वीआईपी ग्रुप बना सहारा

शाहजहांपुर। ग्राम कसारी में करंट लगने से अमर सिंह भोजवाल और उनकी पत्नी की दर्दनाक मौत के बाद अनाथ पांच मासूम बच्चों के परिवार की मदद के लिए वीआईपी ग्रुप विद हेल्पिंग हैंड्स आगे आया। ग्रुप पदाधिकारियों ने गांव पहुंचकर शोकाकुल परिवार से मुलाकात की, सांत्वना दी और एक माह का राशन, आर्थिक सहायता तथा बच्चों के लिए टॉफी-बिस्किट उपलब्ध कराए। ग्रुप जिलाध्यक्ष नीतू गुप्ता ,जिला प्रभारी वर्षा गोस्वामी ने आश्वासन दिया कि भविष्य में भी परिवार की हरसंभव मदद जारी रहेगी। ग्रुप कोषाध्यक्ष ज्योति गुप्ता ने कहा कि पांच मासूम बच्चों के सिर से माता-पिता का साया उठ जाना अत्यंत दुखद है। ग्रुप बच्चों के भविष्य को सुरक्षित करने और उन्हें सरकारी योजनाओं का लाभ दिलाने के लिए हरसंभव प्रयास करेगा। ग्रुप क्रिएटर अभिनय गुप्ता अनूप गुप्ता, अरविंद कुमार, पंकज सक्सेना, प्रशांत शर्मा, मो. आमिर आदि मौजूद रहे।

खुद विकास की राह देख रहा बीडीओ कार्यालय

- पिछले एक वर्ष से नहीं हुई मरम्मत, जिम्मेदार नहीं ले रहे सुध

खुदागंज, शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।

विकासखंड स्थित खंड विकास अधिकारी कार्यालय का भवन पिछले लगभग एक वर्ष से मरम्मत की प्रतीक्षा कर रहा है। भवन के विभिन्न हिस्सों में जर्जर स्थिति होने के कारण कर्मचारियों और कार्यालय आने वाले ग्रामीणों को असुविधा का सामना करना पड़ रहा है। स्थानीय लोगों का कहना है कि भवन की मरम्मत की आवश्यकता लंबे समय से बनी हुई है, लेकिन अब तक इस दिशा में कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया है।

बताया जाता है कि कार्यालय की जर्जर स्थिति को लेकर कई बार समाचार भी प्रकाशित किए जा चुके हैं, लेकिन संबंधित विभाग की ओर से अभी तक मरम्मत कार्य शुरू नहीं कराया गया। इससे यह सवाल उठ रहा है कि आखिर जिम्मेदार अधिकारी इस महत्वपूर्ण सरकारी भवन की सुध कब लेंगे। क्षेत्रीय लोगों का कहना है कि विकासखंड कार्यालय में प्रतिदिन बड़ी संख्या में ग्रामीण विभिन्न योजनाओं एवं सरकारी कार्यों के लिए पहुंचते हैं। ऐसे में भवन की खराब स्थिति न केवल असुविधा का कारण बन रही है, बल्कि सुरक्षा की दृष्टि से भी चिंता का विषय है। ग्रामीणों एवं क्षेत्रीय नागरिकों ने संबंधित अधिकारियों से शीघ्र भवन का निरीक्षण कर आवश्यक मरम्मत कार्य कराने की मांग की है, ताकि कर्मचारियों और आमजन को सुरक्षित एवं बेहतर वातावरण में सरकारी सेवाएं उपलब्ध हो सकें।

सावन माह से पहले कांवड़ियों के रूट की खराब सड़कें बनवाने की मांग

- हिंदू युवा संगठन उत्तर प्रदेश (अ) के कार्यकर्ताओं ने एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

पुवायां, शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।

हिंदू युवा संगठन उत्तर प्रदेश (अ) के कार्यकर्ताओं ने प्रदेश अध्यक्ष अवनीश मिश्र के नेतृत्व में लव जिहाद, धर्मांतरण, लैंड जिहाद पर रोकथाम और खराब सड़कों को बनवाने की मांग को लेकर जिलाधिकारी को संबोधित ज्ञापन एसडीएम पुवायां को सौपा और कार्यवाही की मांग की। कार्यवाही नही होने पर 27 जुलाई को पुवायां से शाहजहांपुर जिला मुख्यालय तक पद यात्रा करने की चेतावनी दी। संगठन के कार्यकर्ताओं ने दिए गए ज्ञापन में बताया कि 30 जुलाई 2026 से पवित्र सावन माह के साथ ही कांवड़ यात्रा शुरू हो रही है। लेकिन अभी तक कांवड़ यात्रा के रूट शाहजहांपुर से नियामतपुर तक, पुवायां में रतन सिंह डिग्री कॉलेज से पुवायां मोहम्मदी रोड तक, खुटार में रुजहा कलां ओवर ब्रिज से खुटार अटल चैक तक खराब और जर्जर सड़क को सही नहीं कराया गया है। जिससे जल्द सही कराया जाए। शाहजहांपुर जनपद में कई स्थानों पर प्रत्येक रविवार को ईसाइयों की प्रार्थना सभा के नाम पर धर्मांतरण का कराया जा रहा। बंडा, खुटार, पुवायां, सिंधौली, भावलखेड़ा, निगोही ब्लॉक क्षेत्र में हाल ही में धर्मांतरण के मामले पकड़े भी जा चुके है। इसकी गंभीरता से जांच कराई जाए। इन्हें फंडिंग करने वालो को चिन्हित करके उन पर शिकंजा कसा जाए और चंगाई सभाओं को बंद कराया जाए। जनपद में लव जिहाद की घटनाएं लगातार हो रही है। इसकी रोकथाम के लिए पुलिस प्रशासन की ओर से कठोर कदम उठाया जाये एवं लव जिहाद की शिकार की पीड़िताओं को मेडिकल परीक्षण, 164 के बयान के नाम पर कई कई दिन तक वन स्टॉप सेंटर में रखा जाता। इसके लिए एक समय सीमा तय करके पीड़िता को परिजनों के सुपुर्द कराने की व्यवस्था कराई जाए। इसके साथ ही खुटार ब्लॉक के राजस्व ग्राम नरायनपुर विक्रमपुर में गाटा संख्या 635 में दर्ज तालाब (मरघट), ग्राम टाह खुर्द कलां में गाटा संख्या 370 में दर्ज शमशान घाट, ग्राम भोपतपुर में गाटा संख्या 35 में दर्ज शमशान की भूमि पर दबंग और गैर समुदाय के लोगो ने अवैध कब्जा कर लिया है। जिससे लोगों को अंत्येष्टि करने में दिक्कत हो रही है। इसकी शिकायत भी की जा चुकी है। लेकिन अभी तक शमशान की भूमि कब्जा मुक्त नहीं कराई गई है। ज्ञापन में बताया गया कि जनहित की उक्त मांगों का यदि 26 जुलाई 2026 तक समाधान नहीं कराया गया, तो हिंदू युवा संगठन उत्तर प्रदेश (अ) जनजागरण कर 27 जुलाई को पुवायां से शाहजहांपुर जिला मुख्यालय तक पद यात्रा निकालकर विशाल धरना प्रदर्शन करने के लिए बाध्य होगा। जिसकी जिम्मेदारी पुलिस प्रशासन की होगी। इस मौके पर जिला संरक्षक आनंद पांडे, ब्लॉक अध्यक्ष सौरभ पटेल, नगर अध्यक्ष भारत राठौर, ब्लॉक प्रभारी यस दीक्षित, आलोक शुक्ला एडवोकेट, श्रीओम मिश्रा एडवोकेट, हरि श्याम मिश्रा, मोहित राणा, करण कश्यप, ललित रावत, नितिन पांडे, ऋतिक श्रीवास्तव, अजय कुमार, दीपू राजपूत, अजय राजपूत, सुधाकर प्रजापति, अंकित कुमार, राजा शर्मा, उपदेश सिंह आदि तमाम लोग मौजूद रहे।

ईनरव्हील क्लब ने जरूरतमंदों को वितरित किया छाता

शाहजहांपुर। ईनरव्हील क्लब शाहजहांपुर द्वारा एक ब्रांडिग प्रोजेक्ट किया गया। जिसके अन्तर्गत मॉनसून की मार से बचाव के लिए क्लब की ओर से चार दिव्यांग जन एवं दो जरूरतमंद वृद्ध महिलाओं को ईनरव्हील का छाता वितरित किया गया। कार्यक्रम में क्लब की सीनियर मेम्बर सुनीता गर्ग, अध्यक्ष रीना अग्रवाल, सचिव मंजुला शर्मा, पूर्व अध्यक्ष निधि मिश्रा आदि उपस्थित रही।

खबरें एक नजर में

चार साल बाद भी नहीं मिला भुगतान, भाजपा नेता ने मुख्यमंत्री को भेजा शिकायती पत्र

कांट-शाहजहांपुर। क्षेत्र में कराए गए गर्रा बांध शहवाजनगर में निर्माण कार्य के भुगतान को लेकर भाजपा नेता प्रेमनिवास शुक्ला ने वित्त मंत्री सुरेश कुमार खन्ना को संबोधित शिकायती पत्र में आरोप लगाया गया है कि नगर क्षेत्र के शाहबाज नगर कच्चा एवं खुर्दी मोहल्लों में करीब दो वर्ष पूर्व नाला निर्माण कार्य कराया गया था, लेकिन संबंधित ठेकेदार को अब तक भुगतान नहीं किया गया है। शिकायत में कहा गया है कि कार्य पूर्ण होने के बावजूद अधिशाषी अभियंता द्वारा भुगतान लंबित रखा गया है। ठेकेदार को कई बार आश्वासन दिया गया कि शीघ्र भुगतान कर दिया जाएगा, लेकिन दो साल बीत जाने के बाद भी राशि जारी नहीं हुई। पत्र में यह भी उल्लेख किया गया है कि भुगतान न होने से ठेकेदार आर्थिक संकट का सामना कर रहा है। भाजपा नेता प्रेमनिवास ने कहा कि समय पर भुगतान न होने से विकास कार्यों से जुड़े लोगों का भरोसा प्रभावित हो रहा है, इसलिए मामले का शीघ्र समाधान कराया जाना चाहिए।

बाइकों की भिड़ंत, युवक गंभीर घायल

पुवायां, शाहजहांपुर। थाना क्षेत्र के गांव फरेंदा निवासी धर्मेंद्र पुत्र राम रतन उम्र 35 वर्ष इटौली से बाइक से सब्जी लेकर घर जा रहा था।रास्ते में थाना मोहम्मदी क्षेत्र के गांव बिलैया निवासी एक व्यक्ति की बाइक की आमने-सामने टक्कर हो गई जिससे धर्मेंद्र गंभीर घायल हो गया। सूचना पर पहुंचे 108 वाहन से उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। जिसकी हालत गंभीर होने पर डॉक्टर ने मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया।

नाबालिग से दुष्कर्म का वांछित आरोपी गिरफ्तार

कांट, शाहजहांपुर। पुलिस ने दुष्कर्म और पॉक्सो एक्ट के मामले में फरार चल रहे वांछित आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी की काफी समय से तलाश की जा रही थी। पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर घेराबंदी कर उसे गिरफ्तार किया और न्यायालय में पेश करने की कार्रवाई शुरू कर दी। पुलिस के अनुसार गिरफ्तार आरोपी की पहचान भीम शंकर उर्फ छोटू तिवारी निवासी थाना कांट क्षेत्र के रूप में हुई है। उसके खिलाफ एक नाबालिग किशोरी को बहला-फुसलाकर भगाने तथा उसके साथ दुष्कर्म करने के आरोप में थाना कांट पर मुकदमा दर्ज है। मामले में आरोपी लंबे समय से फरार चल रहा था।थाना कांट पुलिस को सूचना मिली कि आरोपी कुर्रिया कलां से शाहबाद-हरदोई मार्ग की ओर मौजूद है। सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची और घेराबंदी कर उसे दबोच लिया। पूछताछ के बाद आरोपी को थाने लाया गया, जहां आवश्यक कानूनी कार्रवाई पूरी की गई।पुलिस ने बताया कि आरोपी के विरुद्ध भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की संबंधित धाराओं एवं पॉक्सो एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज है। गिरफ्तारी के बाद उसे न्यायालय में पेश किया जा रहा है। प्रभारी निरीक्षक कोतवाली राकेश कुमार का कहना कि महिलाओं और बच्चों के विरुद्ध अपराध करने वालों के खिलाफ अभियान लगातार जारी रहेगा और ऐसे आरोपियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी।

सहयोग संस्था ने विद्यालय में किया पौधारोपण, पर्यावरण संरक्षण का संदेश

सिंधौली (शाहजहांपुर)। सहयोग संस्था द्वारा पर्यावरण संरक्षण अभियान के तहत सोमवार को विकासखंड सिधौली की ग्राम पंचायत रक्सा स्थित पीएम श्री कंपोजिट विद्यालय में पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। संस्था के पदाधिकारियों ने विद्यालय के शिक्षकों एवं छात्र-छात्राओं के साथ मिलकर विभिन्न प्रजातियों के पौधे रोपे और उनके संरक्षण का संकल्प दिलाया। कार्यक्रम के प्रभारी डॉ. पुनीत मनीषी ने कहा कि संस्था का उद्देश्य केवल पौधे लगाना ही नहीं, बल्कि जनपदवासियों को पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक करना भी है। उन्होंने सभी से अधिक से अधिक पौधे लगाने और उनकी नियमित देखभाल करने की अपील की। संस्था के संस्थापक अनिल गुप्ता प्रधान एवं शाहनवाज खां एडवोकेट ने बताया कि मंगलवार को ग्राम पंचायत भटपुरा रसूलपुर में जेपी पब्लिक स्कूल के विद्यार्थियों के साथ मिलकर 1100 पौधे लगाए जाएंगे। उन्होंने कहा कि संस्था पौधारोपण को जन आंदोलन का रूप देने के लिए गांव-गांव जागरूकता रैली भी निकालेगी, जिससे अधिक से अधिक लोग पर्यावरण संरक्षण से जुड़ सकें। कार्यक्रम में संस्था की अध्यक्ष स्तुति गुप्ता, प्रधानाचार्य दीपेंद्र सिंह, प्राचार्य रेखा भारती, सोनम वर्मा, इदरीश अली, डॉ. रूपेंद्र जीत सिंह, अतुल कुमार शुक्ला, उपेंद्र कुमार तिवारी, डॉ. प्रदीप कुमार, लड्डन अली, श्रीकांत दीक्षित, शबाब सहित विद्यालय का स्टाफ एवं छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।

24 मेधावी छात्रों का कोरी समाज वेलफेयर सोसायटी ने किया सम्मान, शिक्षा के प्रति किया जागरूक

शाहजहांपुर। कोरी समाज वेलफेयर सोसायटी की ओर से रविवार को हनुमत धाम क्षेत्र स्थित भगवान शरण के आवास पर हाईस्कूल एवं इंटरमीडिएट परीक्षा में उत्तीर्ण मेधावी छात्र-छात्राओं के सम्मान में समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को प्रोत्साहित करना तथा समाज में शिक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाना रहा। समारोह में हाईस्कूल एवं इंटरमीडिएट परीक्षा उत्तीर्ण 24 मेधावी छात्र-छात्राओं को मेडल, प्रमाणपत्र एवं उपहार भेंट कर सम्मानित किया गया। साथ ही उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की गई। समिति के संरक्षक एवं पूर्व प्रधानाचार्य इन्द्रजीत ने कहा कि विद्यार्थियों का सम्मान केवल उनकी उपलब्धियों का अभिनंदन नहीं, बल्कि अन्य छात्रों को भी बेहतर प्रदर्शन के लिए प्रेरित करने का प्रयास है। समिति के महामंत्री भगवान शरण, कोषाध्यक्ष विवेक प्रताप एवं त्रिभुवन नाथ ने विद्यार्थियों से नियमित अध्ययन करने तथा समय का सदुपयोग करने की अपील की। समिति के ऑडिटर पंकज कुमार ने भारत रत्न डॉ. भीमराव आंबेडकर एवं वीरांगना झलकारी बाई के जीवन से प्रेरणा लेने का आह्वान किया। वरिष्ठ संरक्षक रामकुमार ने विद्यार्थियों को मोबाइल फोन का सीमित उपयोग करने और पढ़ाई पर पूरा ध्यान केंद्रित करने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि समिति भविष्य में भी ऐसे प्रेरणादायक कार्यक्रम आयोजित करती रहेगी। कार्यक्रम को फिल्म निर्देशक एवं लेखक परमानंद कोरी तथा जिलाध्यक्ष दौलतराम आर्या ने भी संबोधित किया। इस अवसर पर मुन्ना लाल, सतीश चंद्र, मनोज कुमार, प्रदेश ऑडिटर रामऔतार, रवि कैथवार, अधिवक्ता नीरज कुमार, राजेश कुमार, प्रमोद कुमार, विनय कुमार, लाला राम, संजीव कुमार, रवि कमल विजयी, अमर सिंह शंखवार, संजय कैथवार, चंद्रपाल कैथवार, रामगोपाल, निर्मल स्वरूप, राजवंती, ज्योति, सुनीता रानी, मिथिलेश शरण, साधना प्रसाद, सविता कैथवार, सुष्मा कैथवार, प्रीति कैथवार, प्रभा देवी, प्रदीप गुप्ता सहित बड़ी संख्या में समाज के गणमान्य नागरिक, अभिभावक, शिक्षक एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन समिति के महामंत्री भगवान शरण ने किया। अंत में उन्होंने सभी अतिथियों एवं उपस्थित लोगों का आभार व्यक्त किया।

जान लेवा हमले में घायल की चार दिन बाद भी रिपोर्ट दर्ज नहीं, पीड़ित ने पुलिस पर लगाया समझौता करने का दबाव

तिलहर-शाहजहांपुर। चार दिन पूर्व जान लेवा हमला में घायल हुए बेटे की पुलिस ने डाक्टरी कराए जाने के बाद रिपोर्ट दर्ज न करने के चलते दंपत्ति घायल बेटे को लिए थाने के चक्कर लगा रहा है। आरोप है कि सत्ता पक्ष के लोगों के हस्तक्षेप के चलते उसकी कोई सुनने को तैयार नहीं है। कोतवाली क्षेत्र के गांव मित्रपुर बरुआ निवासी भूपेंद्र सिंह सपत्नीक घायल बेटे शरद के साथ सोमवार को कोतवाली पहुंचे। कोतवाल प्रिंस शर्मा की गैर मौजूदगी में परेशान हाल दंपति ने इंस्पेक्टर क्राइम सुनील यादव को तहरीर देते हुए बताया कि बीती नौ जुलाई को शाम करीब पांच बजे वह अपनी चौपाल के पास अपने ट्रैक्टर से रूटा वेटर खोलकर दूसरे ट्रैक्टर में जोड़ रहा था। आरोप है कि इसी दौरान पडोसी सत्यपाल सिंह पुत्र गोकरन सिंह व उनकी पत्नी उर्मिला रास्ता घेरने का आरोप लगाते हुए गालियां देने लगे। विरोध करने पर सत्यपाल सिंह के बेटे रविकांत सिंह व शशिकांत सिंह तथा पडोसी राहुल सिंह, अतुल सिंह लाठी डंडा लेकर आ गये और ट्रैक्टर के पास खड़े बेटे शरद सिंह पर जान लेवा हमला कर दिया। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। आरोप है कि हमलावर जान से मारने की धमकी देते हुए चले गए। कोतवाली पुलिस ने शरद की डॉक्टरी कराई। लेकिन चार दिन बीतने के बाद में रिपोर्ट दर्ज नहीं की गई है। चूंकि कोतवाल मौजूद नहीं थे सो पीड़ित को अगले दिन आने की बात कहकर तर्क दिया गया। आरोप है कि पुलिस उस पर समझौते का दबाव बना रही है।

आवास योजना में भ्रष्टाचार का आरोप, महिलाओं ने कलेक्ट्रेट में किया प्रदर्शन

▸ डीएम को ज्ञापन देने पर अड़ी रहीं महिलाएं, नायब तहसीलदार बैंरग लौटे

शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।

डूडा आफिस पर भ्रष्टाचार का आरोप लगाते हुए पात्रों को आवास की सुविधा नही उपलब्ध कराने पर महिलाओं ने सोमवार को कलेक्ट्रेट में जमकर विरोध प्रदर्शन किया और डूडा अधिकारी के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। काफी समझाने के बाद महिलाओं ने ज्ञापन सौंपा। प्रधानमंत्री आवास योजना में भ्रष्टाचार और पात्र लाभार्थियों को आवास न मिलने का आरोप लगाते हुए सर्वधर्म एकता समिति के नेतृत्व में आवासहीन महिलाओं ने सोमवार को कलेक्ट्रेट परिसर में प्रदर्शन किया। महिलाओं ने नारेबाजी करते हुए डूडा अधिकारियों पर धन उगाही और गरीबों के शोषण का आरोप लगाया। प्रदर्शन के दौरान महिलाओं ने गली-गली शोर है, डूडा अधिकारी चोर है के भी नारे लगाए। इसके अलावा नगर निगम के खिलाफ भी नारेबाजी की है। उनका कहना था कि कई वर्षों से आवास के लिए आवेदन करने के बावजूद जांच में पात्र पाए जाने के बाद भी उन्हें प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ नहीं मिल सका है। आरोप लगाया कि बिना धन लिए पात्र लोगों के आवेदन आगे नहीं बढ़ाए जा रहे हैं। प्रदर्शन के दौरान ज्ञापन लेने के लिए नायब तहसीलदार सत्येंद्र कटियार पहुंचे, लेकिन प्रदर्शनकारी महिलाओं ने डीएम को ही ज्ञापन सौंपने की मांग पर अड़ गईं। जिससे नायब तहसीलदार को बिना ज्ञापन लिए वापस लौटना पड़ा। पुनः महिलाओं ने नारेबाजी करते हुए प्रदर्शन शुरू कर दिया। फिर सदर थाने से पहुंची पुलिस ने महिलाओं से वार्ता की और डीएम के आफिस में नही होने की बात रखी। जिसके बाद काफी समझाने के बाद महिलाओं ने नायब तहसीलदार अपूर्वा सिंह को ज्ञापन सौंपा। चेतावनी दी कि यदि पात्र लाभार्थियों को शीघ्र आवास उपलब्ध नहीं कराया गया और कथित अनियमितताओं की निष्पक्ष जांच नहीं कराई गई तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा। इस दौरान रीना शर्मा, मोनी, राना कुमारी, अनीता, रंजीता, रुबीना, निशा सहित बड़ी संख्या में महिलाएं मौजूद रहीं।

शादी का झांसा देकर दुष्कर्म करने वाला गिरफ्तार

▸ थाना रोजा पुलिस ने अटसलिया पुल के नीचे से किया गिरफ्तार

रोजा, शाहजहांपुर। रोजा पुलिस टीम द्वारा शादी का झांसा देकर दुष्कर्म करने वाले आरोपी को गिरफ्तार कर बड़ी सफलता हासिल कर ली हैं। थानाध्यक्ष उमेश कुमार मिश्र ने बताया कि मंगलवार को थाना रोजा पर एक महिला ने थाना सिंधौली के गांव गोरारायपुर निवासी महताब पुत्र कल्लू नि0 ग्राम गोरारायपुर, थाना सिधौली के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कराई थी। महिला ने आरोपी महताब पर शादी का झांसा देकर दुष्कर्म करने तथा जान से मारने की धमकी देने के आरोप लगाए गए थे। तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर आरोपी की गिरफ्तारी के लिये थाना रोजा पुलिस टीम द्वारा तत्काल प्रभावी कार्यवाही करते हुए घटना का मात्र 24 घंटे के भीतर सफल अनावरण किया गया। सोमवार को थाना रोजा पुलिस टीम ने मुखबिर की सूचना पर अटसलिया पुल के नीचे आरोपी महताब सोमवार की दोपहर गिरफ्तार कर लिया गया। गिरफ्तार आरोपी के विरुद्ध नियमानुसार आवश्यक वैधानिक कार्यवाही करते हुए उसे न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है।

दयानंद बाल विद्या मंदिर में पौधरोपण

शाहजहांपुर। दयानंद बाल विद्या मंदिर जूनियर हाई स्कूल स्थित कच्चा कटरा के प्रांगण में आर्य समाज की प्रदेश उप प्रधान गायत्री दीक्षित ने सर्वप्रथम चंदन का पौधा रोपण किया। तदुपरांत संस्था के व्यवस्थापक ज्ञानेश चंद्र मिश्र व सत्य प्रकाश तिवारी, राजेश चंद्र शुक्ल, जगत नारायण अवस्थी, प्रबंध त्रिपाठी वरिष्ठ पत्रकार, राम नरेश बाजपेई सेवानिवृत्ति प्रिंसिपल तथा समाजसेवी व सीनियर सिटिजन सोसायटी के जिलाध्यक्ष उमेश चंद्र पाठक व पेंशनर्स सेवा संस्था के जिलाध्यक्ष प्रेमपाल सिंह तथा विद्यालय के बच्चों व शिक्षिकाओं ने पर्यावरण के संरक्षण पर संवर्धन के मुहिम में चंदन व अन्य कई पौधों का रोपण करके मानव कल्याण हेतु अपना विशेष योगदान प्रदान किया।

सांप के काटने से बुजुर्ग की हालत बिगड़ी, सीएचसी से जिला मेडिकल कॉलेज रेफर

तिलहर, शाहजहांपुर। खेत पर काम करते समय सांप ने एक बुजुर्ग को डस लिया। जिससे उसकी हालत बिगड़ते ही परिजन सीएचसी लेकर पहुंचे। जहां से उन्हें जिला मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया। कोतवाली क्षेत्र के गांव खिरिया उदैत निवासी राकेश सिंह 60 पुत्र रामपाल सिंह 60 सोमवार सुबह अपने खेत में घास छील रहे थे। इसी दौरान एक सांप ने उन्हें डस लिया। सांप के काटते ही उनकी हालत बिगड़ने लगी। राकेश का बेटा तत्काल उन्हें तिलहर सीएचसी लेकर पहुंचा। जहां डॉक्टर ने प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें गंभीरावस्था में जिला मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया।

तबादला एक्सप्रेस: 5 एसडीएम गैर जनपद स्थानांतरित, 5 नए की तैनाती

▸ शासन ने प्रदेश में बड़े स्तर पर पीसीएस अफसरों के किए तबादले

शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।

प्रदेश सरकार ने बड़े स्तर पर प्रशासनिक फेरबदल करते हुए पीसीएस अधिकारियों के तबादले कर दिए हैं। रविवार आधी रात को 182 अधिकारियों की पहली सूची जारी की गई थी, जिसके बाद सोमवार को 181 अन्य पीसीएस अफसरों की दूसरी लिस्ट जारी कर दी गई है। इसमें बात अगर शाहजहांपुर की करे तो यहां पांच एसडीएमों का गैर जनपद स्थानांतरण कर दिया गया है। जबकि पांच नये एसडीएम की तैनाती दी गई है। इसमें सदर एसडीएम संजय कुमार पाण्डेय बहराइच, तिलहर एसडीएम जीत सिंह रामपुर, कलान एसडीएम अभिषेक प्रताप सिंह इटावा, एसडीएम न्यायिक सदर चित्रा निर्वाल को हमीरपुर, अतिरिक्त मजिस्ट्रेट रविंद्र कुमार को शाहजहांपुर से अमरोहा भेजा गया है। जबकि नवीन तैनाती में बिजनौर से हर्ष चावला, अलीगढ़ से आशुतोष कुमार सिंह, मैनपुरी से संध्या शर्मा, कानपुर देहात से नीलिमा यादव व लखीमपुर खीरी से मधुसूदन गुप्ता को शाहजहांपुर में एसडीएम पद पर तैनाती दी गई है।

विश्व हिंदू परिषद-बजरंग दल ने लगाया निशुल्क स्वास्थ्य शिविर, 124 मरीजों का हुआ उपचार

खुदागंज, शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।

विश्व हिंदू परिषद एवं बजरंग दल द्वारा सेवा सप्ताह के उपलक्ष्य में प्रखंड गोपाल नगर, खुदागंज के मोहल्ला राठान स्थित देवीस्थान (होलिका स्थान) पर रविवार को निशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में क्षेत्र के लोगों ने बड़ी संख्या में पहुंचकर स्वास्थ्य परीक्षण कराया तथा विशेषज्ञ चिकित्सकों से परामर्श प्राप्त किया। सभी मरीजों को आवश्यक दवाइयां भी निशुल्क वितरित की गईं। स्वास्थ्य शिविर में कुल 124 मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। वहीं 32 मरीजों के रक्त के नमूने लेकर जांच के लिए भेजे गए, जिनमें टाइफाइड, मलेरिया, डेंगू सहित अन्य आवश्यक जांचें शामिल हैं। चिकित्सकों ने मरीजों की स्वास्थ्य संबंधी समस्याएं सुनकर उचित उपचार के साथ-साथ स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए आवश्यक परामर्श भी दिया। शिविर में डॉ. नन्हे अहमद, डॉ. भगवान दीन, डॉ. पायल रानी एवं रितिका सिंह ने ओपीडी में मरीजों का परीक्षण कर उन्हें उपचार उपलब्ध कराया। विश्व हिंदू परिषद एवं बजरंग दल के जिला सह-संयोजक राजीव कश्यप ने बताया कि सेवा सप्ताह के अंतर्गत आयोजित इस प्रकार के जनकल्याणकारी कार्यक्रमों का उद्देश्य जरूरतमंद लोगों तक निशुल्क स्वास्थ्य सुविधाएं पहुंचाना तथा समाज में स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाना है। उन्होंने कहा कि भविष्य में भी संगठन द्वारा सेवा और सामाजिक सरोकार से जुड़े कार्यक्रम निरंतर आयोजित किए जाएंगे। इस अवसर पर गुरुपाल सिंह, राजीव कश्यप, रोहित सिंह, सुधांशु सिंह, आकाश दीक्षित, नक्षत्र पाल सिंह, राहुल सिंह, शिवराम कश्यप, अमित कश्यप, आकाश कश्यप, सुनील तथा मंदिर के महंत हरिपाल बाबा सहित विश्व हिंदू परिषद एवं बजरंग दल के अनेक कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

सर्राफ की दुकान में चोरी करने का प्रयास

▸ सीसीटीवी में नजर आये दो चोर, पांच दिन पहले भी हुआ था चोरी का प्रयास, पुलिस चोरों की तलाश में जुटी

रोजा, शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।

थाना रोजा क्षेत्र में बरेली सीतापुर राष्ट्रीय राजमार्ग पर रविवार की देर रात दो अज्ञात चोरों ने एक सर्राफ को दुकान पर चोरी करने का प्रयास किया। शोर शराबा सुनकर चोर फरार हो गये। घटना की लिखित तहरीर पुलिस को दे दी हैं। पुलिस चोरों की तलाश कर रही हैं। थाना क्षेत्र के गांव रूकनापुर निवासी अरूण राठौर ने पुलिस को तहरीर तहरीर में पुलिस को बताया कि उसकी सीतापुर राष्ट्रीय राजमार्ग पर जमुका में सर्राफे की दुकान हैं। रविवार को वह अपनी सर्राफे की दुकान बंद करके अपने घर चला गया। रविवार की देर रात दुकान के बाहर लगे सीसीटवी के कैमरे को अपने मोबाइल पर दो अज्ञात चोरों को दुकान के बाहर लगे बल्ब को तोड़ते देखा। इसके बाद इन चोरों ने शटर तोड़ने के दुकान के बाहर फर्श तोड़ रहे है। इसकी शिकायत डायल 112 पुलिस को सूचना दी। शोर शराबा सुनकर चोर फरार हो गये। उन्होंने पुलिस को बताया कि इससे पांच दिन पूर्व भी दुकान पर चोरी का प्रयास हुआ था तो मौके पर पुलिस ने एक चोर को पकड़ लिया था। थानाध्यक्ष उमेश कुमार मिश्र ने बताया कि चोरी के प्रयास की तहरीर मिली है, पुलिस सीसीटीवी फुटेज के आधार पर चोरों की तलाश कर रही हैं।

11 वर्षीय बालक मंजीत लापता, गुमशुदगी दर्ज

सिधौली (शाहजहांपुर)। थाना सिधौली क्षेत्र के गांव मियांपुर निवासी सर्वेश उर्फ उमेश की तहरीर पर पुलिस ने उनके 11 वर्षीय बेटे मंजीत की गुमशुदगी का मुकदमा दर्ज कर लिया है। तहरीर में बताया गया कि 8 जुलाई की सुबह करीब 8 बजे मंजीत अपने छोटे भाई-बहनों के साथ गांव के स्कूल में पढ़ने गया था। स्कूल जाने के बाद वह वापस घर नहीं लौटा। काफी देर तक इंतजार करने के बाद परिजनों ने आसपास के गांवों और रिश्तेदारों के यहां उसकी तलाश की, लेकिन उसका कोई सुराग नहीं मिला। परिजनों के अनुसार मंजीत का मानसिक संतुलन ठीक नहीं है, जिससे उनकी चिंता और बढ़ गई है। आसपास के क्षेत्रों में पूछताछ की जा रही है तथा संभावित स्थानों पर उसकी खोजबीन जारी है। कोतवाल रविंद्र सिंह ने बताया गुमशुदगी दर्ज कर तलाश की जा रही है।

तालाब की नाप में मकानों पर लगे निशान से तमाम लोग हुए भयभीत

▸ चेयरपर्सन पूजा कसाना के नेतृत्व में दिया एसडीएम को ज्ञापन

तिलहर-शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।

मीरानपुर कटरा में तालाब की नाप के दौरान मकानों पर निशान लगाने से भयभीत तमाम लोगों ने चेयरमैन पूजा कसाना के नेतृत्व में एसडीएम जीत सिंह राय को ज्ञापन सौंपा। मीरानपुर कटरा के पूर्व चेयरमैन सुरेंद्र कुमार गुप्ता ने तालाब की गाटा संख्या 1349 पर सैकड़ो लोगों द्वारा अतिक्रमण किए जाने की शिकायत की थी। शिकायत पर नायब तहसीलदार निवेदिता ठाकुर के नेतृत्व में बनी टीम द्वारा तालाब की पैमाइश की जा रही है। पैमाईश में कई मकान तालाब की जद में आने पर वाले मकान स्वामियों में खासा हड़कंप मच गया। करीब दो सौ से अधिक मकानों को चिन्हित करने से लोगों में मकान गिरने का भय व्याप्त हो गया। इसको लेकर सोमवार को चेयरमैन पूजा कसाना एवं सभासदों के साथ तमाम लोगों ने एसडीएम कार्यालय पहुंचकर पक्के मकान का चिन्हीकरण नहीं करने की अपील की। पूजा कसाना ने कहा कि गठित टीम के द्वारा घरों के भीतर नाप न करके वर्तमान में तालाब के रूप में स्थिति की नाप कराई जाए। इस दौरान सरदार अहमद, संजीव सैनी, राबिया, सीबो, पूजा, दानिश आदि मौजूद रहे। एसडीएम जीत सिंह राय ने बताया कि टीम द्वारा की जा रही नाप जारी रहेगी। केवल तालाब की जमीन का चिन्हीकरण किया जा रहा है। अभी किसी का मकान गिराया नहीं जा रहा है इसलिए लोग परेशान न हो। चेयरमैन को तो सरकारी जमीनों को बचाकर उनका सौन्दर्यीकरण करना चाहिए।

बाइक की टक्कर से अधेड़ घायल, सीएचसी से जिला मेडिकल कॉलेज रेफर

तिलहर - शाहजहांपुर। नगर के बाईपास चैराहे के पास सड़क पार कर रहे एक युवक को तेज रफ्तार बाइक ने जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। जबकि बाइक चालक मौके से फरार हो गया। जानकारी के मुताबिक सोमवार सुबह करीब 9 बजे नगर के मोहल्ला पचासा निवासी रिंकू 50 बाईपास चैराहे पर सड़क पार कर रहे थे। इसी दौरान तेज गति से आ रही एक बाइक ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर लगते ही बाइक चालक मौके से फरार हो गया। घटना की सूचना मिलने पर घायल के भाई लोकेश मौके पर पहुंचे और उन्हें सीएचसी ले गए। जहां डॉक्टर ने प्राथमिक उपचार के बाद गंभीरावस्था में उन्हें जिला मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया।

नोएडा जाते समय दर्दनाक हादसा: पिता व मासूम पुत्री की मौत, पत्नी समेत दो बच्चे गंभीर घायल

खुदागंज, शाहजहांपुर। थाना खुदागंज क्षेत्र के ग्राम हसनपुर निवासी एक परिवार सोमवार को सड़क दुर्घटना का शिकार हो गया। इस हृदयविदारक हादसे में परिवार के मुखिया एवं उनकी चार वर्षीय पुत्री की मृत्यु हो गई, जबकि पत्नी और दो अन्य बच्चे गंभीर रूप से घायल हो गए। ग्राम हसनपुर निवासी अशोक पुत्र रामेश्वर दयाल अपनी पत्नी रिंकी तथा बच्चों अनुज (14 वर्ष), मीनाक्षी (8 वर्ष) और राधिका (लगभग 4 वर्ष) के साथ मोटरसाइकिल संख्या यूपी-16-ईक्यू-6339 से नोएडा जा रहे थे। मार्ग में एक फ्लाईओवर के समीप उनकी मोटरसाइकिल अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकरा गई। टक्कर इतनी भीषण थी कि मासूम राधिका की मौके पर ही मृत्यु हो गई, जबकि अन्य सभी गंभीर रूप से घायल हो गए।।सूचना मिलते ही पुलिस एवं स्थानीय लोग तत्काल मौके पर पहुंचे और घायलों को उपचार हेतु अस्पताल भिजवाया। चिकित्सकों के अथक प्रयासों के बावजूद अशोक ने भी उपचार के दौरान दम तोड़ दिया। पुलिस ने दोनों शवों को कब्जे में लेकर पंचनामा भरने

के बाद अग्रिम विधिक कार्रवाई शुरू कर दी है तथा परिजनों को घटना की सूचना दे दी गई है। इस दुखद घटना से ग्राम हसनपुर सहित समूचे क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई है। ग्रामीणों ने शोकाकुल परिवार के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त करते हुए घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की है।

विश्वविद्यालय में छात्र शिकायत निवारण समिति का गठन

शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।

स्वामी शुकदेवानन्द विश्वविद्यालय में विद्यार्थियों की शिकायतों के प्रभावी निस्तारण की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए छात्र शिकायत निवारण समिति का गठन किया गया है। कुलपति प्रो पुष्पेंद्र बहादुर सिंह के आदेशानुसार गठित इस समिति का उद्देश्य विद्यार्थियों की शिकायतों का पारदर्शी, निष्पक्ष एवं समयबद्ध समाधान सुनिश्चित करना है, जिससे विश्वविद्यालय परिसर में उत्तरदायी, संवेदनशील एवं छात्र-केंद्रित शैक्षणिक वातावरण को और अधिक सुदृढ़ बनाया जा सके।

गठित समिति में प्रो. कमलेश गौतम को अध्यक्ष नामित किया गया है। समिति के सदस्य के रूप में प्रो. आलोक मिश्रा, प्रो. प्रभात शुक्ला, प्रो. पूनम एवं प्रो. अजीत सिंह चारग को शामिल किया गया है। वहीं, एम.ए. अर्थशास्त्र (द्वितीय वर्ष) के छात्र श्री अभिषेक सिंह राजपूत को विशेष आमंत्रित सदस्य के रूप में नामित किया गया है, जिससे विद्यार्थियों की सहभागिता एवं उनकी समस्याओं के प्रभावी समाधान को और अधिक सशक्त बनाया जा सके। विश्वविद्यालय प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि यह समिति समय-समय पर यूजीसी एवं शासन द्वारा जारी दिशा-निर्देशों के अनुरूप शिकायतों का निस्तारण सुनिश्चित करेगी।

कार्यालय तहसीलदार पुवायां, जिला-शाहजहांपुर

नीलामी सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि तहसील पुवायां के अन्तर्गत राजस्व ग्राम शिवपुरी खंची, परगना व तहसील पुवायां गाटा संख्या 140 रक्बा 0.040 हे. चकमार्ग पर खड़े विभिन्न प्रजातियों के 15 पेड़ों की नीलामी दिनांक 15.07.2026 दिन बुधवार को तहसील सभागार पुवायां समय 12.00 अपरान्ह नीलामी अधिकारी नायब तहसीलदार बंडा की अध्यक्षता में होनी निश्चित हुई है। जिसमें इच्छुक व्यक्ति नीलामी प्रक्रिया में भाग लेकर नीलामी लेना सुनिश्चित करें। नियम व शर्तों की जानकारी कार्यालय से प्राप्त करें। नीलामी स्वीकृत व निरस्त करने का अधिकार उपजिलाधिकारी महोदय पुवायां को होगा।

तहसीलदार
पुवायां, शाहजहांपुर

जहरीली विरासत

शासन-प्रशासन के तमाम दावों के बावजूद आज भी पंजाब की नदियों को जहरीला बनाने का सिलसिला बदस्तूर जारी है। जिसकी पुष्टि नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल के समक्ष पंजाब पॉल्यूशन कंट्रोल बोर्ड की स्वीकृति है कि आज भी आठ सौ से अधिक प्रदूषण के स्रोत राज्य की नदियों को प्रदूषित कर रहे हैं। निश्चय ही यह तथ्य उन विभागों व संस्थाओं के कामकाज पर सवालिया निशान है जो पर्यावरण संरक्षण के प्रबंधन से जुड़े हैं। साथ ही लंबे समय से अदालत के हस्तक्षेप व विभिन्न सर्वेक्षणों में सामने आए तथ्यों की पुष्टि होती है कि राज्य में जागरूकता की कमी नहीं है, बल्कि समय रहते प्रभावी कार्रवाई न होने से उपजा संकट है। वर्षों से सरकारें एक्शन प्लान बनाने के दावे करती रही हैं। कभी ट्रीटमेंट प्लांट बनाने की बात होती है तो कभी कमेटियां बनाने के दावे होते हैं। आखिर क्यों आज भी बिना साफ किया हुआ सीवेज और औद्योगिक कचरा सतलुज, ब्यास और इनकी सहायक नदियों में बदस्तूर बहाया जा रहा है। जाहिर है, मौजूदा संसाधनों का या तो पूरा उपयोग नहीं हो पा रहा है या उनका रखरखाव ठीक नहीं है। फलतः जन-स्वास्थ्य से जुड़ा एक बड़ा संकट पैदा होता है। जो धीरे-धीरे आपदा का रूप ले लेता है। आज फैक्ट्रियों से निकलने वाले रसायनों के जरिये भारी धातुएं और जहरीले तत्व भूजल को प्रदूषित करने के बाद, हमारी खाद्य शृंखला में शामिल हो रहे हैं। जो राज्य के बहुचर्चित 'कैंसर बेल्ट' के रूप में हमारे सामने मौजूद है। निःसंदेह, पंजाब में यदि हरित क्रांति का परचम लहराया तो उसके मूल में पंजाब की नदियों की बड़ी भूमिका रही है। लेकिन आज वे तंत्र की काहिली, अनियोजित शहरीकरण, नियम-कानूनों का क्रियान्वयन न होने और दोषियों को सजा न मिलने का दंड चुका रही हैं। एनजीटी गाहे-बगाहे नगर निकायों की शिथिलता दर्शाकर सच्चाई से आम लोगों को अवगत कराता रहा है। निःसंदेह, पर्यावरण संरक्षण के प्रयास तब तक सफल नहीं हो सकते हैं जब तक कि इसकी जिम्मेदारी तय न की जाए और सख्त जुर्माना लगाना पर्यावरण संरक्षण नीति का हिस्सा नहीं बनता है। राज्य ने साबित किया है कि मरणासन्न नदियों को फिर से जीवित किया जा सकता है। काली बेई को पुनर्जीवित करने में जागरूक लोगों की बड़ी भूमिका रही है। जो दर्शाता है कि पक्के इरादे के साथ किए गये प्रयास से बेहद बुरे हालात में पहुंच चुके जल स्रोत को भी जीवंत बनाया जा सकता है। लेकिन इक्का-दुक्का सफलताएं ही व्यापक रणनीति की जगह नहीं ले सकतीं। जरूरी है कि नियम-कानूनों का कड़ाई से पालन किया जाए, सार्वजनिक रिपोर्टिंग को पारदर्शी बनाएं तथा सीवेज एवं कचरा-शोधन प्रणालियों में निरंतर निवेश बढ़ाया जाए। सर्वविदित है कि पंजाब का नाम यहां की नदियों से पड़ा है। ऐसे में इन नदियों को खुले नाले बनते रहने देने से न केवल हमारा पारिस्थितिकीय तंत्र व लोगों का स्वास्थ्य प्रभावित होता है, बल्कि राज्य की खुशहाली व पहचान के लिये भी एक खतरा है। अब मजबूत राजनीतिक इच्छा शक्ति दिखाने का वक्त है।

प्रधानमंत्री मोदी के भारत के 5एफ विजन को बुनता टेक्स 2026

श्री पबित्रा मार्गेरिटा

कश्मीरी पश्मीना की नरम गर्माहट से लेकर असम के मूंगा सिल्क की शानदार चमक तक, राजस्थानी बांधनी के जीवंत ज्यामितीय पैटर्न से लेकर कांजीवरम सिल्क की सदाबहार और बेहतरीन बनावट तक, भारत की भौगोलिक और सांस्कृतिक विविधता धागों से बुना एक जीता-जागता नक्शा है। आज, सभ्यता की यह बेमिसाल तस्वीर एक ही छत के नीचे एक साथ नज़र आ रही है। नई दिल्ली के प्रसिद्ध भारत मंडपम में 14 से 17 जुलाई तक भारत टेक्स 2026 का आयोजन, हमारे देश की खूबसूरत विविधता को एक ही मंच पर ला रहा है।

वस्त्र उद्योग सिर्फ हमारी विरासत की झलक नहीं है, यह भारत के मैक्रो-इकोनॉमिक ढांचे की एक मज़बूत नींव भी है। यह क्षेत्र लगातार विकास और समानता का एक बहुत बड़ा इंजन बना हुआ है, जो जीडीपी में 2.3%, औद्योगिक उत्पादन में 13% और निर्यात में 8.6% का योगदान देता है। कृषि के बाद भारत में सबसे ज़्यादा रोज़गार देने वाला यह क्षेत्र 100 मिलियन से ज़्यादा लोगों की आजीविका का साधन है, जो ग्रामीण समुदायों को मज़बूत बनाता है और देश भर में लाखों महिलाओं को आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनाता है।

आर्थिक शक्ति के इस केंद्र को सही मायने में समझने के लिए भारत टेक्स का अनुभव करना बेहद ज़रूरी है। यह वैश्विक स्तर पर प्रमुख भारतीय वस्त्रों का व्यापार मेला है, जिसे पूरी दुनिया के सामने हमारे निर्माण और रचनात्मकता की क्षमता का दबदबा दिखाने के लिए तैयार किया गया है। यह एक ऐसा व्यापक बाज़ार है, जहाँ घरेलू निर्माणकर्ता, राज्यों के पवेलियन, अंतरराष्ट्रीय प्रदर्शक और वैश्विक खरीदार एक ही छत के नीचे होते हैं। इससे बड़े पैमाने पर सोर्सिंग, कॉर्पोरेट जुड़ाव और ब्रांड को प्रदर्शित करने के अवसर भी मिलते हैं।

इस शानदार पहल के सफ़र पर नज़र डालें तो मुझे भारत टेक्स के पिछले दो आयोजनों से बेहद गर्व की अनुभूति का स्मरण होता है। जब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भारत टेक्स के पिछले संस्करण के दौरान संपूर्ण वस्त्र समुदाय को संबोधित किया था, तो उन्होंने बेहद खूबसूरती से कहा था कि हमने जो बीज बोया था, वह अब तेज़ी से बरगद के पेड़ का रूप ले रहा है। उन्होंने कहा कि यह भव्य आयोजन न केवल हमारी समृद्ध परंपराओं का जश्न मनाता है, बल्कि एक विकसित भारत की अपार संभावनाओं को भी उजागर करता है। पहले दो आयोजनों की ज़बरदस्त सफलता ने एक मज़बूत नींव रखी, बड़ी संख्या में अंतरराष्ट्रीय खरीदारों को आकर्षित किया और सहयोग की दिशा में भी तेज़ी देखने को मिली। भारत टेक्स 2025 के दौरान मेरे व्यक्तिगत अनुभव ने भविष्य के लिए एक बहुत ही सकारात्मक नज़रिया हासिल किया, जहाँ मैंने सरकार से सरकार और व्यापार से सरकार के बीच गहन बातचीत को ठोस नतीजों में बदलते देखा और इसी के चलते भारत की कार्य क्षमता में बढ़ते वैश्विक भरोसे की झलक भी दिखी। यह तीसरा आयोजन उस रफ्तार को और आगे ले जाता है और शुरुआती संभावनाओं को पूरी तरह से औद्योगिक प्रभाव में बदलता है।

इस साल के कार्यक्रम का बहुत बड़ा पैमाना एक सोची-समझी औद्योगिक रणनीति को दर्शाता है। भारत मंडपम में खास प्रदर्शनी हॉलों में फैली यह प्रदर्शनी भारत की पूरी वस्त्र मूल्य श्रृंखला को दिखाती है, जिसमें फाइबर, यार्न, फैब्रिक, कपड़े और फैशन, होम टेक्सटाइल, तकनीकी वस्त्र और सहायक उद्योग शामिल हैं। इसमें 1,600 से ज़्यादा प्रदर्शक हिस्सा ले रहे हैं, जो स्थानीय उत्पादन की ताकत को सीधे वैश्विक मंच पर पेश करेंगे। यह प्रधानमंत्री मोदी के क्रांतिकारी 5एफ विज़न- फार्म (खेत) से फाइबर से फैक्ट्री से फैशन से फॉरेन (विदेश) तक के सफर को दर्शाता है। पूरी मूल्य श्रृंखला को एक ही औद्योगिक श्रृंखला में जोड़कर, यह कार्यक्रम विनिर्माण के हर चरण को देश में ही संभालने की भारत की आत्मनिर्भर क्षमता को दिखाता है।

इस पहल को दुनिया भर से ज़बरदस्त प्रतिक्रिया मिली है। इस संस्करण में अमेरिका, यूनाइटेड किंगडम, जापान, पुर्तगाल, स्पेन, न्यूज़ीलैंड, दक्षिण कोरिया, दक्षिण अफ्रीका और नेपाल समेत 14 देशों के अंतरराष्ट्रीय प्रदर्शक शामिल हैं, साथ ही, संयुक्त राष्ट्र और यूरोपीय संघ का भी मज़बूत संस्थागत प्रतिनिधित्व है। कई देशों के मंत्री-स्तरीय प्रतिनिधिमंडल और बड़े व्यापारिक प्रतिनिधि दीर्घकालीन साझेदारी की संभावना तलाशने के लिए इसमें हिस्सा ले रहे हैं। उम्मीद है कि चार दिनों में 110 से ज़्यादा पंजीकृत देशों से 7,000 से ज़्यादा खरीददार और 1.3 लाख व्यापारिक आगंतुक आएंगे, जो वहां दिखाए जा रहे 20,000 से ज़्यादा वस्त्र उत्पादों को देखेंगे। इस व्यावसायिक गतिविधि में 3,500 से ज़्यादा खास तौर पर आयोजित बिज़नेस टू बिज़नेस बैठकें होंगी। इसके अलावा, राज्य निवेशक संपर्क सत्र भी होंगे, जो अलग-अलग भारतीय राज्यों को अपने खास औद्योगिक ढ़ांचे को पेश करने का मंच प्रदान करेंगे।

उद्योगों को आगे बढ़ाने हेतु वास्तविक नेतृत्व के लिए ज्ञान और भविष्य की योजना के प्रति गहरी प्रतिबद्धता की ज़रूरत होती है। भारत टेक्स 2026 इस ज़िम्मेदारी को वैश्विक वस्त्र वार्ता के ज़रिए निभाता है, जिसमें पैनल चर्चा, राउंडटेबल, मास्टरक्लास, राज्य सत्र, अवॉर्ड्स पिच फेस्ट और कार्यशाला जैसे 100 से ज़्यादा खास सत्र शामिल हैं। 370 से ज़्यादा अंतरराष्ट्रीय और राष्ट्रीय सीएक्सओ, पॉलिसी निर्माता और अन्वेषकों की अगुवाई में होने वाले ये खास सत्र व्यापार और निवेश को बढ़ाने, तकनीक और नवाचारों को आगे बढ़ाने और फैशन तथा क्राफ्ट को बेहतर बनाने पर फोकस करेंगे। इस कार्यक्रम में व्यापार, निवेशक, तकनीक और संस्थागत सहयोग से जुड़े कई रणनीतिक समझौतों और क्षेत्रों से जुड़ी रिपोर्ट पर हस्ताक्षर और उन्हें लॉन्च भी किया जाएगा।

इन चर्चाओं में वहनीयता और सर्कुलैरिटी जैसे अहम पहलुओं पर भी खास ध्यान दिया जाएगा। पिछले कार्यक्रम के दौरान, प्रधानमंत्री ने इस बात पर ज़ोर दिया था कि वैश्विक फैशन समुदाय तेज़ी से पर्यावरण के लिए फैशन के दृष्टिकोण को अपना रहा है और वहनीयता हमेशा से भारत की टेक्सटाइल विरासत का अहम हिस्सा रही है। भारत टेक्स का यह संस्करण वैश्विक पर्यावरण से जुड़ी चुनौतियों को एक बड़े अवसर में बदलता है और यह दिखाता है कि कैसे नवाचारों की मदद से हमारी पारंपरिक तकनीकें और बेहतर हुई हैं और इस दौरान ये भी ख्याल रखा गया है कि इस प्रक्रिया में संसाधनों का ज़्यादा से ज़्यादा इस्तेमाल हो सके और बर्बादी कम हो, जिससे हमारे बुनकरों और कारीगरों को सीधा फायदा हो। हमारे वस्त्र मंत्री श्री गिरिराज सिंह जी के नेतृत्व में, मंत्रालय ने ज़मीनी स्तर पर इन आधुनिकीकरण और वहनीय वृद्धि की पहलों को तेज़ी से आगे बढ़ाया है। इससे यह सुनिश्चित होता है कि हमारी पूरी वस्त्र मूल्य श्रृंखला को मज़बूत आधुनिक तकनीक, बड़े पैमाने पर लागू होने वाले नीतिगत फ्रेमवर्क और मज़बूत मार्केट लिंकेज का सहारा मिले।

आज भारत टेक्स में लगातार बढ़ता पैमाना और आत्मविश्वास जो दिख रहा है, वह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में पिछले एक दशक से लगातार किए जा रहे नीतिगत सुधारों का नतीजा है। पिछले 12 सालों में, मोदी सरकार ने बड़े बदलाव लाने वाले कदमों के ज़रिए वस्त्र मूल्य श्रृंखलाओं की हर कड़ी को मज़बूत किया है। वस्त्रों के लिए प्रोडक्शन लिंक्ड इंसेंटिव (पीएलआई) योजना ने ?31,687 करोड़ से ज़्यादा के निवेश का वादा हासिल किया है। इससे मैन-मेड फाइबर वाले कपड़ों, फैब्रिक और टेक्निकल टेक्सटाइल के बड़े पैमाने पर निर्माण को बढ़ावा मिला है और साथ ही बड़े पैमाने पर रोज़गार के अवसर भी पैदा हुए हैं। इसके साथ ही, प्रधानमंत्री के दूरदर्शी 5एफ दृष्टिकोण को अपनाते हुए सात पीएम पार्क को एकीकृत विनिर्माण व्यवस्था के तौर पर विकसित किया जा रहा है। ज़मीनी स्तर पर लोगों को सशक्त बनाने का काम भी तेज़ी से चल रहा है, राष्ट्रीय हथकरघा विकास कार्यक्रम के तहत 794 हैंडलूम क्लस्टर में लगभग ?2,000 करोड़ का निवेश किया गया है। इससे 1.17 लाख बुनकरों को बेहतर करघे मिले हैं और लगभग 90,000 कामगारों को कौशल प्रशिक्षण दिया गया है। वहीं, राष्ट्रीय हस्तशिल्प विकास कार्यक्रम के तहत हस्तशिल्प क्षेत्र में रु. 1,335 करोड़ से ज़्यादा का निवेश किया गया है। इसके अलावा, 1.5 लाख से ज़्यादा बुनकरों को गवर्नमेंट ई-मार्केटप्लेस (जेम) से जोड़ा गया है और बुनकर मुद्रा योजना के तहत लगभग 3 लाख लोगों को बिना गारंटी के ऋण दिए गए हैं। अपने घरेलू निर्माताओं, कारीगरों और अन्वेषकों को सीधे वैश्विक बाज़ार से जोड़कर, इन व्यापक सुधारों ने हमें उस बड़े वैश्विक स्तर पर आगे बढ़ने के लिए तैयार किया है, जिसकी झलक इस हफ्ते देखने को मिल रही है।

आज जब हम भारत मंडपम के जीवंत प्रदर्शनी हॉलों पर नज़र डालते हैं, तो हमारा नज़रिया इस व्यापार प्रदर्शनी के तात्कालिक दायरे से कहीं आगे तक विस्तृत होता नज़र आता है। यह आयोजन भारत के वस्त्र उद्योग को 350 बिलियन डॉलर के वैश्विक शक्ति केंद्र में बदलने के हमारे विज़न 2030 रोडमैप में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है, जो विकसित भारत ञ्च 2047 के राष्ट्रीय लक्ष्य के साथ पूरी तरह से मेल खाता है। मैं आप सभी को भारत टेक्स 2026 में अगले चार दिनों तक हमारे साथ जुड़ने के लिए आमंत्रित करता हूं, ताकि आप हमारे श्रमिकों की अविश्वसनीय शक्ति, हमारे रचनाकारों के शानदार नवाचारों और वैश्विक वस्त्रों के भविष्य को देख सकें, जिन्हें गर्व से भारत में डिज़ाइन किया गया है, टिकाऊ तरीके से निर्मित किया गया है और बड़े पैमाने पर एकीकृत किया गया है।

(लेखक केंद्रीय वस्त्र राज्य मंत्री हैं। व्यक्त किए गए विचार लेखक के व्यक्तिगत हैं।)

विचार

प. एशिया में तनाव से फिर बढ़ी वैश्विक चिंता

पश्चिम एशिया में फिर तनाव बढ़ रहा है। पिछली 28 फरवरी से शुरु हुआ युद्ध अवांछित जान-माल के नुकसान के बाद बीते दिनों थमा तो दुनिया ने राहत की सांस ली थी। लेकिन 60 दिनों का युद्धविराम समाप्त होने के बाद एक बार फिर से अमेरिका और ईरान युद्ध के मुहाने पर हैं। हाल ही में अमेरिका और ईरान के बीच तीखी बयानबाजी का दौर तो चला ही, इसके अलावा शनिवार देर रात अमेरिका ने ईरान के ऊपर आरोप लगाया कि उसने साइप्रस के झंडे वाले एक जहाज पर हमला किया है।

इसके बाद अमेरिका की तरफसे ईरान के करीब 140 ठिकानों पर हमला किया गया। इस हमले के बाद ईरान ने भी पलटवार किया और कुवैत, बहरीन समेत प.एशिया में मौजूद तमाम अमेरिकी ठिकानों और सैन्य उपकरणों के अड्डों को निशाना बनाया। इसके बाद ईरान की इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड्स कॉर्प्स आईआरजीसी ने चेतावनी दी है कि अगर अमेरिका आगे हमला करता है, तो वह तगड़ा पलटवार करेगा। ईरान ने दावा किया है कि उसकी नौसेना ने एक ऐसे मालवाहक जहाज को चेतावनी दी थी जो उसकी ओर से तय किए गए सुरक्षित मार्ग की बजाय दूसरे रास्ते से गुजर रहा था। अमेरिका की तरफसे हुए हमले पर पलटवार करने के साथ ही एक बार फिर से ईरान ने होर्मुज जलडमरूमध्य मार्ग को बंद कर दिया है। ईरानी संसद के स्पीकर मोहम्मद बागर गालिबाफ ने एक्स पर पोस्ट कर कहा है कि एकतरफा समझौतों का दौर अब खत्म हो चुका है। हमने आपसे कहा था, अपनी बात पर कायम रहें, वरना अंजाम भुगतें। हकीकत अब सामने आ रही है। उन्होंने अमेरिका के साथ हुए समझौते के पांचवें बिंदु का स्क्रीनशॉट भी शेयर किया है, जिसमें लिखा है कि समझौते पर हस्ताक्षर करने के बाद ईरान 60 दिनों तक बिना किसी कर वसूली के वाणिज्यिक जहाजों को फारस की खाड़ी से ओमान की खाड़ी तक सुरक्षित निकालने देगा। अब ईरान ने कहा है कि अगले आदेश तक होर्मुज जलडमरूमध्य बंद रहेगा। ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अरागची ने अमेरिका पर युद्धविराम समझौते का उल्लंघन करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि अमेरिका ने ईरान को डॉलर में कच्चा तेल बेचने की जो छूट दी थी, उसे अचानक खत्म कर दिया। अरागची ने सोशल मीडिया पर लिखा, समझौते तभी चलते हैं जब दोनों पक्ष उसका पालन करें। इधर अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने फिर दावा किया कि ईरान उनकी हत्या की साजिश रच रहा है। उन्होंने सोशल मीडिया पर लिखा कि यदि ईरान ने उनके खिलाफ कोई कार्रवाई की तो अमेरिका तुरंत जवाब देगा।

ट्रंप ने कहा, ईरान की ओर 1000 मिसाइलें तैयार हैं और जरूरत पड़ने पर हजारों और दागी जाएंगी। उन्होंने यह भी दोहराया कि अमेरिका युद्धविराम को समाप्त मानता है, लेकिन बातचीत का रास्ता पूरी तरह बंद नहीं किया गया है। इस तरह के बेतुके बयान ट्रंप शुरु से देते आए हैं। जब अमेरिका और इजरायल ने ईरान पर हमला बोला था, तब भी ईरान की तरफ से खतरा बताया गया था और उस पर परमाणु बम बनाने की साजिश का आरोप तो अमेरिका लगाता ही रहता है। जिस तरह ईरान पर हमले के नए-नए बहाने अमेरिका तलाशता है, उससे जाहिर है कि उसकी दिलचस्पी विश्वशांति में कतई नहीं है। बल्कि हथियारों का कारोबार फलता-फूलता रहा, युद्ध के कारण शेयर बाजार में उथल-पुथल जारी रहे और तेल की कीमतों में मुनाफाखोरी का मौका ट्रंप को मिले, यही असली दिलचस्पी है। पिछले हफ्ते जब दिवंगत नेता आयतुल्लाह अली खामेनेई के लिए शोकसभाएं हो रही थीं और उन्हें सुपुर्दे खाक करने की प्रक्रिया चल रही थी, तब भी ट्रंप ने अवांछित बयान दिया था कि वे चाहें तो एक साथ कई बड़े अधिकारियों को मार सकते हैं। 28 फरवरी को अमेरिका और इजरायल के हमलों में ही खामेनेई की उनके कई परिजनों के साथ हत्या कर दी गई थी। अमेरिका और इजरायल को मुगालता था कि खामेनेई को खत्म करके वे ईरान पर अपना नियंत्रण स्थापित कर लेंगे, लेकिन ईरान पूरी मजबूती के साथ अमेरिका का मुकाबला करता रहा, जिसके बाद मजबूरन ट्रंप को समझौते के लिए राजी होना पड़ा। हालांकि इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू इसके लिए कतई राजी नहीं हैं। गजा के साथ-साथ लेबनान और ईरान दोनों जगह इजरायल की कुदृष्टि पड़ी हुई है। अपने हमलों को जायज ठहराने के लिए नेतन्याहू ने आत्मरक्षा के मनमाने सिद्धांत प्रतिपादित किए हैं, लेकिन अंतरराष्ट्रीय न्यायालय जब उन्हें युद्धअपराधी ठहरा चुका है, तो उनके किसी भी तर्क पर यकीन करना मुश्किल है। ट्रंप के लिए घरेलू स्तर पर कई कठिनाइयां ईरान युद्ध के बाद खड़ी हुई, तो उन्होंने समझौते का रास्ता अपनाया। मगर इतनी जल्दी ट्रंप उस रास्ते से विचलित हो चुके हैं, तो इसके पीछे कोई बड़ा दबाव या दुरभि संधि काम कर रही है, ऐसा माना जा सकता है। ईरान को इस युद्ध में दोषी की तरह देखने वाले लोग इस बात को क्यों नहीं देखते कि पहला हमला उसकी तरफ से नहीं हुआ और न ही उसने ऐसा कोई इरादा जाहिर किया था। लेकिन अगर उस पर वार होंगे तो पलटवार करना उसका हक बनता है। इस बार भी उसने यही किया। लेकिन उसके पड़ोसी और अमेरिका के सहयोगी सऊदी अरब की ओर से जारी बयान में कहा गया है कि ईरान की ओर से अंतरराष्ट्रीय कानून, संयुक्त राष्ट्र चार्टर, ऑर्गनाइजेशन ऑफ इस्लामिक कोऑपरेशन के चार्टर और पड़ोसी संबंधों के नियमों का उल्लंघन हो रहा है। इसका सबूत कमर्शियल जहाजों पर ईरान के बार-बार होने वाले हमले हैं, जिनसे नेविगेशन की सुरक्षा और आजादी को खतरा पैदा होता है। ईरान पर उंगली उठाने वाले सऊदी अरब को यह नजर क्यों नहीं आ रहा है कि अमेरिका और इजरायल ने कितने अंतरराष्ट्रीय नियमों, कानूनों और संधियों का उल्लंघन किया है। उन्हें कभी कोई नसीहत क्यों नहीं दी जाती।

इधर पाकिस्तान ने फिर से ईरान से चर्चा की है और शांति की पहल पर जोर दिया है। पिछला युद्धविराम भी पाकिस्तान की मध्यस्थता के कारण संभव हुआ था, जिससे वैश्विक पटल पर पाकिस्तान को काफी मजबूती और बढ़त हासिल हो गई थी। भारत ने तब एक अच्छा मौका खो दिया था, क्योंकि प्रधानमंत्री मोदी चाहते तो ईरान के साथ हजारों साल के रिश्ते निभाते हुए अमेरिका से भी दोस्ती निभाते और दोनों के बीच समझौता करवाने की पहल करते। अब एक बार फिर मोदी के सामने मौका आया है कि वे भारत की नेतृत्व क्षमता दुनिया को दिखाएं, सवाल यही है कि क्या मोदी ऐसा कर पाएंगे। वैसे होर्मुज जलडमरूमध्य का दोबारा बंद होना और अमेरिका के नए हमले इस बात का संकेत हैं कि यदि दोनों देशों के बीच जल्द कोई कूटनीतिक समाधान नहीं निकला तो इसका असर केवल पश्चिम एशिया तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि वैश्विक तेल बाजार, समुद्री व्यापार और विश्व अर्थव्यवस्था पर भी गंभीर पड़ सकता है।

साहित्य

कद्दावरों के पंख...!

संजय एम तराणेकर

कद्दावरों के पंख कतरने का मौसम फिर आया,
हर नेता ने अपने-अपने सुर को रियाज़ कराया।
जो तक थे शेर यहाँ अब म्याऊँ गुनगुनाते हैं,
कुर्सी की खातिर बड़े-बड़े योगासन अपनाते हैं।

टिकट मिला तो जनसेवा का भाषण सुनाते हैं,
कटते ही सब सिद्धांत घर के कोने सो जाते हैं।
कल कहते थे—दल ही माँ है, दल ही मेरा मान,
आज वही बोले—मुझसे चलता पूरा हिंदुस्तान!

कार्यकर्ता बेचारा कहें—हम किसके संग जाएँ?,
नेता बोले—पहले ये देखो, टिकट किसे दिलाएँ!
जनता हँसते कहती—वाह रे राजनीति का खेल,
यहाँ गिरगिट भी सीख रहा रंग बदलने का मेल!

कुर्सी ऐसी जादूगरनी, जो सबको नाच नचाती है,
हार मिले तो ईवीएम, जीत मिले तो लोकतंत्र है।
आम आदमी तो चाय पिए, नेताजी खाएं मलाई,
फिर चुनाव आते ही सबको याद पड़े जनभलाई।

इसलिए भाई, हमेशा हँसते रहो, मत होना हैरान,
राजनीति का यह सर्कस तो चलता सुबह-शाम।
आज किसी की बल्ले-बल्ले, कल किसकी पोल,
लोकतंत्र की इस लीला में चलता रहता हैं खेल।

राशिफल

मेषः- स्वयं को सही दिशा और लक्ष्य की ओर केंद्रित करें तभी जीवन में सही प्रगति कर सकते हैं। किसी पुराने संबंध के प्रति विशेष निकटता की अनुभूति करेंगे।

वृषभः- हर घटना से आपको सीख लेने की जरूरत है। नये क्षेत्र में निवेश से पूर्व जानकार लोगों से विचार-विमर्श करें। नये व्यावसायिक यात्राओं का योग है।

मिथुनः- परिवार की छोटी-छोटी बातों बाहरी लोगों से न कहें। भावना से उद्वेलित मन संबंधियों के सुख-दुख के प्रति चिंतित होगा। रोजगार में व्यस्तता रहेगी।

कर्कः- भविष्य संबंधी कुछ चिंताएं उत्पन्न होंगी। किसी कार्य को छोटा-बड़ा समझने के बजाए अपने कर्त्तव्यों का सही ढ़ंग से निर्वहन करें। वर्तमान कार्य से मन असंतुष्ट रहेगा।

सिंहः- पारिवारिक दायित्वों की पूर्ति के लिये चिंता उत्पन्न होगी। किसी बड़े आयोजन के लिये समुचित साधन लिए मन प्रयत्नशील होगा।

कन्याः- निकट संबंधों में मधुर संवाद से अपनी सुंदर छवि बनाएं। कुछ महत्वपूर्ण अभिलाषाओं की पूर्ति होने के आसार हैं। सामान्य दिनचर्या के साथ बीत रहे जीवन में उत्साह का अभाव रहेगा। घर में खुशहाली होगी।

तुलाः- समय के साथ समझौता करके चलने का प्रयास करें। कार्यक्षेत्र को ही अपनी पूजा समझें और स्वयं को उसी ओर केंद्रित करें। रोजगार में लाभकारी स्थिति रहेगी।

वृश्चिकः- कोई छोटी बात भी परिवार में तनाव का कारण बन सकती है। महत्वपूर्ण प्रयत्न की सार्थकता हेतु नये उत्साह का संचार होगा। भावनात्मक अभिव्यक्ति से संबंध मधुरत होंगे।

धनुः- महत्वाकांक्षी अभिलाषाएं मन में असन्तुष्ट पैदा करेंगी। तामसिक विचारों को मन से दूर ही रखें। भौतिक आकांक्षाओं की पूर्ति में व्यय अपेक्षित है।

मकरः- बुद्धिमत्ता व परिश्रम का मिले-जुले संयोग का भरपूर लाभ उठाएंगे। आर्थिक क्षेत्र में लाभ के अवसर प्राप्त होंगे। सफलताएं आंतरिक क्षमताओं का एहसास कराएंगी।

कुंभः- शासन-सत्ता में व्यस्तता बढ़ेगी। सामाजिक सक्रियता से मान-प्रतिष्ठा बढ़ेगी। परिजनों के सुख-दुख के प्रति मन चिंतित होगा।

मीनः- किसी भी प्रयास में आर्थिक अभाव अवरोधक होगा। साहस व बुद्धित्ता से पुरानी समस्याओं पर विजय प्राप्त कर सुख की अनुभूति करेंगे।

नफरती कृपा पर जननायक की शुचिता भारी

विशेष संवाददाता

जौनपुर में सियासी उबाल, कृपा शंकर सिंह ने सांसद बाबू सिंह कुशवाहा को कहे अपशब्द, बाहुबली धनंजय सिंह ने दी कड़ी सीख

उत्तर प्रदेश की सियासत हमेशा से ही अपने भीतर कई करवटें, हैरान करने वाले घटनाक्रम और अप्रत्याशित गठबंधन समेटे रहती है। हाल ही में जौनपुर की पावन धरती पर जो कुछ घटा, उसने न सिर्फ पूर्वांचल बल्कि पूरे प्रदेश की राजनीतिक सरगर्मी को सातवें आसमान पर पहुंचा दिया है। टीडी कॉलेज के पुरातन छात्र सम्मेलन के मंच से उपजा यह विवाद केवल दो नेताओं की जुबानी जंग नहीं है, बल्कि यह राजनीति में मर्यादा, शुचिता और सकारात्मकता बनाम नकारात्मकता का एक जीवंत दस्तावेज बन गया है।

इस पूरे घटनाक्रम की पटकथा साल 2019 के आम चुनावों से ही लिखी जाने लगी थी, जब महाराष्ट्र के पूर्व गृहमंत्री और एक दौर में कांग्रेस के बड़े धनकुबेर चेहरा रहे कृपा शंकर सिंह ने सत्ता की बयार को भांपते हुए भाजपा का दामन थामा था। साल 2024 के लोकसभा चुनाव में जब उन्हें जौनपुर से टिकट मिला, तो उन्हें पक्का यकीन हो गया कि अब तो वो जीत ही गए। लेकिन फिर भी अपनी जीत को और पुख्ता करने के लिए साम, दाम, दंड, भेद की नीति भी अपना हर मुमकिन कोशिशें की गईं। क्षेत्र में यह चर्चा आम थी कि कूटनीति के तहत जौनपुर के लोकप्रिय और बाहुबली पूर्व सांसद धनंजय सिंह को चुनावी रेस से बाहर करने की पूरी पटकथा लिखी गई, ताकि राह निष्कंटक हो सके। पैसे को पानी की तरह भी बहाया गया, यहाँ तक कि मतदान के बाद ईवीएम से भरे ट्रक के स्ट्रांग रूम परिसर में घुसने जैसी घटनाओं ने लोकतंत्र के सजग प्रहरियों को झकझोर कर रख दिया। तब बाबू सिंह कुशवाहा के समर्थकों और तत्कालीन प्रशासन के बीच का गतिरोध इस बात का गवाह बना कि सत्ता पक्ष किसी भी कीमत पर यह सीट जीतना चाहता था। लेकिन भारतीय लोकतंत्र की यही खूबसूरती है कि जब-जब धनबल और बाहुबल का अहंकार अति पर होता है, जनता अपनी खामोश ताकत से उसका जवाब देती है। जौनपुर की जनता ने तमाम प्रलोभनों और दबावों को दरकिनार करते हुए पिछड़ों, वंचितों और शोषितों के हक की आवाज बुलंद करने वाले बाबू सिंह कुशवाहा को अपना नायक चुना। चुनाव हारने के बाद पराजित खेमे में एक उम्मीद थी कि बाबू सिंह कुशवाहा बाहरी हैं, बांदा से ताल्लुक रखते हैं और अपनी नई पार्टी के समीकरणों में उलझे रहेंगे, जिससे वे जौनपुर को समय नहीं दे पाएंगे। यह माना गया कि समय बीतने के साथ जनता का मोहभंग होगा और अगली बार का रास्ता साफ हो जाएगा।

परंतु, बाबू सिंह कुशवाहा एक सधे हुए कर्मयोगी निकले। उन्होंने इस धारणा को पूरी तरह ध्वस्त कर दिया। एक सच्चे जननायक की तरह उन्होंने जौनपुर को ही अपना घर बना लिया। वे समय-समय पर क्षेत्र के आम नागरिकों के बीच उपस्थित रहकर उनकी मूलभूत समस्याओं का समाधान करने लगे। विकास के वे कार्य जो दशकों से अधर में लटके थे, धरातल पर दिखने लगे। दुख-सुख में हर नागरिक के साथ खड़े रहने वाले कुशवाहा ने जौनपुर के दिलों में वह जगह बना ली, जो दशकों के स्थापित नेताओं को नसीब नहीं होती। इसके साथ ही, समाजवादी पार्टी की मजबूती के लिए पूरे उत्तर प्रदेश में पीडीए (पिछड़ा, दलित, अल्पसंख्यक) की एक अभेद्य लहर तैयार करने में भी वे जुट गए हैं। यही वह कर्मठता है जिसने विपक्षियों के सारे गणित बिगाड़ दिए और इसी हताशा का प्रकटीकरण टीडी कॉलेज के मंच पर हुआ। जब कृपा शंकर सिंह ने भोजपुरी में हार के दर्द को मजाकिया लहजे में बयां करते हुए वर्तमान सांसद बाबू सिंह कुशवाहा को अपशब्द कहा, तो उन्होंने अंजाने में लोकतंत्र की उस मर्यादा को लांघ दिया जिसे जौनपुर का समाज कभी स्वीकार नहीं कर सकता। लेकिन इस पूरी कहानी में असली मोड़ तब आया जब पूर्व सांसद धनंजय सिंह मंच पर आए। उन्होंने दलीय सीमाओं से ऊपर उठकर, अपनी राजनीतिक प्रतिद्वंद्विता को किनारे रखकर कृपा शंकर सिंह के इस नकारात्मक और अमर्यादित बयान का कड़ा खंडन किया। धनंजय सिंह ने साफ शब्दों में कहा कि जो जीत गया वह जनता का प्रतिनिधि है, उसे अपशब्द बोलना मतलब जौनपुर के 18 लाख मतदाताओं को अपशब्द बोलना है। वे पूरे जौनपुर संसदीय क्षेत्र के लाखों लोगों का प्रतिनिधित्व कर रहे हैं। सांसद की अपनी एक गरिमा होती है, एक मर्यादा होती है, जिसका सम्मान हर हाल में किया जाना चाहिए। धनंजय सिंह का यह रुख उत्तर प्रदेश की राजनीति में एक नए और सकारात्मक युग का संकेत है। यह याद दिलाता है कि अतीत में

खबरें एक नजर में

राम मन्दिर चढ़ावा चोरी के आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग

फतेहपुर। अखिल भारत हिंदू महासभा के वरिष्ठ प्रांतीय उपाध्यक्ष मनोज त्रिवेदी के नेतृत्व में जिलाधिकारी के माध्यम से महामहिम राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन प्रेषित किया गया। जिसमें इन लोगों ने तीन सूत्रीय मांगों को प्रमुखता से रखा और कहा पिछले 17 जून को बिहार राज्य की पुलिस द्वारा जनपद भोजपुर में एक नवयुवक क्रांतिकारी भरत भूषण तिवारी की निर्मम हत्या कर दी गई। उक्त संदर्भ में घटना की सीबीआई जांच व हत्या करने वाले शासन प्रशासन के अधिकारियों के ऊपर कठोर दंडात्मक कार्रवाई किए जाने की मांग की गई। इसके साथी सनातन धर्म के प्रमुख हिंदुओं की आस्था और श्रद्धा के केंद्र भगवान श्री राम मंदिर अयोध्या में दान पात्रों से करोड़ों रुपए व सोने चांदी की हुई चोरी की घटना की उच्च स्तरीय जांच एक स्वतंत्र नई एस आई टी से सुप्रीम कोर्ट के न्यायमूर्ति की देखरेख में कराते हुए पर्दाफाश किया जाने की मांग की गई और कठोर से कठोर कार्रवाई की मांग की गई ताकि इस घटना की पुनरावृत्ति फिर कभी ना हो सके। पकड़े गए चोरों के सरगनाओ को भी दंडित किए जाने की मांग की। सुप्रीम कोर्ट के ऐतिहासिक निर्णय व आदेश से श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट जिसका गठन 5 फरवरी 2020 को किया गया वह ट्रस्ट वर्तमान समय में अनेकों सवालों व संदेह के घेरे में है कई आरोप वित्तीय गबन के ट्रस्ट के पदाधिकारी के ऊपर लग रहे हैं। अतः इस ट्रस्ट को भंग करके देश के आम जनमानस व अयोध्या के संत महात्माओं शंकराचार्य को सम्मिलित करके नवीन ट्रस्ट के गठन करके अयोध्या के श्री राम मंदिर जन्म भूमि की जिम्मेदारी देने की मांग की गई। इस अवसर पर रामगोपाल शुक्ला, स्वामी राम आसरे आर्य, करण सिंह पटेल, दीपक यादव, पूजा यादव, शशिकांत मिश्रा, संतोष नेता, धनंजय पांडे, अर्जुन प्रसाद, मूलचंद सहित तमाम लोग रहे।

थाना खन्ना पुलिस ने जुआ खेलते 5 अभियुक्त किए गिरफ्तार, एक लाख की नकदी बरामद

महोबा। पुलिस अधीक्षक शशांक सिंह के नेतृत्व में, अपर पुलिस अधीक्षक वंदना सिंह के निर्देशन एवं क्षेत्राधिकारी नगर रविकांत गोंड के पर्यवेक्षण में थाना खन्ना पुलिस द्वारा अवैध जुआ/सट्टा की गतिविधियों में संलिप्त अभियुक्तों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के क्रम में जुआ खेलते 5 लोगों को गिरफ्तार करने में महत्वपूर्ण सफलता हासिल की है। बताया है कि थानाध्यक्ष धर्मेन्द्र सिंह के निर्देशन में उप निरीक्षक नरोत्तम सिंह मय हमराही पुलिस टीम द्वारा मुखबिर खास की सूचना पर मनोरा बाबा मंदिर के पास पीपल के पेड़ के नीचे, थाना खन्ना क्षेत्रान्तर्गत दबिश दी गई। मौके से 5 अभियुक्तों को जुआ खेलते हुए गिरफ्तार किया गया। बताया है कि गिरफ्तार अभियुक्तों के कब्जे से कुल रु. 89,600 (मालफड़), जामा तलाशी में रु. 11,550, 52 अदद ताश के पत्ते, 7 अदद मोबाइल फोन तथा 2 मोटरसाइकिल (एक अपाचे सहित) बरामद की गई। बरामद मोटरसाइकिल को धारा 207 एमवी एक्ट के अंतर्गत सीज किया गया। गिरफ्तारी व बरामदगी के आधार पर अभियुक्तों के विरुद्ध थाना खन्ना पर मुअसं 67/2026 धारा 13 जी एक्ट एवं धारा 112(2) बीएनएस के तहत अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की गई। गिरफ्तार अभियुक्तों को न्यायालय महोबा के समक्ष पेश किया गया। पुलिस के अनुसार गिरफ्तार अभियुक्तों के विरुद्ध पूर्व में विभिन्न थानों पर जुआ अधिनियम, मारपीट, एससी/एसटी एक्ट, आर्म्स एक्ट आदि धाराओं में अभियोग पंजीकृत हैं। गिरफ्तार अभियुक्तगण में मुलायम सिंह, बरातीलाल यादव, बोधन यादव ,गोविन्द सिंह राजपूत , शिवबरन तिवारी शामिल है।

पचास दिन में बदले गए कालपी के एसडीएम अमित शेखर, सीतापुर हुआ स्थानांतरण

कालपी (जालौन)। शासन ने प्रशासनिक फेरबदल के तहत कालपी के उपजिलाधिकारी अमित शेखर का स्थानांतरण सीतापुर जनपद कर दिया है। स्थानांतरण आदेश जारी होने के साथ ही उनके करीब 50 दिन के कार्यकाल का समापन हो गया। अब कालपी तहसील में नए उपजिलाधिकारी की तैनाती का इंतजार शुरू हो गया है। अमित शेखर ने 25 मई को कालपी के उप जिलाधिकारी के रूप में कार्यभार ग्रहण किया था। अल्प कार्यकाल के दौरान उन्होंने कानून-व्यवस्था बनाए रखने, राजस्व मामलों के समयबद्ध निस्तारण, तहसील दिवस एवं संपूर्ण समाधान दिवस में प्राप्त शिकायतों के समाधान तथा शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन पर विशेष जोर दिया। इसके अलावा उन्हें नगर पालिका परिषद कालपी एवं नगर पंचायत कदौरा के प्रभारी अधिशासी अधिकारी का अतिरिक्त दायित्व भी सौंपा गया था, जिसका उन्होंने नियमित रूप से निर्वहन किया। कार्यकाल के दौरान उन्होंने राजस्व वसूली, अतिक्रमण हटाओ अभियान, बाढ़ एवं वर्षा की तैयारियों की समीक्षा, विभिन्न विभागों के साथ समन्वय बैठकें तथा जनसुनवाई जैसे कार्यों को प्राथमिकता दी। प्रशासनिक कार्यों में सक्रियता के कारण उनका कार्यकाल चर्चा में रहा। स्थानांतरण की सूचना मिलते ही तहसील व प्रशासनिक महकमे में इसकी चर्चा शुरू हो गई। वहीं स्थानीय लोगों ने उनके कार्यों की सराहना करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। अब शासन की ओर से कालपी तहसील में नए उपजिलाधिकारी की नियुक्ति का इंतजार किया जा रहा है।

दिव्यांगों के राशन कार्ड बनाने में लापरवाही न बरती जाए: हिमांशु शेखर

फतेहपुर, समृद्धि न्यूज़।

दिन सोमवार को विकास भवन सभागार में राज्य आयुक्त दिव्यांगजन उप्र की अध्यक्षता में दिव्यांगजन अधिकार अधिनियम-2016 की मूल भावना के अनुसार सुदूरवर्ती पिछड़े क्षेत्रों/ग्रामीण इलाकों के लोगों (दिव्यांगजन), जो कि सरकार द्वारा उनके अधिकार एवं सुविधाओं हेतु चलाई जा रही। योजनाओं/परियोजनाओं से जागरूक नहीं है, के मध्य जागरूकता बढ़ाने के लिए और समाज में उनके साथ हो रहे भेदभाव को समाप्त कराने तथा पूर्ण एवं प्रभावी भागीदारी दिलाए जाने एवं इस सम्बन्ध में उनकी शिकायतों/समस्याओं को त्वरित रूप से स्थानीय स्तर पर निस्तारित कराए जाने के उद्देश्य से जनपद में मोबाइल कोर्ट का आयोजन किया गया। मोबाइल कोर्ट के दौरान दिव्यांग प्रमाण पत्र, राशन कार्ड, आवास, आयुष्मान कार्ड, कृत्रिम अंग सहायक उपकरण एवं दिव्यांग पेंशन से सम्बन्धित कुल 70 दिव्यांगजनों द्वारा अपनी-अपनी समस्याओं को अवगत कराया गया। दिव्यांग प्रमाण पत्र (यूडीआईडी) को लेकर राज्य आयुक्त प्रोफेसर हिमांशु शेखर झा द्वारा सप्ताह में दो दिन (यू0डी0आई0डी0) बनाने हेतु और मेडिकल बोर्ड में तीन वर्ष से अधिक डॉक्टर को सम्मिलित न करने एवं जिन दिव्यांगजनों के आयुष्मान कार्ड नहीं बने है और वह निर्धारित सूची में आते है तो उनका आयुष्मान कार्ड बना दिये जाने संबंधी मुख्य चिकित्साधिकारी, को निर्देश दिए गए। आज मौके पर ही दो दिव्यांगजनों के दिव्यांग प्रमाण पत्र भी निर्गत किये गए, दिव्यांगजनों के राशन कार्ड बनाये जाने हेतु जिला पूर्ति अधिकारी को निर्देशित किया गया कि दिव्यांगजनों के राशन कार्ड बनाये जाने में किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए। दिव्यांगजनों के राशन कार्ड प्राथमिकता के आधार पर बनाए जाए। राशन कार्ड हेतु 04 दिव्यांगजनों का रजिस्ट्रेशन हुआ है, दिव्यांगजनों के आवास बनाये जाने हेतु परियोजना निदेशक, ग्राम्य विकास विभाग को निर्देशित किया गया कि दिव्यांगजनों के आवास से सम्बन्धित आवेदन पत्रों का जल्द से जल्द सत्यापन कराते हुए उनकी सूची तैयार कर उन्हें प्राथमिकता के आधार पर आवास प्रदान किया जाए। दिव्यांगजनों की पेंशन एवं उपकरण के संबंध में जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी, को निर्देशित किया गया कि पात्र दिव्यांगजनों को योजनाओ से लाभांवित किया जाए। आज मौके पर ही 15 दिव्यांग बच्चों को एम आर किट एवं 20 दिव्यांगजनों को ट्राईसाइकल उपलब्ध करा कर प्रकरण को निस्तारित किया गया। मुख्य विकास अधिकारी द्वारा राज्य आयुक्त को आश्वासन दिया गया कि आपके द्वारा दिये गये निर्देशों का जनपद के संबंधित विभाग के अधिकारी पूर्णतया पालन करेंगे और आपके द्वारा दिव्यांगजनों के हित में किये जा रहे कार्य बहुत प्रशंसनीय है और इसका लाभ दिव्यांगजनों को अवश्य मिलेगा। अंत में राज्य आयुक्त द्वारा दिव्यांगजनों को बेहतर भविष्य की बधाई देते हुए उपस्थित सभी व्यक्तियों को धन्यवाद ज्ञापित करते हुए मोबाइल कोर्ट का समापन किया गया। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी, परियोजना अधिकारी ग्राम्य विकास विभाग, मुख्य चिकित्साधिकारी, जिला समाज कल्याण अधिकारी, जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी, जिला पूर्ति अधिकारी, अधिशासी अभियंता, विघुत विभाग, अग्रणी जिला प्रबंधक, एवं अन्य अधिकारीगण ने अपनी गरिमामयी उपस्थिति के साथ का धन्यवाद किया।

अमरनाथ की 17 सौ किलोमीटर लंबी दंडवत यात्रा कर लौटे श्रद्धालु

गौ माता को राष्ट्र माता का दर्जा दिलाना और सनातन धर्म का प्रचार रहा अमरनाथ यात्रा का उद्देश्य

पनवाड़ी/महोबा। अमरनाथ यात्रा से रविवार की शाम घर लौटे श्रद्धालुओं का गांव में पहुंचते ही परिजनों एवं समाजसेवी ने भव्य स्वागत किया। इस दौरान श्रद्धालु युवाओं ने बाबा बर्फानी, भोले शंकर के गगनभेदी नारे लगाकर वातावरण भक्तिमय कर दिया। पनवाड़ी विकास खंड क्षेत्र के भरवारा गांव निवासी अमित राजपूत व सहयोगी मित्र जितेंद्र ने 3 सितंबर 2025 को अमरनाथ की 1700 किलोमीटर लंबी कठिन दंडवत यात्रा का संकल्प लेकर यात्रा को शुरू किया और 11 माह में 1700 किलोमीटर लंबी दंडवत यात्रा को पूरी कर बाबा बर्फानी के दर्शन किए अमित राजपूत ने बताया कि यह यात्रा का उदेश्य गौ माता को राष्ट्र माता का दर्जा दिलाना और सनातन धर्म का प्रचार करना है! यात्रा के दौरान बहुत मुसीबतों का सामना करना पड़ा लेकिन बाबा की भक्ति ने हौसला बढ़ाया और यात्रा पूरी कर दर्शन प्राप्त हुए रास्ते में भक्तों का भी खूब सहयोग मिला, जिसमें रुकने खाने की व्यवस्था शामिल है! रविवार को घर लौटे श्रद्धालुओं का ग्रामीणों ने तिलक लगाकर फूल-मालाओं से स्वागत कर गांव का भ्रमण कराया बाद में मिष्ठान वितरण किया गया! इस मौके पर जयचंद्र राजपूत,ओमप्रकाश,अवधेश सक्सेना,कमलेश,रामस्वरूप पांचाल, विक्रम सिंह, शनि राजपूत सहित भारी संख्या ने लोग मौजूद रहे।

कबीर एकता महासभा की प्रथम वर्षगांठ धूमधाम से संपन्न

फतेहपुर, समृद्धि न्यूज़।

- आयोजक इंजीनियर सिद्धार्थ कोरी की पहल बनी चर्चा का विषय

कबीर एकता महासभा के स्थापना के एक वर्ष पूर्ण होने पर राम दरबार गेस्ट हाउस में भव्य प्रथम वर्षगांठ समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के सफल आयोजन का श्रेय महासभा के संस्थापक एवं आयोजक इंजीनियर सिद्धार्थ कोरी को दिया गया, जिनके नेतृत्व में समाज के लोगों को एक मंच पर संगठित करने का महत्वपूर्ण प्रयास किया गया। समारोह के मुख्य अतिथि अखिल भारतीय युवा कोरी महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष खेमचंद कोरी एवं उत्तर प्रदेश के पूर्व मंत्री इंद्रजीत कोरी रहे। विशिष्ट अतिथियों में राम बहादुर कोरी, सोनू वर्मा (जिलाध्यक्ष समाजवादी अनुसूचित जाति प्रकोष्ठ), गजेंद्र कोरी, प्रधानाचार्य गणेश कोरी, कमलेश कोरी एवं सुरेश चंद्र कोरी शामिल रहे। कार्यक्रम के संयोजक राजकुमार कोरी, सुरेंद्र प्रधान, चंद्रभान कोरी, प्रधान रमेश कोरी, विजय कुमार, सुनील कोरी, अशोक कोरी, रवि कोरी एवं आनंद कोरी रहे। समारोह में हमीरपुर, कौशांबी, प्रयागराज, कानपुर और बांदा सहित कई जनपदों से बड़ी संख्या में समाज के लोगों ने भाग लिया। कार्यक्रम में बाबूराम आर्य, बृजेश कोरी, मनीष कोरी, मन्नीलाल कोरी, रमेश कोरी, दिवस कोरी सहित अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। वहीं सांसद नरेश उत्तम पटेल, समाजवादी पार्टी के जिलाध्यक्ष सुरेंद्र प्रताप सिंह यादव तथा बाबा साहब आंबेडकर वाहिनी के जिलाध्यक्ष डॉ. अमित पाल ने भी अपनी उपस्थिति दर्ज कराकर कार्यक्रम की गरिमा बढ़ाई। मुख्य अतिथि खेमचंद कोरी ने कहा कि समाज की प्रगति के लिए संगठन की मजबूती आवश्यक है और आने वाले समय में समाज को और अधिक सशक्त बनाने के लिए व्यापक स्तर पर कार्य किया जाएगा। उन्होंने कबीर एकता महासभा के कार्यों की सराहना करते हुए आयोजक इंजीनियर सिद्धार्थ कोरी के प्रयासों को समाज को जोड़ने वाला कदम बताया। अपने संबोधन में इंजीनियर सिद्धार्थ कोरी ने संत कबीर साहब के विचारों, सामाजिक समरसता, शिक्षा और संगठन की आवश्यकता पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि कबीर एकता महासभा का उद्देश्य समाज में जागरूकता, शिक्षा और एकता को मजबूत करना है तथा भविष्य में भी समाजहित के कार्य निरंतर जारी रहेंगे। समारोह के दौरान समाज की एकता, शिक्षा और सामाजिक जागरूकता को बढ़ावा देने का संकल्प लिया गया। कार्यक्रम का समापन अतिथियों के सम्मान और आभार ज्ञापन के साथ हुआ। आयोजन की भव्यता और समाज के विभिन्न जनपदों से उमड़े जनसमर्थन ने इंजीनियर सिद्धार्थ कोरी के नेतृत्व और संगठन क्षमता को नई पहचान दी।

जिलाधिकारी की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई डिस्ट्रिक्ट कोआपरेटिव डेवलपमेन्ट कमेटी की बैठक

महोबा, समृद्धि न्यूज।

सहकारिता विभाग में गठित डिस्ट्रिक्ट कोआपरेटिव डेवलपमेण्ट कमेटी (डी.सी.डी.सी.) की बैठक जिलाधिकारी गजल भारद्वाज की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में सम्पन्न हुयी, जिसमें मुख्य रूप से सहकारिता विभाग, मत्स्य विभाग एवं दुग्ध विभाग में संचालित योजनायें एवं नयी समितियां के गठन के सम्बन्ध में समीक्षा की गयी, सहकारिता विभाग में 5 नयी पैक्स समितियों के गठन का लक्ष्य दिनांक 31 मार्च 2026 तक पूर्ण किया जाना था, जिसमें से 5 नयी समितियों का गठन हो चुका है। वर्ष 2025-26 में 3 समितियों एवं वर्ष 2026-27 में 2 समितियों का गठन पूर्ण किया जा चुका है, जिसका अनुमोदन कमेटी द्वारा किया गया। जनपद की 42 बी पैक्स के सापेक्ष 34 समितियों में सोलर रूफटॉप की स्थापना की जायेगी, जिसमें से 3 समितियो श्रीनगर, जैतपुर एवं खरेला में स्थापना हो चुकी है। इसके उपरान्त हमीरपुर डिस्ट्रिक्ट कोआपरेटिव बैंक लि. महोबा की डीएलआईएमसी. की बैठक भी सम्पन्न हुयी, जिसमें पैक्स समितियों के कम्प्यूटराईजेशन की प्रगति के बारे में सचिव/मुख्य कार्यपालक अधिकारी ने अवगत कराया गया। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी बलराम कुमार अपर जिलाधिकारी (वि/रा) पंकज कुमार ,अर्जेन्द्र सिंह सहायक आयुक्त एवं सहायक निबन्धक एवं पीएन अनुरागी अपर जिला सहकारी अधिकारी, मुख्य पशु चिकित्साधिकारी एवं सचिव/मुख्य कार्यपालक अधिकारी तथा अन्य विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

एनएच पर नाला निर्माण 7 दिवस में पूर्ण कराएं: उपजिलाधिकारी

- राष्ट्रीय राज्य मार्ग के दो सौ मीटर सड़क के दोनों ओर कराया जा रहा है नाला निर्माण

कुलपहाड़/महोबा। नगर के बस स्टैंड से लेकर बड़ा नाला तक एन एच सड़क के दोनों ओर एक कार्यदाई संस्था द्वारा नाला का निर्माण धीमी गति से चलने के कारण उपजिलाधिकारी आदेश सिंह सागर ने निरीक्षण किया और कार्यदाई संस्था को प्रतिदिन निर्माण कार्य की प्रगति रिपोर्ट देने को कहा है।

कुलपहाड़ नगर में बस स्टैंड से लेकर गंगा भेड़िया के मकान तक लगभग 200 मीटर राष्ट्रीय राजमार्ग सड़क के टुकड़े में विवाद के कारण सड़क का निर्माण नहीं हो सका था। यह सड़क विगत 4 साल से खुदी हुई पड़ी है। विगत दिनों इसके निर्माण कार्य का टेंडर किया गया था, और निर्माण कार्य भी शुरू हो गया था। लेकिन महीनों बीत जाने के बाद भी सड़क का निर्माण पूरा नहीं हो सका। एक माह पूर्व सड़क के दोनों ओर कवर्ड सीसी नाले का निर्माण एक कार्यदाई संस्था द्वारा किया जा रहा है, जो कछुआ गति से चल रहा है। जिसको लेकर लोगों ने उप जिलाधिकारी कुलपहाड़ को शिकायत दी थी। जिसको देखते हुए उपजिलाधिकारी कुलपहाड़ आदेश सिंह सागर द्वारा निरीक्षण किया गया और कार्य की धीमी प्रगति पर नाराजगी जताई। उन्होंने कहा कि हर दिन जाम लगने से लोगों को परेशानी होती है। उन्होंने कार्यदाई संस्था के लोगों से तेजी से निर्माण कार्य करने का आदेश दिया है और प्रतिदिन की रिपोर्ट उनके कार्यालय में देने को निर्देशित किया गया। उपजिलाधिकारी की इस पहल से लोगों में जल्द ही सड़क निर्माण की आशा जाग गई है।

एक पेड़ मां के नाम अभियान: ग्रा.पं. टीहर में हुआ पौधरोपण

रामपुरा (जालौन)। पर्यावरण संरक्षण और हरियाली को बढ़ावा देने के उद्देश्य से संचालित एक पेड़ मां के नाम अभियान के अंतर्गत विकास खण्ड रामपुरा की ग्राम पंचायत टीहर में सोमवार को वृहद वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता खण्ड विकास अधिकारी प्रशांत कुमार ने की जबकि आयोजन का नेतृत्व ग्राम प्रधान प्रदीप कुमार गौरव ने किया। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों ने पौधारोपण कर किया तथा उपस्थित लोगों से अपनी मां के सम्मान और पर्यावरण संरक्षण के संकल्प के साथ कम से कम एक पौधा अवश्य लगाने और उसकी नियमित देखभाल करने का आह्वान किया। इस अवसर पर खण्ड विकास अधिकारी प्रशांत कुमार ने कहा कि वृक्ष हमारे जीवन का आधार हैं। बढ़ते प्रदूषण और जलवायु परिवर्तन जैसी चुनौतियों से निपटने के लिए अधिक से अधिक वृक्षारोपण आवश्यक है। उन्होंने कहा कि पौधे लगाना जितना महत्वपूर्ण है, उससे कहीं अधिक आवश्यक उनका संरक्षण और नियमित देखभाल करना है, ताकि आने वाली पीढ़ियों को स्वच्छ और सुरक्षित वातावरण मिल सके। ग्राम प्रधान, प्रशासक प्रदीप कुमार गौरव ने कहा कि एक पेड़ मां के नाम अभियान केवल पौधे लगाने का कार्यक्रम नहीं, बल्कि मातृ सम्मान और प्रकृति संरक्षण का एक प्रेरणादायी संदेश है। उन्होंने ग्रामीणों से अपील की कि प्रत्येक परिवार कम से कम एक पौधा लगाकर उसकी जिम्मेदारी भी निभाए, जिससे ग्राम पंचायत टीहर को हराभरा और स्वच्छ बनाया जा सके। कार्यक्रम में विभिन्न प्रजातियों के छायादार एवं फलदार पौधे लगाए गए। इस दौरान खण्ड विकास अधिकारी प्रशांत कुमार, ग्राम प्रधान प्रदीप कुमार गौरव, एपीओ लोकेंद्र सिंह, तकनीकी सहायता जलील बक्श सिद्दीकी, ग्राम विकास अधिकारी संजीव कुमार जोशी आदि सहित ग्रामीणों, पंचायत कर्मियों तथा अन्य उपस्थित लोगों ने भी उत्साह पूर्वक पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लिया। पूरे कार्यक्रम के दौरान हरियाली बढ़ाने और पौधों की सुरक्षा सुनिश्चित करने का संदेश दिया गया।

डीएम ने कलेक्ट्रेट परिसर में सुनी लोगों की फरियाद

उरई (जालौन), समृद्धि न्यूज़।

सोमवार को जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय ने कलेक्ट्रेट परिसर में आयोजित जनसुनवाई में दूर-दराज से आए फरियादियों की समस्याओं को गंभीरता से सुना। उन्होंने एक-एक प्रार्थना पत्र का अवलोकन करते हुए संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि प्रत्येक शिकायत का निस्तारण निर्धारित समय-सीमा के भीतर निष्पक्ष एवं गुणवत्तापूर्ण ढंग से किया जाए।

जनसुनवाई में राजस्व, पुलिस, विद्युत, नगर निकाय, विकास, समाज कल्याण, पेयजल, सड़क, पेंशन तथा अन्य विभागों से संबंधित शिकायतें प्राप्त हुईं। जिलाधिकारी ने कहा कि शासन की सर्वोच्च प्राथमिकता आमजन को त्वरित न्याय एवं बेहतर प्रशासनिक सेवाएं उपलब्ध कराना है। इसलिए अधिकारी प्रत्येक शिकायत को संवेदनशीलता के साथ लें।उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि जिन मामलों का निस्तारण मौके पर संभव है, उन्हें तत्काल निस्तारित किया जाए तथा जिन प्रकरणों में स्थलीय जांच आवश्यक है, उनमें निर्धारित समय के भीतर जांच पूरी कर शिकायतकर्ता को नियमानुसार राहत उपलब्ध कराई जाए। उन्होंने यह भी कहा कि शिकायतों के निस्तारण में लापरवाही या अनावश्यक विलंब पाए जाने पर संबंधित अधिकारी एवं कर्मचारी की जवाबदेही तय की जाएगी।

ऑटो को साइड न देने को लेकर हुए विवाद में हुई मारपीट

जालौन (उरई)। पहाड़पुरा गांव में ऑटो को साइड न देने को लेकर हुए विवाद में मारपीट और जातिसूचक शब्दों से अपमानित करने का आरोप लगाते हुए पीड़ित ने कोतवाली में तहरीर दी है। पुलिस ने पांच आरोपियों के खिलाफरिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम ऐदलपुर निवासी रोहित वर्मा ने पुलिस को बताया कि वह बीती नौ जुलाई की रात करीब दस बजे ऑटो से अपने गांव ऐदलपुर जा रहा था। उसके साथ आशीष गुर्जर और नरेश भी थे। जैसे ही ऑटो पहाड़पुरा गांव के पास पहुंचा। तो वहां ऑटो को साइड न देने को लेकर पहाड़पुरा निवासी सचित सक्सेना और उनके साथी सर्वेश, शिवम, विकास व अभिनव ने ऑटो को रुकवा लिया और शराब के लिए 500 रुपये मांगने लगे। मना करने पर जातिसूचक गालियां दीं और कहा कि 500 रुपये नहीं दिए तो उसे मारेंगे। इसके बाद सभी ने ऑटो से खींचकर उसकी पिटाई शुरू कर दी। सचिन ने पास पड़े डंडे से रोहित के सीधे हाथ पर वार किया, जिससे गंभीर चोट आई। शोर सुनकर ऑटो में बैठे आशीष और नरेश बाहर आए तो सभी आरोपी जान से मारने की धमकी देकर मौके से भाग गए। कोतवाल हरिशंकर चंद ने बताया कि रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है, जो उचित होगा कार्रवाई की जाएगी।

झांसी में मुंशी से लूटे 24.90 लाख वारदात में जालौन के पुलिस कर्मी शामिल

- पुलिस लाइन उरई में पदस्थ 3 सिपाही झांसी पुलिस की हिरासत में
- झांसी एसएसपी बीबीजीटीएस मूर्ति ने किया खुलासा दो सिपाहियों सहित छह को भेजा जेल
- आरोपियों के पास से 24.50 लाख रुपए, एक क्रेटा कार हुई बरामद

उरई (जालौन), समृद्धि न्यूज़।

अगर रक्षक ही लुटेरे बन जाए तो फिर कहा से होगी सुरक्षा वर्दी पहनने वाले ही लुटेरे बन जाए तो फिर आम पब्लिक कैसे करेगी अपने आपको सुरक्षित महसूस खाकी आखिर फिर हुई दागदार ऐसा ही एक मामला चर्चा का विषय बना हुआ है जहां वर्दीधारी ने ही एक युवक के साथ लूट कर ली पैसों की चाहत आखिर क्या कुछ नहीं करा सकती इसका जीता जागता उदाहरण आज देखने को मिल गया।

आइये पूरा मामला जानते है क्या था और कहा का था झांसी कोतवाली थाना क्षेत्र के मिनर्वा चौराहा के समीप होटल के सामने कार सवार वर्दीधारी तीन लोगों ने सूरत से आये ड्राईफ्रूट कारोबारी के मुंशी और उसके साथी को गुरुवार को जबरन अगवा कर लिया और कार में दोनों को अलग-अलग स्थानों पर घुमाते रहे। इसके उपरान्त लाखों की नगदी लूटकर उन्हें कई किलोमीटर दूर कानपुर बाईपास पर कार से उतारकर भाग गये। घटना उपरान्त मुंशी ने अपने मालिक को फोन पर जानकारी दी। मालिक के कहने पर मुंशी ने शुक्रवार को कोतवाली थाना पुलिस को तहरीर दी थी। पुलिस ने घटना की जांच की और देर रात झांसी पुलिस ने इस मामले में जालौन पुलिस लाइन में तैनात तीन सिपाहियों को हिरासत में अपने साथ झांसी ले गई और पूरे प्रकरण की गहन जांच शुरू कर दी है। गुजरात के सूरत निवासी जितेन्द्र पटेल का ड्राईफ्रूट का कारोबार है। उनका कारोबार अन्य प्रदेशों के अलावा उत्तर प्रदेश के झांसी में भी फैला है तथा वह झांसी के दुकानदारों को ड्राईफ्रूट बेचते हैं। झांसी में दुकानदारों से माल का रुपया लेने के लिए उनका मुंशी किशन पांचाल आता है। गुरूवार की शाम मुंशी किशन पांचाल अपने साथी किशन कुमार के साथ दुकानदारों से माल का रुपया 24 लाख 90 हजार लेने के बाद स्कूटी से आ रहा था सारा रुपया बैग में रखा था। जब दोनों लोग स्कूटी पर सवार होकर मिनर्वा चौराहा से होते ही सुरेश होटल के सामने पहुंचे तभी काले रंग की कार में सवार होकर आये तीन वर्दीधारियों ने उन्हें रोक लिया और दोनों को जबरन कार में बैठा लिया। इस दौरान एक वर्दीधारी उनकी स्कूटी लेकर चला गया। मालिक के कहने पर मुंशी शुक्रवार को कोतवाली थाना पहुंचा और घटना की लिखित तहरीर दी मुंशी ने बताया कि एक वर्दीधारी की नेमप्लेट पर राजेन्द्र सिंह लिखा था। पुलिस ने घटना स्थल पहुंचकर जांच की और लोगों से जानकारी ली। जिस पर लोगों ने काली कार में तीन वर्दीधारी के आने व घटना की पुष्टि की। सूचना मिलते ही सीओ सिटी रामवीर सिंह और कोतवाली प्रभारी राजेश कुमार पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे और घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगालनी शुरू की। जांच के दौरान संदिग्ध क्रेटा कार के फुटेज मिले जिसके आधार पर पुलिस ने कार्रवाई तेज कर दी। जांच के दौरान जालौन पुलिस लाइन में तैनात सिपाही मनोज, राघवेंद्र और नीरज के नाम सामने आए हैं। बताया जा रहा है कि तीनों सिपाही पूर्व में झांसी में तैनात रह चुके हैं और उन्हें कारोबारी के मुनीम की गतिविधियों और वसूली के संबंध में पहले से जानकारी थी। आरोप है कि तीनों बिना किसी को सूचना दिए झांसी पहुंचे और वारदात को अंजाम दिया। झांसी पुलिस ने तीनों संदिग्ध सिपाहियों को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है जबकि मामले के अन्य पहलुओं और संभावित अन्य आरोपियों की तलाश जारी है। पुलिस पूरे घटनाक्रम की कड़ियों को जोड़ने में जुटी हुई है। एसपी जालौन विनय कुमार सिंह ने बताया कि झांसी में हुई घटना में तीनों सिपाहियों की संलिप्तता सामने आई है। उनके खिलाफनिलंबन की कार्रवाई की गई है तथा विभागीय जांच भी शुरू कर दी गई है।

पहले फेसबुक से की दोस्ती फिर लिया नंबर और किशोरी को भगा ले गया

जालौन (उरई)। कोतवाली क्षेत्र निवासी एक महिला ने पुलिस को बताया कि उनकी 15 वर्षीय बेटी फेसबुक चलाती थी। फेसबुक पर ही महिया कमलपुर निवासी राजकुमार ने उससे दोस्ती कर ली और उसका नंबर ले लिया। इसके बाद वह बेटी से कॉल पर बातें कर उसे बहलाने और फुसलाने लगा। महिला ने आरोप लगाया कि बीती 21 जून की सुबह जब वह जागी तो उनकी बेटी गायब थी। घर में भैंस खरीदने के लिए रखे करीब 60000 रुपये नकद और सोने की जंजीर भी गायब थी। काफी तलाश करने के बाद जानकारी मिली कि 20 जून की रात करीब एक बजे बेटी को राजकुमार अपने कुछ साथियों के साथ भगा ले गया। वहीं, पीड़ित मां की तहरीर पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफरिपोर्ट दर्ज कर उनकी तलाश शुरू कर दी है।

चकबंदी कार्यों को गुणवत्ता, पारदर्शिता व समयबद्धता के साथ कराया जाए पूर्ण: मनोज कुमार पाण्डेय

चकबंदी से संबंधित शिकायतों व आपत्तियों का गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध निस्तारण कराया जाए सुनिश्चित

रायबरेली, समृद्धि न्यूज़। मंत्री खाद्य एवं रसद तथा नागरिक आपूर्ति विभाग उ0प्र0 मनोज कुमार पाण्डेय ने निरीक्षण भवन में चकबंदी विभाग के अधिकारियों के साथ बैठक कर जनपद में संचालित चकबंदी कार्यों की विस्तृत समीक्षा की। बैठक में उन्होंने विभिन्न गांवों में प्रगति पर चल रहे चकबंदी कार्यों, लंबित प्रकरणों के निस्तारण, राजस्व अभिलेखों के अद्यतन, आपत्तियों के समाधान मामलों की स्थिति की गहन जानकारी प्राप्त की। बैठक के दौरान मंत्री ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि चकबंदी कार्यों को पूरी

पारदर्शिता, निष्पक्षता एवं समयबद्धता के साथ संपन्न कराया जाए। उन्होंने कहा कि चकबंदी का उद्देश्य किसानों को सुविधाजनक एवं व्यवस्थित कृषि भूमि उपलब्ध कराना है, इसलिए प्रत्येक कार्य में किसानों के हितों को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाए। उन्होंने निर्देश दिए कि किसी भी स्तर पर अनावश्यक विलंब, लापरवाही अथवा शिकायत की स्थिति उत्पन्न नहीं होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि चकबंदी से संबंधित शिकायतों एवं आपत्तियों का गुणवत्तापूर्ण एवं नियमानुसार समय पर निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि ग्रामीण क्षेत्रों में भ्रमण कर किसानों की समस्याओं को गंभीरता से सुनें तथा उनका त्वरित समाधान करें। साथ ही यह भी सुनिश्चित किया जाए कि चकबंदी की प्रत्येक प्रक्रिया शासन की मंशा के अनुरूप पूर्ण पारदर्शिता के साथ संचालित हो। उन्होंने लंबित प्रकरणों की नियमित समीक्षा करने तथा निर्धारित समय-सीमा के भीतर उनका निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

हज़रत इमाम हुसैन के नाम पर शांति का पैग़ाम देने बाराबंकी पहुँचे विश्व विख्यात मौलाना मुराद रज़ा

- मजलिस में आबिदे बीमार पर हुये ज़ुल्म व मसाएब सुन रो पड़ी भीड़
- 36वें दौर की सालाना मजलिस गमगीन माहौल में शांति पूर्ण ढंग से हुई संपन्न

समृद्धि न्यूज़, बाराबंकी। विश्व प्रसिद्ध इस्लामिक स्कॉलर और धर्मगुरु मौलाना मुराद रज़ा पहुँचे असद नगर दशहरा बाग़ बाराबंकी , अज़ाखाना हाजी सरवर अली रिज़वी में उन्होंने हज़रत इमाम हुसैन (अ.) की याद में 36 वें दौर की मजलिस को संबोधित करते हुए इंसानियत, अमन और इंसाफ का पैग़ाम दिया। उन्होंने कहा कि जो अल्लाह का हो जाता है अल्लाह उसका हो जाता है, अपनी ज़िन्दगी की लाइफ

स्टाइल को दीनी बनायें ताकि कामयाबी पायें!जो ख़ुदा की राह में जीता है मरकर भी शहीद होता है, हर दिल को अज़ीज़ होता है! मौलाना मुराद रज़ा साहब ने अपने प्रभावशाली तकरीर के माध्यम से यह पैग़ाम दिया कि आज की दुनिया में अगर कर्बला के उसूलों को अपनाया जाए, तो नफरत, अन्याय और आतंक की ताक़तों को शिकस्त दी जा सकती है। उन्होंने कहा कि इमाम की जागीर की हिफाज़त हर मोमिमीन का फरीज़ा है,हुसैनी पैग़ाम सिर्फ एक कौम या मज़हब के लिए नहीं, बल्कि पूरी इंसानियत के लिए है। मजलिस के दौरान मौलाना मुराद रज़ा ने बादे कर्बला के सबसे दर्दनाक वाकये का ज़िक्र करते हुए बताया कि हज़रत ज़ैनुल आब्दीन , जो इमाम हुसैन अ. के बड़े बेटे थे , उन्हें भी यज़ीद की फौज ने हतकड़ी व बेड़ी में जकड़ कर दयार ब दयार फिराया । यह मंजर सुनकर मजलिस में मौजूद आजादरों की आंख नम हो गई। उन्होंने बताया कि जब इमाम हुसैन (अ.) और उनके सभी साथियों को शहीद कर दिया गया, तब यज़ीदी फौज ने उनके खेमे लूट लिए, और उनके घर की औरतों व बच्चों को कैद कर रस्सियों में बांध कर कूफ़ा तक लगभग 90 किलोमीटर पैदल ले जाया गया।

संदिग्ध परिस्थितियों में शिक्षक ने लगाई फांसी

रामनगर बाराबंकी। नगर पंचायत रामनगर के मोहल्ला धमेड़ी-दो मे संदिग्ध परिस्थितियो मे एक शिक्षक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली।सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने आवश्यक लिखा पढ़ी कर शव को पी एम के लिये भेजकर जांच पड़ताल शुरु कर दी। प्राप्त विवरण के अनुसार सेवानिवृत्त जिला सांख्यिकी अधिकारी घनश्याम तिवारी के 32 वर्षीय पुत्र सुभास्कर तिवारी घर में अकेले थे। उनके द्वारा पहले परिजनों से वीडियो कॉल पर बात करने की चर्चा बड़ी थी।लखनऊ से रामनगर तक चर्चा और सूचना के बाद मौके पर पहुंचे पुलिस बल की उपस्थिती मे छत के रास्ते घर मे प्रवेश किया गया वहां पर वह फांसी के फंदे से लटके मिले।

निजी अस्पतालों पर सीएमओ की हुई छापेमारी

समृद्धि न्यूज़, मसौली बाराबंकी। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ0 रंजन गौतम के निर्देश पर सोमवार को प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डा0 राधेश्याम गौड द्वारा निजी अस्पतालो एव झोलाछाप डॉक्टरों के खिलाफ की गयी छापामारी से हड़कम्प मच गया। इस दौरान आधा दर्जन निजी चिकित्सकों के विरुद्ध कार्यवाही की गई है। प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डॉ राधे श्याम गौड एव उनकी टीम ने ग्राम पंचायत नै नैनामऊ स्थित ए के फार्मा क्लिनिक, ग्राम पंचायत भयारा स्थित जसवंत पाली क्लिनिक व ग्राम पंचायत सदरुददीनपुर स्थित शहाबुद्दीन क्लिनिक , राम गणेश शर्मा क्लिनिक , बी पी फार्मा क्लिनिक व श्री साई वेद प्रकाश हास्पिटल पर छापा मार कर जांच की तो इन संस्थानों में बायो मेडिकल वेस्ट (बीएमडब्ल्यू) नियमों का पालन नहीं होता पाया गया। साथ ही, पर्याप्त

स्टाफ और डॉक्टर भी मौके पर मौजूद नहीं मिले। कई महत्वपूर्ण दस्तावेज भी अधूरे पाए गए, जिससे गंभीर अनियमितताएं सामने आईं।

सीएचसी प्रभारी ने सभी संबंधित संचालकों को तत्काल कमियां दूर करने के निर्देश दिए हैं। उन्हें सभी अभिलेख और दस्तावेज तीन दिन के भीतर सीएचसी बड़ागांव में प्रस्तुत करने को कहा गया है।

जनसुनवाई कर एमएलसी ने रोपित किये आँवले के पौधे

रामनगर बाराबंकी। स्थानीय डाक बंगले पर एमएलसी अंगद सिंह ने जन सुनवाई कर शिकायतो के निस्तारण के लिये सम्बंधित अधिकारियो को निर्देश दिये।उन्होने डाक बंगला परिसर मे आंवले के पौध को रोपित कर वातावरण को हरा भरा बनाये रखने के महत्व को रेखांकित किया।विधुत सुधार परिषद के अध्यक्ष श्री सिंह के सामने बिजली आपूर्ति से जुड़ी शिकायते प्रमुखता से आई।उन्होंने विद्युत उपकेंद्र रामनगर के जूनियर इंजीनियर अनुराग सिंह को मौके पर बुलाकर शिकायतो का शीघ्र एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित कराने के निर्देश दिये।जनसुनवाई में अगानपुर निवासी अक्षत सिंह मंझौनी के अंजनी अवस्थी अपने-अपने क्षेत्रों में ट्रांसफार्मरों की क्षमता बढ़ाने अथवा उच्च क्षमता के ट्रांसफार्मर लगाये जाने की मांग रखी।

गो रक्षा के साथ धर्म जागरण के लिए निकले शंकराचार्य का बेलहरा में हुआ भव्य स्वागत

समृद्धि न्यूज़, बेलहरा बाराबंकी। गो-रक्षार्थ धर्म युद्ध यात्रा के तहत ज्योतिषपीठाधीश्वर एवं द्वारका शारदा पीठ के शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती रविवार देर रात बेलहरा क्षेत्र पहुंचे, जहां श्रद्धालुओं, सामाजिक कार्यकर्ताओं और जनप्रतिनिधियों ने उनका भव्य स्वागत किया। फूल-मालाओं, पुष्पवर्षा और जयघोष के बीच पूरे क्षेत्र में धार्मिक आस्था और उत्साह का वातावरण बना रहा।शंकराचार्य जी गो-रक्षार्थ धर्म युद्ध यात्रा के दौरान मौन व्रत पर हैं,इसलिए उन्होंने उपस्थित श्रद्धालुओं को संबोधित नहीं किया।उनके साथ आए संत-महात्माओं ने मंच से गो-संरक्षण का संकल्प दिलाते हुए कहा कि गौमाता भारतीय संस्कृति,सनातन परंपरा और ग्रामीण अर्थव्यवस्था की आधारशिला है। उन्होंने केंद्र सरकार से गौमाता को राष्ट्रीय माता घोषित करने तथा गोवंश की सुरक्षा के लिए कठोर एवं प्रभावी कानून बनाए जाने की मांग दोहराई।साथ ही लोगों से गो-सेवा,गो-संरक्षण और समाज में जागरूकता फैलाने का आह्वान किया।यात्रा के स्वागत के दौरान श्रद्धालुओं ने 'गो माता की जय' और 'सनातन धर्म की जय' के जयघोष लगाए।कुछ देर विश्राम के बाद शंकराचार्य का काफिला अगले पड़ाव के लिए रवाना हो गया।यात्रा मार्ग पर विभिन्न स्थानों पर लोगों ने पुष्पवर्षा कर उनका स्वागत किया तथा आशीर्वाद प्राप्त करने के लिए बड़ी संख्या में श्रद्धालु उमड़े। सुरक्षा व्यवस्था के मद्देनजर क्षेत्राधिकारी जगतराम कनौजिया, कोतवाल अमित प्रताप सिंह और चौकी प्रभारी अजय कुमार पांडेय पुलिस बल के साथ तैनात रहे।

किराना दुकान से हुई चोरी का 48 घंटे में खुलासा, सामान सहित दो चोर गिरफ्तार

समृद्धि न्यूज़, हैदरगढ़, बाराबंकी। स्थानीय पुलिस टीम द्वारा दो चोरों को गिरफ्तार कर कब्जे/निशांदेही से किराना स्टोर से चोरी किया गया सामान, नकदी व घटना में प्रयुक्त वाहन बरामद किया है। पुलिस अधीक्षक अर्पित विजयवर्गीय द्वारा जनपद में चोरी घटनाओं पर अंकुश लगाने तथा चोरी की घटनाओं के शीघ्र एवं अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु समस्त प्रभारी निरीक्षक/थानाध्यक्ष को निर्देशित किया गया है। इसी क्रम मे थाना हैदरगढ़ पुलिस टीम द्वारा 02 शातिर चोरों क्रमश सद्दाम हुसैन पुत्र साबिर अली निवासी मरौचा थाना जगदीशपुर जनपद अमेठी व दूसरा दीपांशु पुत्र रामकरन निवासी कठौरा थाना कमरौली जनपद अमेठी को गिरफ्तार किया गया। अभियुक्तगण के कब्जे/निशांदेही पर किराना स्टोर से चोरी किये गये 30 पैकेट कमला पसंद, 32 पैकेट राजश्री, 24 पैकेट विमल, 60 पैकेट सिल्वर लाइन तम्बाकू, 25 पैकेट डबल ब्लैक तम्बाकू, 50 पैकेट कैपटन, 02 पैकेट बीड़ी, 25 पैकेट गोल्ड फ्लैग, 9590/-रुपये नकद व घटना में प्रयुक्त 02 अदद सब्बल, 01 अदद कटर व एक अदद स्विफ्ट डिजायर कार बरामद की गयी।

खबरें एक नजर में

गुरुकुल महाविद्यालय में वृहद पौधरोपण कार्यक्रम का हुआ आयोजन

समृद्धि न्यूज़, महराजगंज रायबरेली। गुरुकुल महाविद्यालय, हलोर-पुरासी, रायबरेली मे 'एक पेड़ माँ के नाम' अभियान के अंतर्गत वृहद वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। उत्तर प्रदेश शासन के वृहद वृक्षारोपणअभियान-12/07/2026 एवं 'एक पेड़ माँ के नाम' अभियान के अंतर्गत गुरुकुल महाविद्यालय, हलोर-पुरासी, रायबरेली में प्राचार्या डॉ. प्रांजलि शुक्ला के नेतृत्व में वृहत वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर प्राचार्या डॉ. प्रांजलि शुक्ला ने छात्र-छात्राओं एवं समस्त शिक्षकों को पर्यावरण संरक्षण का संकल्प दिलाते हुए कहा कि प्रत्येक व्यक्ति को केवल पौधा लगाना ही नहीं, बल्कि उसके संरक्षण की जिम्मेदारी भी निभानी चाहिए। कार्यक्रम का सफल संचालन राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) की कार्यक्रम अधिकारी श्रीमती प्रभा शुक्ला के निर्देशन में किया गया। महाविद्यालय के समस्त शिक्षकगण, शिक्षणेत्तर कर्मचारी एवं छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। अभियान के अंतर्गत महाविद्यालय परिसर में छायादार, फलदार एवं औषधीय पौधों का रोपण किया गया। कार्यक्रम के अंत में प्राचार्या ने सभी प्रतिभागियों का आभार व्यक्त करते हुए अधिक से अधिक वृक्ष लगाने एवं उनकी नियमित देखभाल करने का आह्वान किया।

कल होगा भव्य काव्यलोक समारोह जयंती का आयोजन

समृद्धि न्यूज़, लालगंज रायबरेली। साहित्यिक एवं सामाजिक संस्था द्वारा आयोजित डॉक्टर शिव बहादुर सिंह भदोरिया जयंती अलंकरण एवं काव्यांजलि समारोह 2026 के संबंध में एक आवश्यक प्रेस वार्ता बक्शी मेमोरियल पब्लिक स्कूल में आयोजित की गईद्य डॉक्टर शिव बहादुर सिंह भदोरिया बैसवारा कि नहीं बल्कि पूरे भारतवर्ष के प्रसिद्ध नवगीतकार थे उनके व्यक्तित्व कृतित्व से सभी अवगत रहे इसलिए काव्यलोक संस्था द्वारा प्रत्येक वर्ष 15 जुलाई को उनका जयंती समारोह रुद्रा रिसोर्ट में मनाया जा रहा है। जिसमें प्रत्येक वर्ष भारतवर्ष के प्रसिद्ध गीतकारों को सम्मानित किया जाता है। इस वर्ष शिवबहादुर सिंह भदोरिया स्मृति सम्मान डॉक्टर राधेश्याम बंधु नवगीतकार नई दिल्ली को दिया जा रहा है प्रोफेसर हरेंद्र बहादुर सिंह स्मृति सम्मान रवि प्रताप सिंह राष्ट्रीय अध्यक्ष शब्दाक्षर कोलकाता को दिया जा रहा है प्रसिद्ध समीक्षक ओमप्रकाश अवस्थी स्मृति सम्मान डॉ. गणेश नारायण शुक्ला साहित्यभूषण को दिया जा रहा है प्रसिद्ध समाजसेवी सुरेश नारायण सिंह बच्चा बाबू स्मृति सम्मान प्रसिद्ध समाजसेवी मुकेश सिंह लखनऊ को दिया जा रहा है द्य काव्यांजलि में ओज के सशक्त हस्ताक्षर प्रकाश पटेरिया छतरपुर मध्य प्रदेश व राणा मुनि प्रताप हाथरस व प्रसिद्ध गीतकार धीरज मिश्र शांडिल लखनऊ रहेंगेद्य कार्यक्रम में विनय भदोरिया द्वारा नवगीत पर प्रकाशित पुस्तक सीढ़ियां चढ़ते हुए का विमोचन भी किया जाएगा 7 प्रेसवार्ता को संयोजक विनय भदोरिया ने संबोधित किया।

ताला तोड़कर ज्वैलरी की दुकान से 25 लाख के आभूषण चोरी

अमेठी, समृद्धि न्यूज़। तिलोई तहसील के अंतर्गत मोहनगंज थाना क्षेत्र के शाहमऊ बाजार में अज्ञात चोरों ने दो सर्राफा दुकानों के शटर काटकर लगभग 25 लाख रुपये के सोने-चांदी के आभूषण चोरी कर लिए। मिली जानकारी के अनुसार, चोरों ने पहले बाजार में रोशनी की व्यवस्था को निशाना बनाते हुए एक दुकान के बाहर लगा बल्ब निकाल दिया तथा हनुमानगढ़ी मंदिर के पास लगी स्ट्रीट लाइट का तार काट दिया, जिससे पूरे क्षेत्र में अंधेरा हो गया। इसके बाद चोरों ने हनुमानगढ़ी मंदिर के निकट स्थित कान्हा ज्वैलर्स का शटर काटकर दुकान में घुसकर अलमारी उठाकर करीब 200 मीटर दूर ले गए जहां अलमारी तोड़कर उसमें रखे लगभग 23 लाख रुपये के सोने-चांदी के आभूषण चोरी कर लिए। इसके बाद चोरों ने आर.एस. ज्वैलर्स के संचालक राकेश सोनी की दुकान का शटर काटकर अंदर रखे करीब 2 लाख रुपये मूल्य के आभूषण भी पार कर दिए।

कैंप लगाकर आयकर विभाग करेगा करदाताओं की समस्या का निवारण

अमेठी, समृद्धि न्यूज़। जनपद के करदाताओं की समस्याओं के त्वरित निस्तारण के उद्देश्य से आयकर विभाग द्वारा जिला कार्यालय पर बकाया, मांग एवं शिकायत निवारण कैंप का आयोजन किया गया है। उक्त कैंप का आयोजन जिला आयकर अधिकारी कार्यालय तहसील रोड मुख्यालय गौरीगंज पर किया जाएगा। जिला आयकर अधिकारी आनंद कुमार मिश्रा ने जानकारी देते हुए बताया है कि उक्त कैंप का आयोजन 15 से 31 जुलाई तक किया गया है। उन्होंने बताया कि आयोजित कैंप में जिले के करदाताओं के बकाया, मांग एवं शिकायतों का समाधान किया जाएगा। उन्होंने जनपद वासियों से अपनी आयकर संबंधी समस्याओं के त्वरित समाधान हेतु कैंप में उपस्थित होकर समाधान कराने की अपील की है।

एसडीएम प्रीति तिवारी का गैर जनपद हुआ तबादला



अमेठी, समृद्धि न्यूज़। शासन द्वारा बीती रात बड़े पैमाने पर उप जिलाधिकारियों के तबादले किए गए, जिसमें जनपद में लंबे समय से तैनात तेजतर्रार एवं ईमानदार अधिकारी मानी जाने वाली उप जिलाधिकारी प्रीति तिवारी का भी स्थानांतरण कर दिया गया। 2020 बैच की अधिकारी प्रीति तिवारी को अमेठी से बांदा जनपद भेजा गया है। प्रीति तिवारी जिले में अमेठी, मुसाफिरखाना तहसील की उप जिलाधिकारी रह चुकी हैं और वर्तमान में गौरीगंज सदर की एसडीएम के पद पर कार्यरत रहीं। अपने कार्यकाल के दौरान उन्होंने वाद निस्तारण, राजस्व, कानून-व्यवस्था और जनसमस्याओं के त्वरित निस्तारण को लेकर अलग पहचान बनाई। शासन ने उनके स्थान पर जनपद में दो नए उप जिलाधिकारियों की तैनाती की है। जिसमें उप जिलाधिकारी दिशा श्रीवास्तव और अभिनित कुमार शामिल हैं। शासन के इस तबादला आदेश के बाद प्रशासनिक महकमे में नई जिम्मेदारियों को लेकर चर्चाओं का दौर शुरू हो गया है।

तीस हजारी कोर्ट के आदेश पर भगोड़ा कारोबारी गिरफ्तार

अमेठी समृद्धि न्यूज़। दिल्ली की तीस हजारी कोर्ट के आदेश पर गौरीगंज निवासी कारोबारी इरफान पुत्र अब्दुल वहीद को दिल्ली पुलिस ने स्थानीय कोतवाली गौरीगंज पुलिस के सहयोग से गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने व्यापारी को उसकी दुकान से हिरासत में लिया है। गिरफ्तारी 3.76 लाख रुपये के बकाया भुगतान से जुड़े एक मामले में की गई, जिसमें आरोपी को अदालत पहले ही भगोड़ा घोषित कर चुकी थी। मिली जानकारी के अनुसार बेस्ट एग्रोलाइफ लिमिटेड ने इरफान के खिलाफ करीब 3.76 लाख रुपये की बकाया राशि की वसूली के लिए तीस हजारी कोर्ट में वाद दायर किया था। कंपनी का आरोप था कि कई बार भुगतान की मांग के बावजूद राशि का भुगतान नहीं किया गया था।

मंत्री ने किया गौरीगंज में आधुनिक एआईजी स्टाम्प कार्यालय का उद्घाटन

- जिले में स्टाम्प एवं रजिस्ट्री सेवाओं को डिजिटल और अधिक पारदर्शी बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम

अमेठी समृद्धि न्यूज़। सोमवार को जिला मुख्यालय गौरीगंज में लगभग 3 करोड़ 55 लाख रुपये की लागत से निर्मित आधुनिक एआईजी स्टाम्प कार्यालय का प्रदेश के स्टाम्प एवं निबंधन मंत्री रविन्द्र जायसवाल ने विधिवत पूजा-अर्चना के साथ उद्घाटन किया। इस कार्यालय के शुरू होने से जिले में स्टाम्प एवं रजिस्ट्री सेवाओं को डिजिटल और अधिक पारदर्शी बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है। उद्घाटन के

अवसर पर मंत्री रविन्द्र जायसवाल ने कहा कि नया एआईजी स्टाम्प कार्यालय पूरी तरह आधुनिक एवं डिजिटल सुविधाओं से लैस है। इसके संचालन से आम लोगों को स्टाम्प और रजिस्ट्री संबंधी कार्यों में अधिक सुविधा, पारदर्शिता और तेजी मिलेगी। साथ ही कार्यालयी प्रक्रियाएं भी पहले की तुलना में अधिक सरल और प्रभावी होंगी। कार्यक्रम में पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं सांसद स्मृति ईरानी ने वर्चुअल माध्यम से संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री तथा स्टाम्प एवं निबंधन मंत्री का आभार व्यक्त किया। मंत्री ने बताया कि वर्ष 2023 में कार्यालय निर्माण का प्रस्ताव मिला था, जबकि 2024 में भूमि उपलब्ध कराई गई। इसके बाद तेजी से निर्माण कार्य पूरा कर भवन तैयार किया गया। इस अवसर पर मंत्री ने घोषणा की कि आने वाले समय में अमेठी और मुसाफिरखाना क्षेत्र में भी नए एआईजी स्टाम्प कार्यालय स्थापित किए जाएंगे, जिससे लोगों को स्टाम्प एवं रजिस्ट्री सेवाएं स्थानीय स्तर पर उपलब्ध हो सकें। कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष राजेश अग्रहरि, विधायक राकेश प्रताप सिंह, भाजपा जिलाध्यक्ष सुधांशु शुक्ल, एमएलसी शैलेन्द्र प्रताप सिंह, जिलाधिकारी संजय चौहान, पुलिस अधीक्षक सरवणन टी. सहित अनेक जनप्रतिनिधि एवं अधिकारी उपस्थित रहे।

मुसाफिरखाना में महिला अस्पताल की मांग को लेकर मुख्यमंत्री को भेजा ज्ञापन

अमेठी समृद्धि न्यूज़। तहसील मुसाफिरखाना क्षेत्र में महिला अस्पताल की स्थापना की मांग एक बार फिर जोर पकड़ने लगी है। कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष राजू ओझा और कांग्रेस के वरिष्ठ नेता राम लखन शुक्ला के नेतृत्व में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को संबोधित एक ज्ञापन भेजकर मुसाफिरखाना में महिला अस्पताल खोले जाने की मांग की गई। ज्ञापन में कहा गया है कि मुसाफिरखाना तहसील में वर्तमान समय में महिलाओं के लिए कोई अलग सरकारी अस्पताल नहीं है। इसके कारण गर्भवती महिलाओं सहित अन्य महिला मरीजों को इलाज के लिए लंबी दूरी तय करनी पड़ती है, जिससे उन्हें काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। ज्ञापन में यह भी उल्लेख किया गया है कि मुसाफिरखाना-लखनऊ-सुल्तानपुर मार्ग पर बैंक ऑफ बड़ौदा के सामने स्थित मोहम्मद बेगम के पुराने सरकारी अस्पताल को वर्षों पहले नए अस्पताल में स्थानांतरित कर दिया गया था। वर्तमान में पुरानी अस्पताल की भूमि खाली पड़ी है। मांग की गई है कि इसी भूमि पर महिलाओं के लिए एक आधुनिक सरकारी महिला अस्पताल स्थापित किया जाए। ज्ञापन पर क्षेत्र के कई लोगों ने हस्ताक्षर कर मुख्यमंत्री से जनहित में शीघ्र कार्रवाई की मांग की है।

राज्यमंत्री ने रुकवाई भैंसों से लदी पिकअप

- पुलिस को बुलाकर सख्त कार्रवाई के दिए निर्देश

बछरावां, रायबरेली समृद्धि न्यूज़। उत्तर प्रदेश सरकार की दुग्ध विकास एवं पशुधन राज्यमंत्री कृष्णा पासवान ने सोमवार को बांदा-बहराइच हाईवे पर पश्चिम गांव के पास बेतरतीब तरीके से भैंसों से लदी एक पिकअप को रुकवाकर पुलिस को कार्रवाई के निर्देश दिए। राज्यमंत्री ने अपने काफिले का एक वाहन पिकअप के आगे लगवाकर उसे रुकवाया और तत्काल स्थानीय पुलिस को मौके पर बुलाया। पुलिस जांच में पिकअप पर आधा दर्जन भैंसें मानकों के विपरीत और अत्यंत खराब स्थिति में लदी मिलीं। राज्यमंत्री ने पशुओं के साथ इस

प्रकार की क्रूरता पर नाराजगी जताते हुए दोषियों के विरुद्ध सख्त कार्यवाही के निर्देश दिए। पुलिस ने पिकअप और उसमें लदी भैंसों को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी। घटना की सूचना पर आसपास के ग्रामीण और राहगीर भी मौके पर जुट गए, जिससे कुछ देर के लिए अफरा-तफरी का माहौल रहा। पूछताछ में पिकअप चालक राहुल ने बताया कि वह ताला गांव से भैंसों को लादकर चुरुवा पश्चिम गांव बाईपास तिराहे के पास छोड़ने जा रहा था, जहां उन्हें एकत्र किया जाता है। थाना प्रभारी श्याम कुमार पाल ने बताया कि पिकअप और भैंसों को कब्जे में लेकर नियमानुसार विधिक कार्यवाही की जा रही है।

इधर, ग्रामीणों ने आशंका जताई कि चुरुवा पश्चिम गांव बाईपास तिराहे के पास स्थित एक बाड़े में पहले भैंसों को एकत्र किया जाता है, जिसके बाद उन्हें अन्य जनपदों के लिए भेजा जाता है।

गोंदलामऊ जांच पर सवाल, तीन सचिवों का कार्यभार हटाने की मांग

सीडीओ से स्वतंत्र जांच, भुगतान पर रोक और समयबद्ध कार्रवाई की मांग

सीतापुर। विकासखंड गोंदलामऊ की विभिन्न ग्राम पंचायतों में कथित वित्तीय अनियमितताओं को लेकर शिकायतकर्ता ने मुख्य विकास अधिकारी को प्रार्थना पत्र सौंपकर वर्तमान जांच प्रक्रिया पर सवाल उठाए हैं। शिकायत में कहा गया है कि जांच अब तक नोटिस और अभिलेख तलब करने तक सीमित है। इसलिए निष्पक्ष जांच के लिए मामला किसी स्वतंत्र जिला स्तरीय अधिकारी या सक्षम जांच समिति को सौंपा जाए। शिकायतकर्ता ने जांच पूरी होने तक संबंधित कार्यों के भुगतान पर रोक लगाने, मूल अभिलेख सुरक्षित कराने तथा सचिव आसिफ अली सिद्दीकी, हरेन्द्र कुमार और प्रदीप कुमार का ग्राम पंचायतों से कार्यभार हटाकर अन्य अधिकारियों को सौंपने की मांग की है। साथ ही समयबद्ध जांच कर दोष सिद्ध होने पर विभागीय, वित्तीय एवं विधिक कार्रवाई सुनिश्चित करने का अनुरोध किया है। अब निगाहें मुख्य विकास अधिकारी के निर्णय पर हैं कि शिकायत में उठाई गई मांगों पर क्या आदेश जारी किए हैं।

शौचालय योजना की जांच पर उठे सवाल, किसान मंच ने डीपीआरओ पर खानापूर्ति का लगाया आरोप

सीतापुर। किसान मंच के राष्ट्रीय सचिव एवं प्रदेश प्रभारी शिव प्रकाश सिंह ने जिला पंचायत राज अधिकारी (डीपीआरओ) सीतापुर पर शौचालय योजना की जांच में खानापूर्ति करने का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि विकासखंड हरगांव में तैनात रहे संविदा कर्मी नीरज भार्गव के कार्यकाल के दौरान ग्रामीण व्यक्तिगत शौचालय योजना में कथित वित्तीय अनियमितताओं की निष्पक्ष जांच नहीं की गई।

शिव प्रकाश सिंह के अनुसार, इस संबंध में उन्होंने 11 मई 2026 को मुख्यमंत्री जनसुनवाई पोर्टल पर शिकायत (संदर्भ संख्या



60000260121305) दर्ज कराई थी। शिकायत पर जिलाधिकारी ने डीपीआरओ को जांच अधिकारी नामित किया था, लेकिन प्रस्तुत जांच आख्या में केवल औपचारिकता निभाई गई।

उन्होंने आरोप लगाया कि जांच के दौरान संबंधित ग्राम पंचायतों में स्वीकृत शौचालयों का भौतिक सत्यापन, लाभार्थियों के बयान और अभिलेखों का मिलान नहीं किया गया। उनका कहना है कि यदि निष्पक्ष जांच होती तो वास्तविक स्थिति सामने आ सकती थी। शिव प्रकाश सिंह ने यह भी आरोप लगाया कि डीपीआरओ महत्वपूर्ण बैठकों से अनुपस्थित रहकर जवाबदेही से बचने का प्रयास कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री कार्यालय से जांच आख्या पर संतुष्टि के संबंध में संपर्क किए जाने पर उन्होंने जांच से असंतोष जताते हुए पुनः विस्तृत एवं निष्पक्ष जांच की मांग दर्ज कराई है।

धान की बेहतर पैदावार के लिए नर्सरी प्रबंधन पर दें ध्यान: डॉ. अरविंद

▸ बुवाई के 10 से 14 दिन बाद रोग एवं कीटों की रोकथाम के लिए सुरक्षात्मक छिड़काव करना रहता है लाभकारी

जलालाबाद, समृद्धि न्यूज़।

कृषि विज्ञान केंद्र अनौगी के वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ. अरविंद कुमार ने किसानों से धान की अच्छी पैदावार के लिए वैज्ञानिक तरीके से नर्सरी प्रबंधन अपनाने की अपील की है। उन्होंने बताया कि एक हेक्टेयर क्षेत्र में तैयार की गई धान की नर्सरी से लगभग 15 हेक्टेयर खेत की रोपाई की जा सकती है। इसलिए समय पर नर्सरी की बुवाई और संतुलित पोषक तत्वों का प्रयोग अत्यंत आवश्यक है। बताया कि नर्सरी में प्रति हेक्टेयर 100 किलोग्राम नत्रजन तथा 50 किलोग्राम फास्फोरस का प्रयोग करना चाहिए। नर्सरी लगाने के 10 दिन के भीतर ट्राइकोडर्मा का एक छिड़काव अवश्य करें। इसके अलावा बुवाई के 10 से 14 दिन बाद रोग एवं कीटों की रोकथाम के लिए सुरक्षात्मक छिड़काव करना लाभकारी रहता है। डॉ. कुमार ने बताया कि खैरा रोग की रोकथाम के लिए 5 किलोग्राम जिंक सल्फेट को 20 किलोग्राम यूरिया अथवा 2.5 किलोग्राम बुझा हुआ चूना मिलाकर 1000 लीटर पानी में घोल तैयार करें और प्रति हेक्टेयर की दर से पहला छिड़काव बुवाई के 10 दिन बाद तथा दूसरा 20 दिन बाद करें। वहीं सफेदा रोग के नियंत्रण के लिए 4 किलोग्राम फेरस सल्फेट को 20 किलोग्राम यूरिया के घोल के साथ मिलाकर छिड़काव करने की सलाह दी। उन्होंने बताया कि झोंका (ब्लास्ट) रोग की रोकथाम के लिए प्रति हेक्टेयर 500 ग्राम कार्बेन्डाजिम 50 प्रतिशत डब्ल्यू.पी. का छिड़काव करें। भूरे धब्बा रोग से बचाव के लिए 2 किलोग्राम मैंकोजेब 75 प्रतिशत डब्ल्यू.पी. का प्रति हेक्टेयर की दर से प्रयोग करें। नर्सरी में लगने वाले कीटों के नियंत्रण के लिए 1.25 लीटर क्लोरोपाइरीफॉस 20 ईसी का प्रति हेक्टेयर छिड़काव प्रभावी रहता है।

किसानों को सलाह दी कि यदि नर्सरी में पानी का तापमान बढ़ जाए तो उसे निकालकर ताजा पानी भर दें। इससे पौधों की वृद्धि बेहतर होती है और रोग लगने की संभावना भी कम हो जाती है।

सीएम डैशबोर्ड में रैंकिंग सुधारने को विभागों की कसी गई नकेल

कन्नौज। मुख्यमंत्री दर्पण पोर्टल सीएम डैशबोर्ड पर जनपद की रैंकिंग में सुधार लाने के लिए मुख्य विकास अधिकारी राजेंद्र कुमार श्रीवास ने सोमवार को कलेक्ट्रेट के गांधी सभागार में विभागवार समीक्षा बैठक की। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि लक्ष्य तय कर समयबद्ध तरीके से कार्य करें और प्रत्येक संकेतक पर व्यक्तिगत निगरानी रखें। सीडीओ ने कहा कि जनपद की मौजूदा रैंकिंग अपेक्षा के अनुरूप नहीं है। इसे बेहतर बनाने के लिए सभी विभाग पूरी गंभीरता से कार्य करें। जिन विभागों का प्रदर्शन कमजोर है वे कमियों को तत्काल दूर करें और शासन की प्राथमिकताओं के अनुरूप कार्यों में तेजी लाएं। उन्होंने जल निगमए स्वास्थ्य विभाग लोक निर्माण विभाग प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधिए फैमिली आईडीए पंचम वित्त आयोग स्वच्छ भारत मिशनए मत्स्यए पशुपालन और श्रम विभाग सहित अन्य संबंधित विभागों के अधिकारियों को अपने-अपने संकेतकों में सुधार लाने के निर्देश दिए।

वेश प्रतियोगिता में भैया बहनों ने दिखाई प्रतिभा

▸ सरस्वती शिशु, विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में हुआ आयोजन

छिबरामऊ, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।

श्रीमती गंगा देवी चतूर्वेदी रस्वती शिशु, विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में आयोजित वेश प्रतियोगिता में भैया बहनों ने अपनी प्रतिभा दिखाई।

विभिन्न वर्गों की वेश प्रतियोगिता की शुरुआत माँ सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन व पुष्पार्चन से हुई। राष्ट्रपति पुरस्कार से सम्मानित पूर्व प्रधानाध्यापक भारत सिंह वर्मा, पूर्व अध्यापक राजेश कुमार शर्मा एवं राजेश कुमार दुबे ने निर्णायक की भूमिका निभाई। शिशु वाटिका वर्ग में प्रथम स्थान बहिन वंशिका, दितीय स्थान भैया गोविन्द तथा तृतीय स्थान बहिन जेन्या ने प्राप्त किया। शिशु वर्ग मे प्रथम स्थान श्रेया व उज्जवल, द्वितीय स्थान आस्था व तृतीय स्थान ईशु यादव ने, बाल वर्ग में प्रथम स्थान अदिति, द्वितीय स्थान हर्षिता, नैतिक व प्रताप सिंह, तृतीय स्थान नव्या दीक्षित, किशोर वर्ग में प्रथम दिष्सी, द्वितीय साक्षी. तृतीय प्रियम, अक्षत गुप्ता ने और तरुण वर्ग से प्रथम आदर्श पाण्डेय, द्वितीय सृष्टी, एंजिल व तृतीय स्थान प्रियांशी व गौरी ने प्राप्त किया।

इस अवसर पर सभी आचार्य बन्धु उपस्थित रहे। प्रधानाचार्य अनिल कुमार शुक्ल ने निर्णायक बन्धुओं का आभार व्यक्त किया।

नगर की समस्याओं और पालिकाकर्मी पर लगाए आरोप

▸ भाकियू किसान संगठन ने ईओ को सौंपा ज्ञापन

छिबरामऊ, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।

भारतीय किसान यूनियन (किसान) के जिलाध्यक्ष राजा शुक्ला ने नगर पालिका परिषद के अधिशासी अधिकारी को दो अलग-अलग ज्ञापन सौंपकर नगर की जनसमस्याओं के समाधान और एक आउटसोर्सिंग कर्मी के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की है।

पहले ज्ञापन में उन्होंने नगर की विभिन्न समस्याओं का उल्लेख करते हुए वार्ड 25 की सड़क निर्माण में कथित अनियमितता की निष्पक्ष जांच, क्षतिग्रस्त सड़कों का पुनर्निर्माण, नालियों की नियमित सफाई, कूड़ा उठाने वाले वाहनों की संख्या बढ़ाने, नगर से स्थायी अतिक्रमण हटाने, दिन के समय भारी वाहनों के प्रवेश पर रोक, लकड़ी मंडी क्षेत्र में पेयजल सुविधा उपलब्ध कराने तथा पाइपलाइन मरम्मत के कारण क्षतिग्रस्त सड़कों की तत्काल मरम्मत कराने की मांग की है। उन्होंने चेतावनी दी कि समस्याओं का शीघ्र समाधान नहीं होने पर संगठन आंदोलन और धरना-प्रदर्शन करेगा। वहीं दूसरे ज्ञापन में राजा शुक्ला ने नगर पालिका के एक आउटसोर्सिंग कंप्यूटर ऑपरेटर पर कार्यालय समय में विभागीय कार्यों की उपेक्षा कर राजनीतिक गतिविधियों में शामिल होने तथा पालिका के संसाधनों का दुरुपयोग करने का आरोप लगाया है। उन्होंने मामले की निष्पक्ष जांच कर संबंधित कर्मचारी को पदमुक्त करते हुए आवश्यक प्रशासनिक कार्रवाई की मांग की है।

कूल्हा प्रत्यारोपण के 24 घंटे बाद खड़ा हुआ मरीज

▸ न्यू लाइफ हॉस्पिटल एंड ट्रॉमा सेंटर की बड़ी उपलब्धि

छिबरामऊ, कन्नौज समृद्धि न्यूज। नगर के सौ शैया अस्पताल रोड स्थित न्यू लाइफ हॉस्पिटल एंड ट्रॉमा सेंटर के चिकित्सकों ने कूल्हा प्रत्यारोपण (हिप रिप्लेसमेंट) के क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण सफलता हासिल की है। सौरिख थाना क्षेत्र के नगला झाबर गांव निवासी 40 वर्षीय राजीव पाल पुत्र रामकृष्ण को गंभीर समस्या के चलते अस्पताल में भर्ती कराया गया था। जांच के बाद चिकित्सकों ने कूल्हा प्रत्यारोपण की सलाह दी, जिस पर परिजनों की सहमति के बाद ऑपरेशन किया गया। ऑर्थोपेडिक विशेषज्ञ डॉ. नीरज वर्मा, डॉ. प्रमोद मिश्रा एवं डॉ. आलोक प्रजापति की टीम ने सफलतापूर्वक ऑपरेशन किया। चिकित्सकों के अनुसार ऑपरेशन के मात्र 24 घंटे बाद ही मरीज को सहारे से खड़ा कर दिया गया, जबकि दो दिन के भीतर उसकी स्थिति में उल्लेखनीय सुधार देखने को मिला। मरीज ने भी बिना किसी विशेष परेशानी के खड़े होकर डॉक्टरों और अस्पताल की टीम का आभार व्यक्त किया। डॉ. नीरज वर्मा ने बताया कि आधुनिक तकनीक, बेहतर सर्जिकल प्रक्रिया और ऑपरेशन के बाद उचित देखभाल के कारण मरीज तेजी से स्वस्थ हो रहा है। उन्होंने कहा कि समय पर उपचार और विशेषज्ञ चिकित्सकों की निगरानी से ऐसे मरीज जल्द सामान्य जीवन की ओर लौट सकते हैं। अस्पताल प्रबंधन ने इसे क्षेत्र के लिए एक बड़ी चिकित्सकीय उपलब्धि बताया।

नर्मदेश्वर महादेव मंदिर का मनाया 11वां स्थापना दिवस

▸ दिबियापुर से पधारे आचार्य आशुतोष शुक्ला ने भगवान को लगाया भोग

छिबरामऊ, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।

पूर्वी बाईपास स्थित नर्मदेश्वर महादेव मंदिर का 11वां स्थापना दिवस भक्तों की भारी भीड़ और धार्मिक उत्साह के साथ धूमधाम से मनाया गया। मंदिर परिसर में पूजा-अर्चना, हवन और भजन-कीर्तन का सिलसिला चला, जिसके बाद विशाल भंडारा का आयोजन किया गया। इसमें सैकड़ों भक्तों ने प्रसाद ग्रहण किया। पंडित हरिओम चतुर्वेदी ने वैदिक मंत्रोच्चार के साथ यजमान गणेशचंद्र गुप्ता एवं मीरा गुप्ता से हवन-पूजन कराया। बीना गुप्ता, स्वाति, लवली, रानी, गुड़िया, नेहा, अनुराधा, रूपाली, कृष्णा, रामनंदनी, शिवनंदनी, रुचि, शालिनी, संध्या, ममता, माया, संगीता, मीनाक्षी व साक्षी सहित कई महिलाओं ने ढोलक की थाप पर मंगल गीत गाकर माहौल को भक्ति-मय बना दिया। इस अवसर पर उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल के नगर अध्यक्ष शैलेंद्र गुप्ता लालू एवं किराना एसोसिएशन के अध्यक्ष प्रदीप गुप्ता ने कहा नर्मदेश्वर महादेव मंदिर न केवल आस्था का केंद्र है बल्कि सामाजिक सद्भाव और एकता का प्रतीक भी है। ऐसे आयोजन समाज को जोड़ते हैं और सकारात्मक ऊर्जा का संचार करते हैं। दिबियापुर से पधारे आचार्य आशुतोष शुक्ला ने भगवान को भोग लगाया। इसके बाद भंडारे का प्रसाद वितरण शुरू हुआ। कार्यक्रम में अनुपम वर्मा, सचिन वर्मा, वीर गोयल, सत्यनारायण वर्मा, चंद्रभान गुप्ता मुन्ना, पंकज वर्मा, रमेश चंद्र गुप्ता, सुरेश चंद्र गुप्ता, उमेश चंद्र गुप्ता, शिवशंकर लाल गुप्ता, नरेश गुप्ता गोल्डी, राम मनोहर, डब्बू, वीरेंद्र कुमार, जितेंद्र कुमार, प्रतीक, केशव, विशाल गुप्ता, गोविंद गुप्ता, त्रिदेव, विनायक, आकाश, अक्षत, उज्जवल, छोटू, शौर्य, वेदू व कुशल सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

खबरें एक नजर में

पंचायत भवन का ताला तोड़कर इन्वर्टर, प्रिंटर व डीवीआर चोरी

छिबरामऊ, कन्नौज। ग्राम पंचायत खोजीपुर रम्पुरा के पंचायत भवन में चोरी की घटना सामने आई है। ग्राम प्रधान प्रतिनिधि रन्नो देवी ने कोतवाली में प्रार्थना पत्र देकर अज्ञात चोरों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई की मांग की है। दिए गए प्रार्थना पत्र के अनुसार सोमवार सुबह करीब 10 बजे पंचायत सहायक प्रियंका शाक्य पंचायत भवन पहुंचीं तो मुख्य दरवाजे का ताला टूटा मिला। अंदर जाकर देखा तो कार्यालय में रखा इन्वर्टर, प्रिंटर और डीवीआर सहित अन्य सामान गायब था। घटना की जानकारी तत्काल ग्राम प्रधान को दी गई। इसके बाद डायल 112 पर सूचना देकर पुलिस को मौके पर बुलाया गया। ग्राम प्रधान का कहना है कि पंचायत भवन में ग्राम पंचायत के महत्वपूर्ण अभिलेख और सरकारी सामान सुरक्षित रखा जाता है। चोरी की इस घटना से सरकारी संपत्ति को नुकसान पहुंचा है। उन्होंने पुलिस से अज्ञात चोरों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जल्द खुलासा करने तथा चोरी गए सामान की बरामदगी की मांग की है।

छात्र संसद की मांग पर तिर्वा के सरस्वती विद्या मंदिर में लगेगा 1000 लीटर का आरओ प्लांट

तिर्वा, समृद्धि न्यूज। सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज, तिर्वा में छात्र-छात्राओं को जल्द ही स्वच्छ पेयजल की सुविधा मिलेगी। उत्तर प्रदेश सरकार के ऊर्जा राज्य मंत्री एवं तिर्वा विधायक कैलाश राजपूत ने विद्यालय के लिए 1000 लीटर क्षमता के आरओ वाटर प्लांट की स्वीकृति प्रदान की है। छात्र संसद की पहल पर मिली इस मंजूरी से विद्यालय परिवार में खुशी का माहौल है। विद्यालय में हाल ही में गठित छात्र संसद ने पेयजल की समस्या को प्रमुख मुद्दा बनाते हुए ऊर्जा मंत्री को मांगपत्र सौंपा था। ऊर्जा मंत्री ने विद्यार्थियों की समस्या को गंभीरता से लेते हुए आरओ प्लांट की स्वीकृति दे दी। इसकी आधिकारिक जानकारी उनके ओएसडी कुलदीप ने विद्यालय प्रशासन को दी। विद्यालय के प्रधानाचार्य अनिल कुमार मिश्र और प्रबंधक त्रिलोकी नाथ चतुर्वेदी ने ऊर्जा मंत्री का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इस सुविधा से विद्यार्थियों को शुद्ध पेयजल उपलब्ध होगा और विद्यालय की आधारभूत सुविधाएं भी मजबूत होंगी। आरओ प्लांट की स्वीकृति की सूचना मिलते ही छात्र-छात्राओं में उत्साह और खुशी का माहौल है।

ग्राहक बनकर ज्वैलरी शॉप में चोरी करने वाला गैंग गिरफ्तार

कन्नौज। तालग्राम थाना क्षेत्र के अमोलर कस्बे में ग्राहक बनकर ज्वैलरी शॉप से सोने-चांदी के आभूषण चोरी करने वाले अंतरजनपदीय गैंग का पुलिस ने पर्दाफाश कर दिया। पुलिस ने गैंग की सरगना रिंकी समेत तीन महिलाओं और एक युवक को गिरफ्तार कर चोरी किए गए आभूषण, बोलेरो, मोबाइल फोन और नकदी बरामद की है। ढिपारा गांव निवासी विवेक पटेल की अमोलर कस्बे में पटेल ज्वैलर्स के नाम से दुकान है। आभूषण देखने के दौरान आरोपियों ने दुकानदार को बातचीत में उलझा लिया और एक जोड़ी सोने के टॉप्स, एक सोने का डबल पेंडल, एक जोड़ी सोने के कुंडल तथा एक जोड़ी चांदी की तोड़िया चोरी कर फरार हो गए। कुछ देर बाद स्टॉक मिलाने पर जेवर कम मिले तो दुकानदार ने दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरे खंगाले। फुटेज में महिलाएं चोरी करती दिखाई दीं। इसके बाद तालग्राम थाने में मुकदमा दर्ज कराया गया। पुलिस, सर्विलांस और एसओजी टीम ने जांच के बाद चारों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार आरोपियों में हरदोई जिले के बेनीगंज निवासी रिंकी पत्नी शिवपूजन, छुन्ना देवी पत्नी राकेश, मल्लावां निवासी ऊषा पत्नी राकेश तथा बेनीगंज निवासी सिराज पुत्र सदुद्दीन शामिल हैं। पुलिस ने इनके कब्जे से चोरी के आभूषण, बोलेरो कार, तीन मोबाइल फोन और 5,020 रुपये नकद बरामद किए हैं। एसपी बिनोद कुमार ने बताया कि यह गैंग ग्राहक बनकर ज्वैलरी दुकानों को निशाना बनाता था।

मजदूरी मांगने पर वेल्डिंग मशीन छीनने का लगाया आरोप

छिबरामऊ, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।

पीड़ित ने पुलिस से लगाई न्याय की गुहार

नगर के मोहल्ला ऊंचा नई बस्ती निवासी वेल्डिंग मिस्त्री मुकीम पुत्र मुन्ना ने एक व्यक्ति पर मजदूरी न देने, गाली-गलौज करने और उसकी वेल्डिंग मशीन छीन लेने का आरोप लगाया है। इस संबंध में पीड़ित ने थाना प्रभारी को शिकायती पत्र देकर कार्रवाई की मांग की है। शिकायत के अनुसार, 13 जुलाई की सुबह करीब नौ बजे मदारपुर गांव निवासी एक व्यक्ति उसके पास आया और अपने घर का गेट चढ़ाने का काम कराया। मुकीम अपनी वेल्डिंग मशीन और अन्य उपकरण लेकर मौके पर पहुंचा तथा गेट लगाने का कार्य पूरा कर दिया। आरोप है कि जब उसने अपनी 3,000 रुपये की मजदूरी मांगी तो संबंधित व्यक्ति ने पहले गेट पर ग्राइंडर चलाने की बात कही। मना करने पर उसने अपने दो अन्य साथियों के साथ गाली-गलौज शुरू कर दी। पीड़ित का आरोप है कि आरोपियों ने उसकी वेल्डिंग मशीन छीन ली, मजदूरी भी नहीं दी और मारपीट कर वहां से भगा दिया। पीड़ित ने पुलिस से उसकी वेल्डिंग मशीन वापस दिलाने, बकाया मजदूरी दिलाने तथा आरोपियों के विरुद्ध निष्पक्ष जांच कर आवश्यक कानूनी कार्रवाई करने की मांग की है।

आगरा शिक्षक खंड से डॉ दिलीप कुमार अमौरिया एमएलसी प्रत्याशी घोषित

गुरसहायगंज, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।

आगरा खण्ड शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र से माध्यमिक शिक्षक संघ के शर्मा गुट ने डॉ दिलीप कुमार अमौरिया को एमएलसी प्रत्याशी घोषित किया है। संघ के पदाधिकारियों ने सभी शिक्षकों से डॉ अमौरिया को भारी मतों से विजयी बनाने की अपील की है।

घोषणा के अवसर पर कन्नौज, औरैया, इटावा सहित कई जनपदों के पदाधिकारी उपस्थित रहे। इसमें कन्नौज जिला अध्यक्ष राजेश कुमार यादव, डॉ एम के भारती, जिला मंत्री उपाध्यक्ष मोहम्मद तौकीर रजा, साध्येश सिंह, औरैया जिला अध्यक्ष मोहित यादव, औरैया जिला मंत्री राजीव गोयल, इटावा जिला अध्यक्ष देवेश शर्मा, इटावा जिला मंत्री कवि कमलेश शर्मा, प्रदेशीय मंत्री डॉ अजय सिंह, जितेंद्र सहाय, उमेश यादव, राजीव शर्मा, संजय पचौरी, अनिल छौकर, वीरेंद्र उपाध्याय, कन्नौज जिला अध्यक्ष राजेश यादव, कन्नौज जिला मंत्री महेंद्र भारतीआदि शामिल रहे। इस अवसर पर माध्यमिक शिक्षक संघ के महामंत्री डॉ एम के भारती ने कहा कि डॉ दिलीप कुमार अमौरिया शिक्षकों के संघर्षों से निकले हुए नेता हैं। हाथरस के पूर्व जिला अध्यक्ष और अलीगढ़ मंडल के वर्तमान मंडलीय अध्यक्ष के रूप में उन्होंने शिक्षक हितों के लिए लगातार काम किया है। हमें पूरा विश्वास है कि विधान परिषद में जाकर वे शिक्षकों की समस्याओं को मजबूती से उठाएंगे। आगरा खण्ड के सभी सम्मानित शिक्षकों से अपील है कि वे डॉ अमौरिया को भारी मतों से विजयी बनाएं। बताया गया कि डॉ दिलीप कुमार अमौरिया हाथरस के निवासी हैं। शिक्षक हितों के लिए उनका लंबा अनुभव और संघर्ष रहा है। शिक्षकों ने भव्य स्वागत करके भारी बहुमत से जीत दिलाने का आश्वासन दिया।

असाढ़पुर गोशाला में 127 गोवंश मिले सुरक्षित, सीवीओ ने परखी व्यवस्थाएं

▸ चारा, भूसा और पेयजल की उपलब्धता का लिया जायजा

▸ बरसात में बीमारियों से बचाव के दिए निर्देश

कन्नौज, समृद्धि न्यूज। मुख्य पशु चिकित्साधिकारी डॉ. सरदूल सिंह ने सोमवार को पशु चिकित्साधिकारी इंदरगढ़ और खंड विकास अधिकारी हसेरन के साथ असाढ़पुर गोशाला का संयुक्त निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान गोशाला में 127 गोवंश सुरक्षित पाए गए, जिनमें 121 नर और छह मादा गोवंश शामिल हैं। अधिकारियों ने गोवंशों के रखरखाव, चारा और पेयजल की व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण में एक गोदाम में करीब 350 किलोग्राम भूसा तथा दूसरे गोदाम में लगभग 1200 किलोग्राम भूसा और एक कुंतल दाना उपलब्ध मिला। गोवंशों के पोषण के लिए लगभग 25 बीघा क्षेत्र में हरा चारा उगाया गया है, जिसे आवश्यकता के अनुसार पशुओं को खिलाया जा रहा है। गोशाला में सभी गोवंशों के लिए स्वच्छ पेयजल की समुचित व्यवस्था भी मिली। अधिकारियों ने पाया कि जंगली पशुओं से गोशाला की सुरक्षा के लिए ग्राम पंचायत निधि से खाई की खुदाई का कार्य चल रहा है। वहीं, अतिरिक्त हरे चारे की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए खेत में ज्वार की फसल भी बोई गई है। निरीक्षण के बाद मुख्य पशु चिकित्साधिकारी ने सचिव और केयरटेकर को गोशाला की नियमित साफ-सफाई, पर्याप्त हरा चारा, भूसा, दाना और स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। उन्होंने बरसात के मौसम में गोवंशों को संक्रामक बीमारियों से बचाने के लिए विशेष सतर्कता बरतने तथा किसी भी पशु के बीमार होने पर तत्काल उपचार सुनिश्चित कराने को कहा।

महाविद्यालयों में पौधरोपण महायज्ञ पर्यावरण संरक्षण का लिया संकल्प

जलालाबाद, समृद्धि न्यूज़।

डॉ. भीमराव अंबेडकर राजकीय महाविद्यालय अनौगी में वृक्षारोपण महायज्ञ-2026 एवं एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत सघन वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया।

कार्यक्रम में प्राचार्य, प्राध्यापकों, कर्मचारियों और छात्र- छात्राओं ने अमरूद, इमली, कुंजी, जंगल जलेबी, जामुन और नींबू के पौधे रोपकर उनके संरक्षण का संकल्प लिया। प्राचार्य डॉ. हेमेंद्र सिंह ने कहा कि वृक्ष धरती के आभूषण हैं और पर्यावरण संरक्षण वर्तमान समय की सबसे बड़ी आवश्यकता है। उन्होंने सभी से अधिक से अधिक पौधे लगाने और उनकी नियमित देखभाल करने का आह्वान किया।

इसीक्रम में अविका डिग्री कॉलेज चांदापुर में प्राचार्य डॉ हरिओम की नेतृत्व में वृक्षारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लिया गया। वृक्षारोपण के बाद शासन के निर्देशानुसार कार्यक्रम की फोटो हरितिमा ऐप पर भी अपलोड की गई।

खरीफ फसलों के संकर व प्रमाणित बीज पर मिलेगा अनुदान: संतोष कुमार

▸ मक्का, धान, बाजरा व दलहनी फसलों के बीज राजकीय भंडारों पर उपलब्ध

कन्नौज, समृद्धि न्यूज।

खरीफ सीजन की बुवाई के दौरान कृषि विभाग किसानों को संकर एवं प्रमाणित बीजों पर अनुदान दे रहा है। उप निदेशक कृषि संतोष कुमार ने बताया कि जिले में संकर मक्का के 754 कुंतल, संकर धान के आठ कुंतल और संकर बाजरा के 66 कुंतल बीज सभी राजकीय कृषि बीज भंडारों पर उपलब्ध हैं। संकर मक्का, धान और बाजरा के बीज पर किसानों को मूल्य का 50 प्रतिशत अथवा अधिकतम 150 रुपये प्रति किलोग्राम तक अनुदान मिलेगा। वहीं प्रमाणित धान पर 25.10 रुपये, सुगंधित धान पर 39.03 रुपये तथा अरहर, उड़द और मूंग के बीज पर 50 रुपये प्रति किलोग्राम की दर से अनुदान दिया जाएगा। विभिन्न फसलों के मिनीकिट भी निःशुल्क वितरित किए जा रहे हैं। उप निदेशक कृषि ने किसानों से अपने विकासखंड के राजकीय कृषि बीज भंडार से संपर्क कर योजनाओं का अधिकतम लाभ उठाने की अपील की है।

प्रदेश विकास यात्रा, गुरसहायगंज में हुआ भव्य स्वागत

▸ कन्नौज से फर्रूखाबाद तक हुआ जगह-जगह विकास यात्रा का भव्य स्वागत

गुरसहायगंज, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।

प्रदेश सरकार की उपलब्धियों को जन-जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से निकाली जा रही प्रदेश विकास यात्रा रविवार को कन्नौज से छिबरामऊ होते हुए फर्रुखाबाद के लिए रवाना हुई। यात्रा का जगह-जगह कार्यकर्ताओं द्वारा पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया। गुरसहायगंज में जीटी रोड स्थित निरीक्षण भवन के सामने भाजपा कार्यकर्ताओं ने विकास यात्रा का गर्मजोशी से स्वागत किया। भाजपा क्षेत्रीय मंत्री, कानपुर-बुंदेलखंड क्षेत्र देवेंद्र देव के काफिले का पूर्व नगर अध्यक्ष दीपू शर्मा, आंचल गुप्ता, सभासद शिवा गुप्ता, अवनीश कुमार, प्रशांत पाठक, मनोज कुमार, रजत गुप्ता, प्रमोद कुमार, मुन्ना, शोहल, मो. वारिस, विनय कुमारसहित दर्जनों कार्यकर्ताओं ने फूल-माला पहनाकर अभिनंदन किया। इस अवसर पर क्षेत्रीय मंत्री देवेंद्र देव ने कहा कि ड्ढ-डबल इंजन की सरकार में उत्तर प्रदेश हर क्षेत्र में विकास की नई ऊंचाइयों को छू रहा है। सड़क, बिजली, पानी, स्वास्थ्य और शिक्षा हर क्षेत्र में अभूतपूर्व कार्य हुए हैं। यह विकास यात्रा उसी जनकल्याणकारी कार्यों को घर-घर तक पहुंचाने का माध्यम है। 2027 में फिर से भाजपा की सरकार बनाकर हम उत्तर प्रदेश को देश का नंबर-1 राज्य बनाएंगे। कार्यक्रम में उपस्थित कार्यकर्ताओं ने केंद्र और प्रदेश सरकार की योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प लिया।यात्रा के गुरसहायगंज प्रभारी प्रदीप पाठक ने बताया की यात्रा का शुभारंभ मंडी समिति कन्नौज से हुआ है और कन्नौज से जसोदा जलालाबाद गुरसहायगंज छिबरामऊ चलकर जगह-जगह स्वागत के बाद फर्रुखाबाद पहुंचेगी उन्होंने बताया की यात्रा का भव्य स्वागत किया जा रहा है नगरों ग्रामों से होकर आने वाली यात्रा का उत्साह देखने को मिल रहा है।

रास्ते के विवाद में घर पर पथराव, वीडियो हुआ वायरल

▸ कार्रवाई की मांग को लेकर एसपी पहुंचे पीड़ित

▸ सात लोगों के घायल होने का आरोप, तीन का मेडिकल

कन्नौज, समृद्धि न्यूज।

सदर कोतवाली क्षेत्र के सहजापुर गांव में रास्ते के विवाद ने हिंसक रूप ले लिया।

आरोप है कि दबंगों ने एक परिवार के घर पर पथराव कर दिया। घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद मामला चर्चा का विषय बन गया है। पीड़ित परिवार का आरोप है कि पथराव में सात लोग घायल हुए, जबकि तीन घायलों का मेडिकल कराया गया। मामले में मुकदमा दर्ज होने के बावजूद आरोपियों के खिलाफ अब तक कोई प्रभावी कार्रवाई नहीं की गई है। पीड़ितों का कहना है कि आरोपी लगातार धमकी दे रहे हैं, जिससे परिवार भय के माहौल में जी रहा है। बच्चों ने भी डर के कारण स्कूल जाना बंद कर दिया है। न्याय की मांग को लेकर पीड़ित परिवार सोमवार को पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचा और आरोपियों की गिरफ्तारी, कड़ी कार्रवाई तथा सुरक्षा की मांग की। वायरल वीडियो के बाद सदर कोतवाली पुलिस की कार्यशैली पर भी सवाल उठ रहे हैं। हालांकि, इस मामले में पुलिस अधिकारियों की ओर से कोई आधिकारिक बयान सामने नहीं आया है।

सूचना

मैं शपथिनी सशपथ बयान करती हूं कि मैं श्रीमती पत्नी राम प्रताप वर्मा निवासी ग्राम उल्लहिया महमूदाबाद ग्रिन्ट परगना तहसील उतरौला जिला बलरामपुर है यह कि शपथनी के नाम से एलआईसी ऑफिस गोंडा में पॉलिसी नंबर 215 335 392 खुला हुआ है जिसमें हमारा नाम प्रभावती उर्फ श्रीमता पत्नी राम प्रताप लिखा है जबकि शपथनी का नाम आधार कार्ड में श्रीमती पत्नी राम प्रताप वर्मा लिखा है श्रीमती व प्रभावती एवं श्रीमता यह तीनों ही नाम हमारे हैं भविष्य में मुझे इन तीनों नाम से जाना व पहचान जाए।

पुत्र ने पिता की कुर्सी व ईंट से हमलाकर की हत्या

▸ अपर पुलिस अधीक्षक ने पहुंचकर की जांच

मोहम्मदाबाद, समृद्धि न्यूज।

कस्बा मोहम्मदाबाद के वार्ड लोहिया नगर में रविवार देर रात एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई। आरोप है कि शराब के नशे में पुत्र ने अपने 68 वर्षीय पिता की कुर्सी और ईंट से हमला कर हत्या कर दी। घटना से पूरे क्षेत्र में सनसनी फैल गई। वहीं परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल हो गया। सूचना मिलने पर पुलिस और फॉरेंसिक टीम मौके पर पहुंची तथा साक्ष्य जुटाए। पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। जानकारी के अनुसार

मृतक का फाइल फोटो

लोहिया नगर निवासी रामदास (68) अपने दिवंगत पुत्र ललित कुमार के घर में अकेले सो रहे थे। इसी दौरान उनके पुत्र श्याम कुमार उर्फ रामू ने कथित रूप से पहले चारपाई पलट दी, फिर उन्हें उठाकर पटक दिया और कुर्सी व ईंट से हमला कर दिया। जिससे उनकी मौके पर ही मृत्यु हो

रोते बिलखते परिजन

जांच करते एएसपी व सीओ

गई। घटना की सूचना पुत्रवधू ममता देवी पत्नी श्याम कुमार उर्फ रामू ने डायल-112 और कोतवाली पुलिस को दी। बताया गया कि दिवंगत ललित कुमार बड़े पुत्र सुमित की पत्नी पिंकी की डिलीवरी के सिलसिले में फर्रुखाबाद गए हुए थे। इसी बीच आरोपी ने वारदात को अंजाम दिया। परिजनों के अनुसार आरोपी ने हाल ही में किस्तों पर बाइक खरीदी थी और उसके लिए बड़ी पुत्री काजल से जेवर गिरवी रखने को मांगे थे। मना कर दिया तथा ससुराल पक्ष को बुलाकर उनके साथ चली गई थी। उसी दिन श्याम कुमार उर्फ रामू ने पत्नी ममता तथा बच्चों सपना, दीपू और नीरज के साथ भी मारपीट की। जिसके डर से बच्चे घर से बाहर निकल गए थे। सूचना पर कोतवाली प्रभारी निरीक्षक, कार्यवाहक क्षेत्राधिकारी राजेश कुमार द्विवेदी ने पहुंची जांच पड़ताल की और घटना की सूचना उच्चाधिकारियों को दी। फॉरेंसिक टीम ने घटनास्थल से आवश्यक साक्ष्य एकत्र किए। सूचना मिलते ही अपर पुलिस अधीक्षक गिरीश कुमार ने पहुंचकर जांच पड़ताल की। उपनिरीक्षक कपिल कुमार कुशवाह ने पंचनामा की कार्रवाई कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। अपर पुलिस अधीक्षक गिरीश कुमार सिंह ने बताया कि प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि आरोपी पिता पर जमीन बेचने का लगातार दबाव बना रहा था। इसी विवाद के दौरान हत्या की घटना हुई। पुलिस मामले की जांच कर आगे की विधिक कार्रवाई कर रही है।

पत्नी के घर छोड़ने के बाद युवक ने घर में फांसी लगाकर दी जान

मृतक का फाइल फोटो

नवाबगंज, समृद्धि न्यूज। थाना क्षेत्र के गांव ककियोली में युवक ने पत्नी के घर छोड़ जाने के बाद घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना की सूचना मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया और बड़ी संख्या में ग्रामीण मौके पर पहुंच गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच पड़ताल की और शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के ग्राम ककियोली 30 वर्षीय आशीष पुत्र श्रीचंद ने अपने घर के कमरे की छत में लगे पंखे के कुंडे से फंदा बनाकर फांसी लगा ली। जब परिजनों की नजर उस पर पड़ी तो उन्होंने उसे नीचे उतारा, लेकिन तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। परिजनों के अनुसार आशीष शराब पीने का आदी था। बताया जा रहा है कि उसकी पत्नी भी कुछ दिन पहले उसे छोड़कर चली गई थी, जिसके बाद से वह मानसिक तनाव में रहने लगा था। आशंका जताई जा रही है कि इसी परेशानी के चलते उसने यह आत्मघाती कदम उठाया। घटना की सूचना मिलते ही बबना चौकी प्रभारी अभिलख सिंह पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने घटनास्थल का बारीकी से निरीक्षण किया, आवश्यक साक्ष्य जुटाए और परिजनों सहित आसपास के लोगों से पूछताछ की। इसके बाद शव का पंचायतनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया। पुलिस मामले की जांच कर रही है। अधिकारियों का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट और जांच में सामने आने वाले तथ्यों के आधार पर आगे की विधिक कार्रवाई की जाएगी। युवक की असामयिक मौत से परिवार का रो-रोकर बुरा हाल है।

झोलाछाप ने महिला का किया गर्भपात, हालत बिगड़ी

जांच पड़ताल करती पुलिस

▸ परिजनों ने क्लीनिक पर किया हंगामा, पुलिस ने पहुंचकर की जांच

नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।

झोलाछाप द्वारा द्वारा कथित तौर पर गर्भपात किए जाने के बाद एक गर्भवती महिला की हालत गंभीर हो गई। महिला की बिगड़ती तबीयत देख परिजनों ने क्लीनिक के बाहर हंगामा किया। सूचना मिलने पर झोलाछाप महिला मौके से फरार हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच पड़ताल की। जानकारी के अनुसार चार माह की गर्भवती महिला को मोहम्मदाबाद रोड स्थित एक क्लीनिक पर इलाज के लिए ले जाया गया था। परिजनों का आरोप है कि क्लीनिक संचालिका ने गर्भ में बच्चे की हालत खराब बताकर उसका गर्भपात कर दिया। गर्भपात के तुरंत बाद महिला की तबीयत बिगड़ने लगी, जिसके बाद उसे फर्रुखाबाद के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। सोमवार को महिला की हालत में सुधार न होने और निजी अस्पताल में अधिक खर्च बताए जाने पर परिजन उसे वापस उसी क्लीनिक पर ले गए। उन्होंने वहां लापरवाही का आरोप लगाते हुए हंगामा किया, लेकिन तब तक क्लीनिक संचालिका मौके से फरार हो चुकी थी।

सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और परिजनों से पूछताछ की। पुलिस ने गंभीर हालत में महिला को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नवाबगंज भिजवाया। प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने उसे लोहिया अस्पताल रेफर कर दिया। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच पड़ताल की और परिजनों को शांत कराया।

युवक ने इंटरलाकिंग सड़क की ईंटे उखाड़कर रखी अपने घर में

नवाबगंज, समृद्धि न्यूज। कस्बा नवाबगंज के वार्ड नंबर 10 मोहल्ला सिरमौरा वांगर में नगर पंचायत द्वारा इंटरलॉकिंग सड़क बनाई गई थी। जिसे मोहल्ले के ही निवासी एक युवक ने उखाड़कर उसकी ईंटें अपने घर में रख लीं। इसकी शिकायत नगर पंचायत पहले भी की जा चुकी है, लेकिन युवक ने फिर भी ईंटें उखाड़ना बंद नहीं किया। इसी संबंध में नगर पंचायत के अधिशासी अधिकारी प्रमोद कुमार ने थाना प्रभारी को लिखित शिकायती पत्र देकर कार्यवाही की माँग की है। वहीं इस संबंध में चेयरमैन अनिल राजपूत ने बताया कि युवक ने बिना नगर पंचायत को सूचना दिए सड़क को उखाड़ दिया है। उसके खिलाफ थाना पुलिस को सूचना दी गई है।

पानी में औंधे मुंह गिरने से किसान की मौत

कायमगंज, समृद्धि न्यूज।

कोतवाली क्षेत्र के गांव अलाहदासपुर में रविवार देर रात धान के खेत में पानी लगाने गए 28 वर्षीय किसान की पानी में गिरने से दर्दनाक मौत हो गई।

खेत से देर तक घर न लौटने परिजनों ने तलाशा तो शव खेत में भरे पानी में पड़ा मिला। हादसे के बाद परिजनों में कोहराम मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच पड़ताल की और शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया।

कोतवाली क्षेत्र के अलाहदासपुर निवासी 28वर्षीय शरद यादव उर्फ बबलू पुत्र नंदराम सिंह रविवार शाम करीब 7 बजे शरद अपने छोटे भाई राम कुमार के साथ धान के खेत गया

मृतक का फाइल फोटो

था। कुछ देर बाद शरद ने भाई से कहा तुम घर जाओ, हम अभी आते हैं। रात 10 बजे तक जब शरद घर नहीं पहुंचा तो परिजनों के होश उड़ गए। भाई राम कुमार परिजनों के साथ खेत पहुंचा तो शरद धान के खेत में भरे पानी में उल्टा पड़ा मिला। आनन-फानन में उसे सीएचसी कायमगंज लाया गया। जहां ड्यूटी पर तैनात डॉ. जितेन्द्र बहादुर ने उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना

रोते बिलखते मृतक के परिजन

मिलते ही मृतक का कांस्टेबिल भाई जब पहुंचा तो रोने लगा। सूचना पर उपनिरीक्षक अय्यूब, कांस्टेबिल विक्रांत, अंकित और आशीष मौके पर पहुंचे। पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मौत की खबर मिलते ही कानपुर नगर के मूलगंज थाने में तैनात कांस्टेबल सुनील यादव अस्पताल पहुंचा। बड़े भाई का शव देखकर मां नेमा देवी, पत्नी सीमा देवी और बच्चे विकास, विनय व नैना का रो-रोकर बुरा हाल हो गया। शरद चार भाई-बहनों में सबसे बड़ा था और पूरे परिवार की जिम्मेदारी उसी के कंधों पर थी। अब पत्नी और 3 मासूम बच्चों के सिर से पिता का साया उठ गया है।

प्रभारी निरीक्षक विनोद कुमार शुक्ला ने बताया कि प्रथम दृष्टया खेत में पैर फिसलकर पानी में गिरने से मौत हुई है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद अग्रिम वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।

खबरें एक नजर में

जनसुनवाई व्यवस्था को और सशक्त बनाने की पहल

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज। जनपदवासियों को स्वास्थ्य सेवाओं से संबंधित समस्याओं के त्वरित एवं प्रभावी समाधान उपलब्ध कराने के उद्देश्य से मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. आनंद उपाध्याय के निर्देशानुसार मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय में सीयूजी नंबर के अतिरिक्त एक समर्पित हेल्पलाइन मोबाइल नंबर 9473720195 संचालित किया गया है। इस नंबर के माध्यम से आमजन अपनी स्वास्थ्य संबंधी शिकायतें, सुझाव एवं समस्याएं कार्यालय समय में सीधे दर्ज करा सकेंगे। मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने बताया कि स्वास्थ्य विभाग का लक्ष्य प्रत्येक नागरिक तक गुणवत्तापूर्ण, पारदर्शी एवं जवाबदेह स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचाना है। इसी उद्देश्य से शिकायत निस्तारण व्यवस्था को और अधिक प्रभावी एवं जनहितैषी बनाया गया है। प्राप्त होने वाली प्रत्येक शिकायत का विधिवत संज्ञान लेकर उसे संबंधित अधिकारी को प्रेषित किया जाएगा तथा निर्धारित समयावधि में गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित कराया जाएगा। उन्होंने कहा कि यदि किसी सरकारी चिकित्सालय, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, नगरीय प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, उपकेंद्र अथवा स्वास्थ्य विभाग की किसी भी सेवा से संबंधित कोई समस्या, असुविधा या शिकायत हो तो नागरिक 9473720195 पर अपनी बात दर्ज करा सकते हैं। शिकायतों की नियमित समीक्षा कर उनका त्वरित समाधान सुनिश्चित किया जाएगा, जिससे आमजन को अनावश्यक असुविधा का सामना न करना पड़े।

इंस्टग्राम आईडी से गलत फोटो व वीडियो डालकर दी धमकी

नवाबगंज, समृद्धि न्यूज। नगर पंचायत कार्यालय नवाबगंज में तैनात सफाई कर्मचारी उमेश कुमार का पिछले माह 13 जून को उसका एंड्रॉयड फोन काम करते समय कही गिर गया था। उमेश कुमार ने अपने नंबर की सिम कंपनी से निकलवा ली और फोन की काफी खोजबीन की, लेकिन कुछ पता न चल सका। मोबाइल किसी अज्ञात व्यक्ति को मिल गया, मोबाइल फोन में उमेश की इंस्टग्राम आईडी से गलत गलत फोटो व वीडियो डाल कर धमकी दे रहा है। जिससे कर्मचारी काफी डरा हुआ है। उमेश ने सोमवार को जिसकी लिखित शिकायत थाना पुलिस से की। पुलिस ने जांचकर कार्यवाही करने का भरोसा दिया।

भाजपा में खुला घमासान: मंडल अध्यक्ष ने गठबंधन की विधायक पर लगाए उत्पीड़न के आरोप

कंपिल, समृद्धि न्यूज। भाजपा संगठन के एक मंडल अध्यक्ष और पार्टी के दूसरे पदाधिकारी के बीच छिड़ा विवाद अब सोशल मीडिया से निकलकर राजनीतिक गलियारों तक पहुंच गया है। मंडल अध्यक्ष ने अपनी ही गठबंधन दल की विधायक पर परिवार का उत्पीड़न कराने और पुलिस पर दबाव बनाकर कार्रवाई प्रभावित करने का आरोप लगाया है। वहीं दूसरे पक्ष ने भी पलटवार करते हुए मंडल अध्यक्ष पर खनन, अवैध वसूली और रुपये मांगने जैसे गंभीर आरोप लगाए हैं। दोनों पक्षों के आरोपों से क्षेत्र की राजनीति गर्मा गई है। थाना कंपिल क्षेत्र की सिवारा चौकी के अंतर्गत ग्राम पंचायत कमरुद्दीन नगर के मजरा हजरतगंज निवासी भाजपा कंपिल मंडल अध्यक्ष निर्मल कश्यप ने सोशल मीडिया पर वीडियो जारी कर कहा कि उनके घर के रास्ते पर अवैध रूप से छज्जा निकालने का प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि मामले की शिकायत चौकी और थाना पुलिस से की गई, लेकिन कार्रवाई करने के बजाय उन्हें न्यायालय से स्थगन आदेश स्टे लेने की सलाह दी गई। निर्मल कश्यप ने आरोप लगाया कि कायमगंज विधानसभा से अपना दल एस की विधायक डॉ0 सुरभि दूसरे पक्ष का संरक्षण कर रही हैं और पुलिस पर दबाव बनाकर उनके परिवार का उत्पीड़न कराया जा रहा है। उन्होंने वीडियो में कहा कि दूसरे पक्ष के लोग लगातार धमकियां दे रहे हैं और यदि उनके या उनके परिवार के साथ कोई अप्रिय घटना होती है तो इसकी जिम्मेदारी विधायक डॉ0 सुरभि, शिव कुमार कश्यप और अवधेश कश्यप की होगी।

36 घंटे से लापता महिला व पांच वर्षीय बेटी का नहीं लगा पता

अमृतपुर, समृद्धि न्यूज।

कस्बा अमृतपुर निवासी श्रीनिवास उर्फ बिच्छू की पत्नी शकुंतला अपनी पांच वर्षीय बेटी राधा के साथ बीते लगभग 36 घंटे से संदिग्ध परिस्थितियों में लापता है। महिला और मासूम बच्ची का कोई सुराग न मिलने से परिजनों की चिंता लगातार बढ़ती जा रही है। पति ने अमृतपुर थाने में लिखित प्रार्थना पत्र देकर दोनों की सकुशल बरामदगी की गुहार लगाई है।

श्रीनिवास ने बताया कि वह रोज की तरह सुबह मेहनत-मजदूरी के लिए घर से निकले थे। दोपहर में खाना खाने के लिए वापस घर पहुंचे तो बेटी के बारे में पूछने पर घर में मौजूद अन्य परिजनों ने बताया कि उनकी पत्नी शकुंतला पांच वर्षीय बेटी राधा को साथ लेकर राजेपुर में राधा नाम की

जानकारी देता पीड़ित

एक महिला के साथ टोना-टोटका निकलवाने गई है। यह जानकारी मिलने के बाद वह दोबारा काम पर चले गए। शाम को जब वह वापस घर लौटे तो पत्नी और बेटी दोनों घर नहीं पहुंची थीं। इसके बाद उन्होंने आसपास के लोगों से पूछताछ की और रिश्तेदारों के यहां भी जानकारी की, लेकिन कहीं भी उनका कोई पता नहीं चल सका। काफी तलाश के बावजूद दोनों का कोई सुराग नहीं मिलने पर परिवार के लोगों की चिंता और बढ़ गई। श्रीनिवास ने बताया कि उनके परिवार में कुल आठ सदस्य हैं और वह मेहनत-मजदूरी करके पूरे परिवार का भरण-पोषण करते हैं। उन्होंने यह भी बताया कि उनकी पत्नी शकुंतला मानसिक रूप से पूरी तरह स्वस्थ नहीं है और उसका मानसिक संतुलन अक्सर ठीक नहीं रहता है। इसी कारण उन्हें किसी अनहोनी की आशंका सता रही है। करीब 36 घंटे बीत जाने के बाद भी जब महिला और बच्ची का कोई पता नहीं चला तो श्रीनिवास ने अमृतपुर थाने पहुंचकर लिखित तहरीर दी और पुलिस से दोनों की जल्द से जल्द सकुशल तलाश करने की मांग की। वहीं पुलिस ने तहरीर प्राप्त कर मामले की जांच शुरू कर दी है तथा महिला और बच्ची की तलाश के लिए आवश्यक कार्रवाई किए जाने की बात कही है।

पति ने थाने में दी तहरीर

दहेज की खातिर ससुरालियों ने विवाहिता को पीटा, भर्ती

जानकारी देती पीड़िता

कायमगंज, समृद्धि न्यूज। दहेज की मांग पूरी न करने पर ससुरालियों ने विवाहिता को मौत के घाट उतारने की कोशिश की। कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला गंगा दरवाजा निवासी दिव्या ने पुलिस को शिकायती पत्र देकर कहा है कि पति, जेठ, ननद और जेठानी ने मिलकर महिला के साथ बेरहमी से मारपीट की। आरोप है कि पति ने इस दौरान धारदार हथियार से हमला कर उसे गंभीर रूप से घायल कर दिया। पीड़िता ने कोतवाली में दी तहरीर में बताया कि उसकी शादी करीब 2 साल पहले हुई थी। मायके पक्ष ने अपनी क्षमता अनुसार दहेज भी दिया था, लेकिन शादी के बाद से ही पति, ननद, जेठ और जेठानी अतिरिक्त दहेज के रूप में चार पहिया वाहन और नकदी की मांग करने लगे। मांग पूरी न होने पर उसे आए दिन शारीरिक और मानसिक रूप से प्रताड़ित किया जाता था। पीड़िता का आरोप है कि बीती शनिवार रात सभी ससुरालियों ने गाली-गलौज करते हुए उसके साथ मारपीट शुरू कर दी। इसी दौरान पति ने धारदार हथियार से उस पर हमला बोल दिया। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गई। पीड़िता के फोन करने पर मायके वाले मौके पर पहुंचे और उसे आनन-फानन में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कायमगंज ले गए, जहां उसका इलाज चल रहा है। मायके पक्ष ने कोतवाली में लिखित तहरीर देकर आरोपियों के खिलाफकार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर पति सहित 4 लोगों के खिलाफदहेज उत्पीड़न, मारपीट और जानलेवा हमले की धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

पति सहित चार ससुरालियों पर दर्ज कराया मुकदमा

पास्को एक्ट में आरोपी को तीन वर्ष का कारावास

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज। पॉक्सो एक्ट के मामले में न्यायालय विशेष न्यायाधीश पाक्सो एक्ट रितिका त्यागी ने अभियुक्त संदीप कुमार पुत्र रामप्रकाश निवासी ग्राम ऊनरपुर थाना मेरापुर को दोषी करार देते हुए तीन वर्ष के कारावास की सजा से दंडित किया। मेरापुर थाना क्षेत्र की निवासी एक पीड़िता ने दर्ज कराये मुकदमे में दर्शाया था कि 8 मई 2017 को समय करीब 4:30 बजे जब अपने खेत में चारा काट रही थी, तो मेरे गांव का संदीप पुत्र प्रकाश यादव पीछे से आकर बुरी नियत से पकड़ लिया और छेड़छाड़ करने लगा। विरोध करने पर जान से मारने की धमकी देकर भाग गया। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर आरोप पत्र न्यायालय में दाखिल कर दिया। बचाव पक्ष व शासकीय अधिवक्ता की कुशल पैरवी के आधार पर न्यायालय विशेष न्यायाधीश पाक्सो एक्ट रितिका त्यागी ने अभियुक्त संदीप कुमार पुत्र रामप्रकाश को धारा 8 पास्को एक्ट में दोषी करार देते हुए 3 वर्ष के कारावास व 10,000 रुपए अर्थदंड तथा धारा 506 में 2 वर्ष का कारावास व 2000 रुपए अर्थदंड से दंडित किया गया।

छह दिन बाद भी नहीं खुली लूट की गुत्थी

कंपिल, समृद्धि न्यूज। तमंचे के बल पर दंपति से नगदी, जेवर और मोबाइल लूट की वारदात के छह दिन बाद भी पुलिस घटना का खुलासा नहीं कर सकी है। मामले में अब तक किसी आरोपी की गिरफ्तारी की आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है। ऐसे में जांच की रफ्तार को लेकर क्षेत्र में सवाल उठने लगे हैं। पीड़ित ने घटना के कुछ घंटे बाद ही थाने में तहरीर दे दी थी, लेकिन मुकदमा चार दिन बाद दर्ज किया गया। एफआईआर दर्ज होने में हुई देरी भी चर्चा का विषय बनी हुई है। हालांकि पुलिस की ओर से इस संबंध में कोई स्पष्ट कारण नहीं बताया गया है। घटना के बाद पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज के आधार पर जांच आगे बढ़ाने की बात कही थी। वहीं क्षेत्रीय लोगों का कहना है कि अटैना घाट चौकी पर लगे सीसीटीवी कैमरे बिजली आपूर्ति पर निर्भर हैं। चौकी का इनवर्टर और बैटरी खराब होने के कारण बिजली कटते ही कैमरे बंद हो जाते हैं। ऐसे में महत्वपूर्ण साक्ष्य मिलने की संभावना भी प्रभावित होती है। सूत्रों के अनुसार पुलिस ने मामले में दो संदिग्ध किशोरों को हिरासत में लेकर पूछताछ की थी। परिजनों का कहना है कि उनके पास मिला मोबाइल सड़क किनारे पड़ा मिला था, जिसे उन्होंने अपनी सिम लगाकर इस्तेमाल करना शुरू कर दिया था। सूत्रों के अनुसार पूछताछ के बाद दोनों को मोटी रकम लेकर छोड़ दिया गया। पुलिस ने इस संबंध में कोई आधिकारिक जानकारी साझा नहीं की है। घटना के बाद थाना प्रभारी ने कहा था कि मामले में कई संदिग्धों से पूछताछ की जाएगी। हालांकि छह दिन बीतने के बाद भी पुलिस किसी नतीजे तक नहीं पहुंच सकी है। क्षेत्रीय लोगों को अब पुलिस से जल्द खुलासे की उम्मीद है। थाना प्रभारी नितिन चौधरी से बात करने की कोशिश की तो उन्होंने फोन उठाना उचित भी समझा।

रोजगार/प्रधानमंत्री राष्ट्रीय शिक्षुता मेले में 219 अभ्यार्थियों का हुआ चयन

▸ सांसद ने अभ्यार्थियों को किया संबोधित

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।

सोमवार को विश्व युवा कौशल दिवस के अन्तर्गत राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान में जनपद स्तरीय रोजगार मेला/प्रधानमंत्री राष्ट्रीय शिक्षुता मेला का आयोजन किया गया। मुख्य अथिति सांसद मुकेश राजपूत व विशिष्ट अतिथि भाजपा जिलाध्यक्ष फतेह चन्द्र वर्मा एवं मुख्य विकास अधिकारी विनोद गौड़ के द्वारा मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यर्पण एवं दीप प्रज्ज्वलित कर जनपद स्तरीय रोजगार मेला/प्रधानमंत्री राष्ट्रीय शिक्षुता मेला का शुभारम्भ किया गया। मेलों में मुख्य अतिथि, विशिष्ठ अतिथियों ने अपने

शुभारम्भ करते सांसद, जिलाध्यक्ष व सीडीओ

वक्तव्य रखते हुये मेला में आये हुये प्रतिष्ठित कम्पनियों के प्रतिनिधियों का आभार व्यक्त किया और प्रतिभागियों का उत्सावर्धन किया। नोडल प्रधानाचार्य राजवीर सिंह द्वारा मेला में आये मुख्य अतिथि, विशिष्ट अतिथियों को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। मेला में आये अभ्यर्थियों का उद्धबोद्यन नोडल प्रधानाचार्य, विशिष्ट अतिथि एंव मुख्य अतिथि के द्वारा किया गया। जनपद स्तरीय रोजगार मेला/प्रधानमंत्री राष्ट्रीय शिक्षुता मेला में 34 कम्पनियों मारुति सुजुकी, स्पार्क मिन्डा, लावा, टाटा मोटर्स लि0, जय भारत मारूति, यामाहा मोटर्स इण्डिया प्रा.लि., न्यू होलैण्ड एवं हायर इत्यादि ने प्रतिभाग किया। लगभग 1500 रिक्तियों के सापेक्ष 477 प्रशिक्षार्थियों ने प्रतिभाग किया। जिसमें 176 जॉब ट्रेनी एवं 43 अप्रेन्टिसशिप कुल-219 अभ्यर्थियों को रोजगार/अप्रेन्टिसशिप के लिये चयनित किया गया। मंच संचालन सच्चिदानन्द सागर के द्वारा किया गया।

मेले की व्यवस्था में प्रमुख रूप से नोडल प्रधानाचार्य राजवीर सिंह, राज किशोर प्रधानाचार्य रा.आई.टी.आई. कायमगंज, बृजेश कुमार प्रधानाचार्य, आशीष कुमार एम.आई.एस. मैनेजर, शुभांग मिश्रा डी.पी.एम., रंजीत कुमार सुमन अप्रेन्टिस प्रभारी, विजेन्द्र सिंह, राजकिशोर महतो समस्त स्टॉफ उपस्थित रहा।

25 हजार का इनामी गोकशी का आरोपी मुठभेड़ में गिरफ्तार

फर्रुखाबाद/कायमगंज, समृद्धि न्यूज।

29 जून को पकड़े गए गोकशी के मामले में फरार चल रहा 25 हजार का इनामी मुख्य आरोपित रविवार शाम पुलिस के हत्थे चढ़ गया। पूछताछ के बाद देर रात पुलिस गोकशी करने के हथियार बरामद करने के लिए उसे ले गई तो वहां मौका पाकर उसने तमंचे से पुलिस पर फायर कर दिया। जिससे सिपाही घायल हो गया। पुलिस की जवाबी फायरिंग में गोली आरोपी के पैर में लगी। दोनों घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र से रेफर किए जाने पर डा0 राममनोहर लोहिया अस्पताल में भर्ती कराया गया। कोतवाली कायमगंज पुलिस टीम द्वारा थाना क्षेत्र के मीरपुर से कलाखेल जाने वाले खड़ंजा मार्ग के समीप जंगल में गोवध अधिनियम के अभियोग में 25,000 के इनामी अभियुक्त चंदा उर्फ चाँद मियां को उसकी निशानदेही पर घटना में प्रयुक्त आलाकत्ल की बरामदगी हेतु ले जाया गया। बरामदगी के दौरान अभियुक्त पुलिस अभिरक्षा से छूटकर भागा तथा झाड़ियों में छिपाकर रखे अवैध तमंचे से पुलिस टीम पर जान से मारने की नीयत से फायर कर दिया। पुलिस टीम द्वारा आत्मरक्षार्थ की गई जवाबी कार्रवाई में अभियुक्त के बाएं पैर में गोली लगी। घायल अभियुक्त को उपचार हेतु सीएचसी कायमगंज भेजा गया। घटना स्थल पर फोरेंसिक टीम द्वारा साक्ष्य संकलित किए गए। अभियुक्त के कब्जे/निशानदेही से 01 अवैध 315 बोर तमंचा, 01 जिंदा कारतूस, 02 खोखा कारतूस, एक बांका एवं एक छुरी बरामद हुई। कायमगंज कोतवाली प्रभारी विनोद कुमार शुक्ला ने बताया कि 29 जून को उ.नि. अरबिन्द कुमार द्वारा एक अज्ञात अभियुक्तगण द्वारा तस्कील अहमद खां पुत्र मसूर अहमद खां निवासी ग्राम कटरा रहमत खां के केले के खेत बहद ग्राम मऊरशीदाबाद में गोवंश की हत्या कर देने के सम्बन्ध में दाखिल किया गया। जिसके आधार पर धारा 3/5/8 गोवध अधिनियम पंजीकृत किया गया था। उक्त अभियोग की विवेचना के दौरान धारा ।। पशू क्रूरता अधि0 की वृद्धि की गयी। विवेचना से अभियुक्तगण रफीक अहमद उर्फराजू पुत्र मुगीर खाँ निवासी ग्राम कटरा रहमत खां, सिमरती उर्फ पच्चू पुत्र इखरार निवासी ग्राम अताईपुर खटको, गुड्डू उर्फ सलीम खां पुत्र मुक्खन खाँ निवासी ग्राम अताईपुर

मुठभेड़ के दौरान पुलिस हिरासत में आरोपी

जदीद, चंदा उर्फ चाँद मिया पुत्र सिमरती उर्फ पच्चू निवासी ग्राम अताईपुर जदीद का नाम प्रकाश में आया है। 02 जून को अभियुक्तगण रफीक अहमद उर्फ राजू, सिमरती उर्फ पच्चू, गुड्डू उर्फ सलीम खां उपरोक्त को गिरफ्तार कर व उनसे सम्बन्धित आलाकत्ल, अबैध तमंचा व कारतूस बरामद कर जेल भेजा गया है। तथा शेष अभियुक्त चंदा उर्फ चाँद मिया उपरोक्त के विरूद्ध पुलिस अधीक्षक द्वारा 08 जुलाई को 25000 का पुरस्कार घोषित किया गया है। थाना प्रभारी बताया कि ईनामिया अभियुक्त चंदा उर्फ चाँद मिया को गिरफ्तार कर बाद पूछताछ अभियुक्त को कोतवाली कायमगंज से हिरासत पुलिस में लेकर उसके द्वारा बताये स्थान मीरपुर के जंगल में उसकी निशादेही पर गोवंश की हत्या में प्रयुक्त आलाकत्ल की बरामदगी करने हेतु ले जाने पर उपरोक्त द्वारा पुलिस पार्टी से अपना हाथ छिटकर भागकर झाडी में रखे अपने अवैध 315 बोर के तमंचे से पुलिस पार्टी पर जान से मारने की नीयत से फायर कर दिया।

उक्त पुलिस मुठभेड़ में पुलिस पार्टी द्वारा भी बचाव में फायर किया गया जो अभियुक्त चंदा उर्फ चाँद मिया के बाये पैर में गोली लगी है। अभियुक्त को उपचार हेतु सीएचसी कायमगंज भेजा गया। फौरेंसिक टीम को घटना स्थल पर साक्ष्य संकलन की कार्यवाही की गई। पुलिस मुठभेड़ व तमंचे की बरामदगी के आधार पर धारा 109 (1) (पुलिस मुठभेड), 262 बीएनएस व 3/25 आर्म्स एक्ट बनाम चंदा उर्फ चाँद मियां पुत्र पच्चू उर्फ सिमरती उपरोक्त के विरूद्ध पंजीकृत किया गया। पूछताछ के दौरान इनामिया वाछित अभियुक्त चंदा उर्फ चाँद मियां ने बताया कि मैने ही अपने साथियों के साथ मिलकर 29 जून को बांका व छुरी से गाय को काटा था, जिस बांका व छुरी से मैने गाय को काटा था, उन्हें झाडियों में छुपा कर रख, रखा था तथा उनके साथ ही मैने पुलिस से बचने के लिए यह तमंचा छिपा रखा था। पुलिस से बचकर भगाने के लिए मैने तमंचा झाडियों से निकालकर पुलिस पर जान से मारने की नियत से सीधा फायर कर दिया था।

अनियंत्रित बाइक पोल से टकरायी, युवक घायल

कायमगंज, समृद्धि न्यूज। जनपद कासगंज के थाना सिकन्दरपुर क्षेत्र निवासी 25 वर्षीय युवक की बाइक अनियंत्रित होकर विद्युत पोल से टकरा गई। हादसे में युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। आसपास के लोगों की मदद से 108 एंबुलेंस उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कायमगंज लेकर आई, जहां उसका इलाज चल रहा है। परिजनों ने बताया कि राजीव किसी काम से कम्पिल आया था। देर शाम वह बाइक से वापस अपने घर लौट रहा था।इसी दौरान सुदैन रोड पर उसकी बाइक अचानक अनियंत्रित होकर सड़क किनारे लगे विद्युत पोल से जा टकराई। टक्कर इतनी तेज थी कि राजीव सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसा देखकर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे और तुरंत 108 एंबुलेंस को सूचना दी। एंबुलेंस कर्मियों ने घायल अवस्था में राजीव को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कायमगंज में भर्ती कराया।

अघोषित विद्युत कटौती व बिना जांच किये लोड बढ़ाये जाने के विरोध में किया प्रदर्शन

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।

▸ मुख्यमंत्री संबोधित ज्ञापन अधिशासी अभियंता को सौंपा

अघोषित विद्युत कटौती एवं उपभोक्ताओं के घरों पर बिना जांच किए लोड बढ़कर उपभोक्ताओं से अनावश्यक वसूली विरोध में अधीक्षण अभियंता कार्यालय पर धरना प्रदर्शन कर ज्ञापन सौंपा गया। बड़ी संख्या में लोगों ने फर्रुखाबाद विकास मंच के अध्यक्ष भईयन मिश्रा के नेतृत्व में विद्युत कार्यालय पर नारेबाजी करते हुए विरोध प्रदर्शन किया। अधीक्षण अभियंता कार्यालय में न मिलने पर प्रदर्शनकारियों ने नाराजगी जतायी।

फर्रुखाबाद विकास मंच जिला अध्यक्ष भईयन मिश्रा ने कहा कि अधिकारी इस सरकार में बेलगाम हो चुके हैं। पूर्व में जानकारी होने के बाद भी जनता की समस्याओं को सुनने की बजाय वह मुंह छुपाए घूम रहे हैं, इसको किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने अधीक्षण अभियंता कार्यालय पर ज्ञापन चस्पा कर दिया। अधिशासी अभियंता को मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन दिया गया। मौके पर मौजूद बहुत से उपभोक्ताओं के बिजली बिलों को बढ़कर आने पर सही कराया गया। जब तक लोगों के घरों का सर्वे करके लोड अगर आवश्यक है तो बढ़ाया जाए। कार्यालय में बैठकर उपभोक्ताओं की जेब पर डाका ना डाला जाए, क्योंकि जिनका लोड कम है, उसके बाद भी उपभोक्ताओं का 2 किलोवाट से लोड बढ़कर 3 किलोवाट, 4 किलोवाट कर दिया गया है। डोर टू डोर सर्वे के बाद ही किसी का लोड बढ़ाया जाए। भईयन मिश्रा ने कहा कि जनता परेशान हो यह किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। अधिकारी अपने अधीनस्थ कर्मचारियों को सही करें और बिना किसी घर का सर्वे के लोड ना बढ़ाएं नहीं तो जबरदस्त आंदोलन किया जाएगा। अधिशासी अभियंता शहर बृजभान सिंह ने बताया यह घोषित विद्युत कटौती जो की जा रही थी, लाइनों को ट्रांसफर करने के लिए उसको बंद कर दिया जाएगा और लाइन शिफ्ट का काम अक्टूबर या नवंबर में कराया जाएगा, गर्मी में उपभोक्ताओं को परेशान नहीं होने दिया जाएगा। अंतर्राष्ट्रीय हिंदू परिषद के जिला महामंत्री अंगद पांडे उर्फ कोमल ने कहा की बिजली विभाग अपना रवैया सुधारे और बेवजह जनता को परेशान करना बंद करें, जिनके घरों में बहुत ज्यादा लोड नहीं है, उसके बाद भी अनाप-शनाप बिल भेज कर उपभोक्ताओं को परेशान किया जा रहा है। इस दौरान निशित दुबे उर्फ निशु, राजा मिश्रा, राजीव वर्मा, पंकज राठौर, राजीव पाल, आलोक मिश्रा भूरे, अभिषेक श्रीवास्तव, विष्णु मिश्रा, आयुष सक्सेना, अमल परिहार, अनुज तिवारी, केके द्विवेदी उर्फ बंटू, शनि बाथम, सौरभ शुक्ला, रजत वर्मा, आकाश चतुर्वेदी, शिवलू खान, अनंतराम श्रीवास्तव, कुलदीप दीक्षित, अजय मिश्रा, नीतीश पांडे, राहुल दीक्षित गुड्डा, आशू, मिश्रा, नीरज यादव, सचिन पांडे, अशफाक खान, आफताब खान, शिव शंकर मिश्रा, समीर खान, रेहान खान, ईशान कुमार, अनीश खान, मलखान सिंह राजपूत, रामबरन शाक्य, गुड्डू राजपूत उपस्थित रहे।

अधिशासी अभियंता को ज्ञापन सौंपते भईयन मिश्रा व अन्य

सेंट एंथोनी स्कूल की छात्रा ऐमन अली चुनी गई कप्तान

छात्रा ऐमन अली व अदीना अली

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।

सेंट एंथोनी सीनियर सेकेंडरी स्कूल फतेहगढ़ में वार्षिक चुनाव सम्पन्न हुआ। वार्षिक चुनाव में सैय्यद रिजवान अली की बड़ी पुत्री ऐमन अली स्कूल कप्तान निर्वाचित हुई। वहीं छोटी पुत्री अदीना अली ग्रीन हाउस की उपकप्तान निर्वाचित हुई। विद्यालय सूत्रों के अनुसार विद्यालय में सदैव कोई छात्र ही स्कूल कप्तान निर्वाचित होता रहा है। ऐमन अली पहली छात्रा है जो विद्यालय कप्तान चुनी गई है। ऐमन अली कक्षा 12 की छात्रा है और उसने हाईस्कूल की बोर्ड परीक्षा में भी टॉप किया था। ग्रीन हाउस की उपकप्तान के रूप में निर्वाचित अदीना अली सैय्यद रिजवान अली की छोटी पुत्री है और विद्यालय में कक्षा 9 की छात्रा है और अपनी कक्षा की टॉपर है।

एमआईसी में एनडीआरएफ टीम ने बच्चों को सिखाए आपदा से जंग जीतने के गुर

डेमो करती एनडीआरएफ टीम

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।

म्युनिसिपल इंटर कॉलेज फतेहगढ़ परिसर अचानक आपदा प्रशिक्षण केंद्र में बदल गया। जब एनडीआरएफ (राष्ट्रीय आपदा मोचक बल) की टीम ने पहुंचकर बच्चों को आग, बाढ़ और भूकंप जैसी आपदाओं से निपटने की लाइव ट्रेनिंग दी। एनडीआरएफ टीम ने रियल मॉक ड्रिल के जरिए दिखाया कि हादसे के वक्त घबराना नहीं, बल्कि समझदारी से खुद को और दूसरों को कैसे सुरक्षित निकालना है। बच्चों को रेस्क्यू ऑपरेशन, फर्स्ट एड और इमरजेंसी एग्जिट की बारीकियां सिखाई गई। सेकंड्स में फैसला, जिंदगी का सवाल इसी संदेश के साथ छात्रों को हर स्थिति के लिए तैयार किया गया। लाइव डेमो से बच्चों में आत्मविश्वास बढ़ा। आपदा के समय क्या करें, क्या न करें की स्पष्ट जानकारी दी गई। प्रधानाचार्य मयंक रस्तोगी के मौजूदगी में शिक्षकों, स्टाफ एवं बच्चों ने प्रशिक्षण लिया। प्रवक्ता अशोक कुमार कठेरिया, प्रदीप कुमार जयसवाल, अरविंद कुमार यादव, डॉ. दिनेश चंद्रा, रामेश्वर दयाल, प्रबल प्रताप सिंह, निरुक्त मिश्रा एवं एनडीआरफ के सब इंस्पेक्टर रमाकांत यादव व उनकी टीम के सदस्य आदि मौजूद रहे।

तीन दिवसीय इंटर हाउस कराटे प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

प्रतियोगिता में भाग लेते बच्चे

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।

गायत्री इंटरनेशनल स्कूल नियर मिशन कंपाउंड आवास विकास मे इंटर हाउस कराटे प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। प्रतियोगिता का शुभारम्भ स्कूल की डारेक्टर प्राची अग्रवाल, अकादमी हेड आभा पटेल और प्रधानाचार्या सिद्दी ने किया। उन्होंने बताया कि कराटे आज के समय में सभी बच्चों के लिए बहुत ही जरूरी है, जो शारीरिक मजबूती के साथ मानसिक रूप से भी मजबूत बनता है। प्रतियोगिता के कोच पुष्कर भारद्वाज ने बताया कि यह प्रतियोगिता तीन दिन चलेगी। 15 जुलाई को समापन होगा।

रामानंद बालिका इं.का. में अभिभावक शिक्षक समिति का हुआ गठन

▸ सुनील कुमार मिश्रा सर्वसम्मति से बने अध्यक्ष

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।

स्वामी रामानंद बालिका इंटर कॉलेज में प्रधानाचार्या रीता दुबे की अध्यक्षता में अभिभावकों की बैठक आयोजित की गई। बैठक में उपस्थित अभिभावकों को सड़क सुरक्षा अभियान, कैंसर जागरूकता, नशा मुक्ति अभियान, योग के महत्व तथा 14 वर्ष आयु की छात्राओं के टीकाकरण के संबंध में विस्तृत जानकारी प्रदान की गई।

साथ ही अभिभावकों को छात्राओं को नियमित, समय से एवं सुरक्षित रूप से विद्यालय भेजने, यातायात नियमों का पालन सुनिश्चित कराने तथा निर्धारित तिथि पर 14 वर्ष आयु की छात्राओं का टीकाकरण कराने हेतु जागरूक किया गया। बैठक में पीटीए (अभिभावक-शिक्षक संघ) समिति का गठन किया गया और सर्वसम्मति से सुनील कुमार मिश्रा को पीटीए समिति के अध्यक्ष के रूप में मनोनीत किया गया। प्रधानाचार्या रीता दुबे शिक्षक-शिक्षिकाएँ फराना हाशमी, दीपावली, साधना राठौर, प्रेरणा, नीना, सुनीता, बबली, शिव, कीर्ति एवं रजत प्रजापति उपस्थित रहे। सभी उपस्थित अभिभावकों एवं शिक्षक-शिक्षिकाओं ने विद्यालय की शैक्षिक एवं सह-शैक्षिक गतिविधियों में पूर्ण सहयोग प्रदान करने का आश्वासन दिया।

बैठक में मौजूद शिक्षक व महिलायें

पांचाल रथयात्रा समिति द्वारा कीर्ति सम्मान समारोह का हुआ आयोजन

सम्मानित होते अंजुम दुबे

कथा का रसपान करती महिलायें

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।

पांचाल जगन्नाथ रथयात्रा महामहोत्सव के उपलक्ष्य में श्रीराधामाधव संकीर्तन मण्डल के तत्त्वाधान में पांचाल रथयात्रा समिति द्वारा धर्म कीर्ति सम्मान समारोह का भव्य आयोजन हुआ। नगर के सेवा परायण भक्तजन जिनके सतत सहयोग एवं समर्पण भाव से विगत 20-25 वर्षों से अनेकों धार्मिक महोत्सवों का सफल आयोजन सम्भव हुआ है। श्रीमन्माध्वगौडेश्वराचार्य मनमोहन गोस्वामी महाराज एवं आचार्य चिन्मय गोस्वामी द्वारा नगर के ऐसी 108 विभूतियों को सम्मानित किया गया। डॉ. गोस्वामी ने कहा सभी पर श्री भगवान् जगन्नाथ इसी तरह से अपनी कृपा वर्षा करते रहें। भक्तजनों में डॉ0 मनोज कुमार मेहरोत्रा, डॉ. हरिदत्त द्विवेदी, डॉ. ऋषीन्द्र नाथ गौड़, सुरेन्द्र सफ्फर, अन्जुम दुबे, अनिल रस्तोगी, महेश वर्मा, अशोक अग्रवाल, कन्हैया, शशिकान्त गुप्ता, विजय वर्मा, कृष्णमोहन रस्तोगी, सुनील मेहरोत्रा, राजेंद्र नाथ गुप्त, अनिल मेहरोत्रा, प्रवीण रस्तोगी, जय कुमार सारस्वत, पंकज अग्रवाल, दीप चन्द्र वर्मा, प्रदीप गुप्ता, गोपाल टन्डन, रोहित गोयल, योगेश तिवारी, नवीन नब्बू, आलोक रस्तोगी, विनोद अग्निहोत्री, सिकन्दर, अजय वर्मा, चैतन्य रस्तोगी, पवन बन्सल, कौस्तुभ अग्रवाल, पंकज कपूर, गौरव मित्तल, हिमान्शु मिश्र, सौरभ मित्तल आदि मौजूद रहे।

एक बच्चे को जन्म देने पर महिला का होता है दूसरा जन्म: डॉ. रोहित तिवारी

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।

डॉ. राममनोहर लोहिया पुरुष अस्पताल में नसबंदी कराकर आगे के खतरे से बचने की पहल की गई। बच्चों की पढ़ाई, बीमारी और प्रसव पर बार-बार खर्चों से बचने के लिए नसबंदी जरुरी है। अगर पहले से किसी के बच्चे है और वह बच्चा नहीं चाहता है तो वह नसबंदी का रास्ता जरुर चुने।

भोलेपुर निवासी आशीष ने बताया यही सोचकर एक दिन मैंने अपनी पत्नी से कहा कि अपने दो बच्चे हैं और अब बच्चे नहीं चाहिए इन बार बार की परेशानी से अच्छा है कि नसबंदी करा ली जाए। परिवार कल्याण कार्यक्रम के नोडल अधिकारी डॉ. दीपक कटारिया ने बताया कि जब बात परिवार नियोजन की आती है तो हमेशा से ही महिलाओं को इसके लिए जिम्मेदार बना दिया जाता है। दरअसल अधिकतर पुरुष सोचते हैं कि नसबंदी कराने से उनकी ताकत कम हो जाएगी, लेकिन ऐसा कुछ नहीं है। एसीएमओ ने बताया इस वित्तीय वर्ष में अभी तक 2 पुरुष नसबंदी हो पाई हैं, जबकि अप्रैल से अब तक लगभग 126 महिला नसबंदी हो चुकी हैं। सर्जन डॉ. रोहित तिवारी का कहना है कि नसबंदी में शुक्राणु वाहिनी नलिकाओं को बाँध दिया जाता है, जिससे शुक्राणु शरीर से बाहर नहीं जा पाते हैं, यह शरीर में ही घुलकर रह जाते हैं, इस प्रकार शरीर के स्वस्थ रहने में भी सहायक होते हैं। जिला परिवार नियोजन परामर्शदाता विनोद कुमार ने बताया कि मिशन परिवार विकास कार्यक्रम के तहत आने वाले जिलों में नसबंदी अपनाने वाले पुरुषों को प्रोत्साहन राशि के रुप में 3,000 रुपये और महिलाओं को 2,000 रूपये दिए जाते हैं।

जानकारी देते डॉ. रोहित तिवारी मौजूद अन्य

जननी सुरक्षा योजना में जनपद ने रचा नया इतिहास, प्रदेश में द्वितीय स्थान किया प्राप्त

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज। राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अंतर्गत संचालित जननी सुरक्षा योजना में जनपद ने उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल करते हुए उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री डैशबोर्ड पर द्वितीय स्थान प्राप्त किया है। यह उपलब्धि जनपद में गर्भवती महिलाओं को समयबद्ध वित्तीय सहायता उपलब्ध कराने, संस्थागत प्रसव को बढ़ावा देने तथा स्वास्थ्य विभाग की सतत मॉनिटरिंग एवं टीमवर्क का परिणाम है। मुख्यमंत्री डैशबोर्ड पर प्रदर्शित आंकड़ों के अनुसार 01 अप्रैल से 30 जून की अवधि में जनपद के सरकारी स्वास्थ्य संस्थानों में 4462 लाभार्थियों के संस्थागत प्रसव हुए, जिनमें से 3682 महिलाओं को जननी सुरक्षा योजना का भुगतान किया गया। इस प्रकार जनपद ने 82.52 प्रतिशत भुगतान सुनिश्चित करते हुए प्रदेश में द्वितीय स्थान प्राप्त किया। पिछले माह जनपद का भुगतान प्रतिशत मात्र 19.36 प्रतिशत था तथा प्रदेश में 63वीं रैंक थी। अल्प समय में यह परिवर्तन स्वास्थ्य विभाग की कार्यशैली, नियमित समीक्षा, सतत अनुश्रवण एवं डिजिटल भुगतान व्यवस्था को और अधिक प्रभावी बनाने का परिणाम है।

एमआरएफ सेन्टर पर ईओ ने किया पौधरोपण, दिलाई पर्यावरण बचाने की शपथ

वृक्षारोपण के दौरान शपथ लेते ईओ

कायमगंज, समृद्धि न्यूज। शासन के आदेश के अनुपालन में अधिशासी अधिकारी डॉ. लव कुमार मित्र के नेतृत्व में ग्राम लुधैय्या स्थित एमआरएफ सेंटर पर दूसरे दिन भी एक पेड़ मां के नाम थीम पर बृहद वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन कराया गया। कार्यक्रम में अधिशासी अधिकारी, सभासदगण, पालिका के सभी अधिकारी कर्मचारीगणों द्वारा उक्त अभियान में प्रतिभाग कर वृक्षों का रोपण किया गया। वृक्षारोपण के बाद पालिका के अधिशासी अधिकारी डॉ. लव कुमार मिश्र द्वारा एमआरएफ सेंटर पर उपस्थित सभी लोगो को पर्यावरण की सुरक्षा करने व अपने आसपास वृक्ष लगाने तथा इस अभियान को जन-जन तक पहुंचाने हेतु शपथ दिलाई गई। अभियान में नगर पालिका परिषद कायमगंज के अधिशासी अधिकारी डॉ0 लव कुमार मिश्र, सभासद सुनील गुप्ता, उत्तम कुमार, प्रदीप शाक्य, सफाई एवं खाद्य निरीक्षक अनिल कुमार आजाद प्रभारी लिपिक विजय सिंह, सहायक लिपिक धर्मेंद्र कुमार व अरशद अली, सफाई कर्मचारी यूनियन के अध्यक्ष उमेश चंद्र, सफाई नायक सुभाष चंद्र, अतुल तिवारी आदि उपस्थित रहे।

एसपी ने मोहम्मदाबाद कोतवाली के निर्माणाधीन बैरक का किया निरीक्षण

▸ गुणवत्ता में लापरवाही न बरतने की दी सख्त हिदायत

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।

पुलिस अधीक्षक आरती सिंह ने कोतवाली मोहम्मदाबाद की निर्माणाधीन बैरक का निरीक्षण कर निर्माण कार्य की प्रगति एवं गुणवत्ता का जायजा लिया।

निरीक्षण के दौरान संबंधित अधिकारियों एवं कार्यदायी संस्था को निर्माण कार्य निर्धारित मानकों के अनुरूप गुणवत्ता के साथ समयबद्ध रूप से पूर्ण कराने तथा आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

पुलिस कर्मियों को बेहतर आवासीय सुविधाएं उपलब्ध कराने के उद्देश्य से कोतवाली मोहम्मदाबाद परिसर में बनाए जा रहे पुलिस बैरक के निर्माण कार्य का पुलिस अधीक्षक एसपी ने औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने निर्माण की प्रगति और इस्तेमाल हो रही सामग्री की गुणवत्ता का बारीकी से जायजा लिया। एसपी ने निर्माण स्थल पर पहुंचकर ईंट, सीमेंट, मौरंग और सरिया आदि निर्माण सामग्रियों की गुणवत्ता को स्वयं परखा। उन्होंने स्पष्ट किया कि मानक के अनुरूप ही सामग्री का प्रयोग होना चाहिए। मौके पर मौजूद कार्यदायी संस्था के इंजीनियरों और ठेकेदारों को सख्त निर्देश देते हुए एसपी ने कहा कि निर्माण कार्य में किसी भी स्तर पर लापरवाही या घटिया सामग्री का उपयोग बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने निर्माण कार्य में तेजी लाने और तय समय सीमा के भीतर गुणवत्तापूर्ण तरीके से कार्य को पूर्ण करने के निर्देश दिए, ताकि जल्द से जल्द जवानों को नई बैरक में शिफ्ट किया जा सके। एसपी ने कहा कि पुलिसकर्मियों को ड्यूटी के बाद पर्याप्त आराम की आवश्यकता होती है।

इसी को ध्यान में रखते हुए इस आधुनिक और सर्वसुविधायुक्त बैरक का निर्माण कराया जा रहा है, जिससे जवानों के रहन-सहन के स्तर में सुधार आ सके। निरीक्षण के दौरान कोतवाली प्रभारी सहित अन्य पुलिस अधिकारी एवं निर्माण कार्य से जुड़े कर्मचारी भी मौजूद रहे।

निर्माणाधीन बैरक का निरीक्षण करती एसपी

होमगार्ड भर्ती से संबंधित व्यवस्थाओं की एएसपी ने की समीक्षा

बैठक लेते एएसपी व मौजूद अन्य

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज। होमगार्ड भर्ती प्रक्रिया: अभिलेख सत्यापन एवं शारीरिक परीक्षण की तैयारियों के दृष्टिगत अपर पुलिस अधीक्षक ने समीक्षा बैठक कर आवश्यक दिशा निर्देश दिये। 12 जुलाई को अपर पुलिस अधीक्षक गिरीश कुमार द्वारा पुलिस लाइन सभागार में होमगार्ड पदों पर सफल अभ्यर्थियों के अभिलेख सत्यापन (डीवी) एवं शारीरिक मानक/दक्षता परीक्षण (पीएसटी) की प्रस्तावित प्रक्रिया को निष्पक्ष, पारदर्शी एवं सुव्यवस्थित ढंग से संपन्न कराए जाने के उद्देश्य से अधिकारियों एवं कर्मचारियों के साथ समीक्षा गोष्ठी आयोजित की गई। बैठक के दौरान डीवी/पीएसटी प्रक्रिया से संबंधित समस्त व्यवस्थाओं की बिंदुवार समीक्षा की गई तथा अधिकारियों एवं कर्मचारियों को उनके दायित्वों के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। साथ ही निर्देशित किया गया कि संपूर्ण भर्ती प्रक्रिया शासन की मंशा एवं निर्धारित मानकों के अनुरूप पूर्ण निष्पक्षता, पारदर्शिता एवं समयबद्धता के साथ संपन्न कराई जाए।

एसपी ने किया होमगार्ड भर्ती प्रक्रिया का निरीक्षण

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।

पुलिस अधीक्षक आरती सिंह ने पुलिस लाइन में चल रही होमगार्ड भर्ती परीक्षा की डॉक्यूमेंट वेरिफिकेशन एवं शारीरिक मानक परीक्षण (डीवीपीएसटी) प्रक्रिया का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान अभ्यर्थियों के बैठने, पेयजल, शौचालय, सीसीटीवी निगरानी सहित सभी व्यवस्थाओं का जायजा लिया तथा अधिकारियों को भर्ती प्रक्रिया निष्पक्ष, पारदर्शी और सुव्यवस्थित ढंग से संपन्न कराने के निर्देश दिए।

स्थानीय पुलिस लाइन फतेहगढ में चल रही होमगार्ड भर्ती परीक्षा की प्रक्रियाओं का जायजा लेने के लिए पुलिस अधीक्षक ने औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने अभ्यर्थियों के डॉक्यूमेंट वेरिफिकेशन (दस्तावेज सत्यापन) और शारीरिक मानक परीक्षण (फिजिकल टेस्ट) की व्यवस्थाओं को बारीकी से परखा। पुलिस अधीक्षक ने भर्ती स्थल पर मौजूद नोडल अधिकारियों और कर्मचारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि पूरी चयन प्रक्रिया में शत-प्रतिशत पारदर्शिता और निष्पक्षता बरती जाए। एसपी ने शारीरिक माप-तौल (ऊंचाई, सीने की माप आदि) और दौड़ के लिए बनाए गए ट्रैक का भी मुआयना किया। उन्होंने यह सुनिश्चित किया कि सभी परीक्षण शासन द्वारा निर्धारित मानकों के अनुरूप ही किए जा रहे हैं। दूर-दराज से पुलिस लाइन पहुंचे अभ्यर्थियों को किसी प्रकार की परेशानी न हो, इसके लिए एसपी ने पेयजल, छाया और बैठने की समुचित व्यवस्था का भी जायजा लिया। भर्ती स्थल पर भीड़ प्रबंधन और सुरक्षा व्यवस्था की समीक्षा करते हुए, ड्यूटी पर तैनात सभी पुलिसकर्मियों को पूरी मुस्तैदी और अनुशासन के साथ अपनी जिम्मेदारी निभाने की हिदायत दी गई। निरीक्षण के दौरान पुलिस अधीक्षक ने वहां मौजूद कुछ अभ्यर्थियों से भी बातचीत की और व्यवस्थाओं का फीडबैक लिया। अधिकारियों के अनुसार, पुलिस लाइन में होमगार्ड भर्ती की प्रक्रिया पूरी तरह से शांतिपूर्ण और सुव्यवस्थित ढंग से संपन्न कराई जा रही है और किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। इस मौके पर भर्ती बोर्ड से जुड़े अन्य पुलिस व प्रशासनिक अधिकारी भी मौजूद रहे।

निरीक्षण करती पुलिस अधीक्षक

हरिद्वार तक निकलेगी अटल संकल्प पदयात्रा

जानकारी देते प्रमोद बाजपेई

अमृतपुर, समृद्धि न्यूज।

राष्ट्रीय हिंदू शक्ति संगठन के तत्वावधान में 19 जुलाई रविवार को फर्रुखाबाद से हरिद्वार तक अटल संकल्प पदयात्रा का आयोजन किया जाएगा। यात्रा का शुभारंभ प्रातः 7 बजे होगा। तिवारी पॉलीक्लिनिक राजपुर में आयोजित प्रेस वार्ता के दौरान संगठन के प्रदेश अध्यक्ष प्रमोद बाजपेई ने जानकारी दी। आयोजन डॉ0 डीके तिवारी एवं प्रदेश महामंत्री गौ रक्षा प्रकोष्ठ रामकिशन के प्रतिष्ठान पर किया गया। प्रदेश अध्यक्ष प्रमोद बाजपेई ने बताया कि इस पदयात्रा का मुख्य उद्देश्य हिंदू समाज को संगठित करना तथा सनातन धर्म और संस्कृति की रक्षा के प्रति जनजागरण फैलाना है। उन्होंने कहा कि यात्रा के माध्यम से उत्तर प्रदेश से लेकर उत्तराखंड तक हिंदू समाज को जोड़ने का कार्य किया जाएगा, जिससे सामाजिक एकता, सांस्कृतिक चेतना और राष्ट्रहित की भावना को और अधिक मजबूती मिल सके। उन्होंने कहा कि संगठन का संकल्प सनातन संस्कृति के मूल्यों को जन-जन तक पहुंचाना तथा समाज में आपसी भाईचारा, सेवा और राष्ट्रभक्ति की भावना को सशक्त करना है। इसी उद्देश्य को लेकर जनपद से हरिद्वार तक अटल संकल्प पदयात्रा निकाली जा रही है। संगठन पदाधिकारियों ने बताया कि यात्रा के दौरान विभिन्न स्थानों पर जनसंपर्क अभियान चलाकर लोगों को सनातन संस्कृति, सामाजिक समरसता एवं राष्ट्र निर्माण के प्रति जागरूक किया जाएगा। उन्होंने क्षेत्रवासियों से अधिक से अधिक संख्या में यात्रा में शामिल होकर इसे सफल बनाने की अपील की। इस दौरान मृदुल चतुर्वेदी, अरुण त्रिपाठी, रविकांत अग्निहोत्री, देवांश अग्निहोत्री, अनमोल चतुर्वेदी आदि उपस्थित रहे।

आजाद समाज पार्टी के सूरज बौद्ध बने नए जिलाध्यक्ष

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज। आजाद समाज पार्टी (कांशी राम) के शीर्ष नेतृत्व ने कानपुर मण्डल के फर्रुखाबाद जिले में एक बड़ा संगठनात्मक बदलाव किया है। पार्टी ने कड़ा कदम उठाते हुए वर्तमान जिलाध्यक्ष पंकज कुमार को उनके पद से तत्काल प्रभाव से पदमुक्त कर दिया है। उनके स्थान पर अब एडवोकेट सूरज बौद्ध को फर्रुखाबाद का नया जिलाध्यक्ष नियुक्त किया गया है। यह बदलाव आजाद समाज पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष एवं पूर्व विधायक सुनील कुमार चितौड़ द्वारा जारी एक आधिकारिक पत्र के माध्यम से किया गया है।`

सूचना

मैंने अपने पुत्र धीरज के गलत चाल चलन के चलते अपनी चल अचल सम्पत्ति से बेदखल कर अपने सभी प्रकार के सम्बन्ध विच्छेद कर लिये है। उसके द्वारा किये गये किसी भी कृत्यों के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होगा। मेरा व मेरे परिवार का कोई सरोकार नहीं होगा। **लक्ष्मी देवी पत्नी स्व0 रामदयाल निवासी केयर/आफ टिन्कू महुआ देवी मंदिर के सामने गढ़ी अशरफ अली, फर्रुखाबाद।**

एक ही दिन में दो युवकों की संदिग्ध मौत

एक का शव पेड़ से लटका मिला, दूसरे ने घर में फांसी लगाई

▸ हत्या या आत्महत्या? दोनों मामलों की जांच में जुटी पुलिस, पोस्टमार्टम रिपोर्ट का इंतजार

समृद्धि न्यूज़, बिजुआ खीरी।

भीरा थाना क्षेत्र में सोमवार को दो अलग-अलग स्थानों पर दो युवकों की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। एक युवक का शव नानक फार्म मार्ग पर सड़क किनारे पेड़ से लटका मिला, जबकि दूसरे युवक ने बस्तौली गांव में घर के भीतर फांसी लगाकर जान दे दी। पुलिस ने दोनों शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर जांच शुरू कर दी है।

पहली घटना नानक फार्म भीरा-लखीमपुर मार्ग की है, जहां मटेहिया निवासी 28 वर्षीय अरविंद गुप्ता पुत्र प्रेम कुमार गुप्ता का शव सोमवार सुबह सड़क किनारे एक पेड़ से फंदे के सहारे लटका मिला। राहगीरों ने पहले उसकी बाइक सड़क किनारे खड़ी देखी, फिर पास जाकर शव लटका होने की सूचना पुलिस को दी। अरविंद की करीब चार माह पहले ही शादी हुई थी और वह बोझवा स्थित साई मंदिर के पास फोटोग्राफी की दुकान चलाता था। पुलिस के अनुसार शव के पैर जमीन से सटे थे और घटनास्थल से उसकी बाइक भी बरामद हुई है। हत्या अथवा आत्महत्या, दोनों पहलुओं पर जांच की जा रही है।

दूसरी घटना बस्तौली गांव की है, जहां 29 वर्षीय इंद्र कुमार पुत्र रामनरेश ने रविवार देर रात घर के अंदर छत के कुंडे से फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। मृतक के भाई पृथ्वीपाल निवासी बीबीपुर ने पुलिस को बताया कि इंद्र पिछले लगभग सात वर्षों से बस्तौली गांव में रह रहा था। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। ग्रामीणों के अनुसार इंद्र पिछले कुछ वर्षों से गांव की एक महिला के घर रह रहा था। आत्महत्या के कारणों का फिलहाल पता नहीं चल सका है।

दोनों घटनाओं की सूचना मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। पुलिस ने परिजनों से पूछताछ शुरू कर दी है और आसपास के लोगों के बयान भी दर्ज किए जा रहे हैं।

थानाध्यक्ष अमित पांडेय ने बताया कि दोनों मामलों की हर पहलू से जांच की जा रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट और अन्य साक्ष्यों के आधार पर आगे की विधिक कार्रवाई की जाएगी।

पुलिस ने लोगों से अफवाहों पर ध्यान न देने और जांच पूरी होने तक संयम बनाए रखने की अपील की है।

धान की कटाई के दौरान मिला 22 फीट लंबा विशाल अजगर, सुरक्षित रेस्क्यू कर जंगल में छोड़ा गया

समृद्धि न्यूज़, निघासन खीरी।

पलिया वन रेंज के अंतर्गत ग्राम फुलवरिया में उस समय हड़कंप मच गया, जब धान की कटाई के दौरान खेत में एक विशालकाय अजगर दिखाई दिया। किसानों ने जैसे ही लगभग 20 से 22 फीट लंबे और अनुमानित 80 से 90 किलोग्राम वज़नी अजगर को देखा, उन्होंने तुरंत काम रोक दिया और वन विभाग को सूचना दी।

सूचना मिलते ही प्रशिक्षित सर्प एवं वन्यजीव रेस्क्यू विशेषज्ञ नाजरुन निशा अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचीं। उन्होंने अत्यंत सावधानी, धैर्य और सूझबूझ का परिचय देते हुए काफी मशक्कत के बाद विशाल अजगर का सफलतापूर्वक रेस्क्यू किया। रेस्क्यू के दौरान ग्रामीणों की भारी भीड़ मौके पर जुट गई, लेकिन टीम ने सभी को सुरक्षित दूरी बनाए रखने की अपील की रेस्क्यू के बाद अजगर का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। वह पूरी तरह स्वस्थ पाया गया, जिसके बाद वन विभाग की मौजूदगी में उसे उसके प्राकृतिक आवास के अनुकूल सुरक्षित वन क्षेत्र में छोड़ दिया गया। नाजरुन निशा ने ग्रामीणों से अपील करते हुए कहा कि खेतों या गांव में किसी भी वन्यजीव के दिखाई देने पर उसे नुकसान पहुंचाने का प्रयास न करें। तुरंत वन विभाग या प्रशिक्षित रेस्क्यू टीम को सूचना दें, ताकि वन्यजीव और आमजन दोनों की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके। इस सफल रेस्क्यू की क्षेत्र में सराहना हो रही है। ग्रामीणों ने नाजरुन निशा और उनकी टीम के साहस, तत्परता और वन्यजीव संरक्षण के प्रति समर्पण की प्रशंसा की।

खबरें एक नजर में

घर में घुसकर मारपीट, पिता-पुत्र घायल, थाने में तहरीर

समृद्धि न्यूज़, हलिया (मिर्जापुर)। थाना क्षेत्र के पंवारी खुर्द (बढ़वार) गांव में रविवार सुबह घर में घुसकर मारपीट का मामला सामने आया है। पीड़ित ने हलिया थाने में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है।पंवारी खुर्द बढ़वार गांव निवासी शिवराम पुत्र श्यामलाल ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि रविवार को सुबह 6 बजे गांव के ही नंदू व ननकू पुत्र गोपी उसके दरवाजे पर आ धमके। गाली-गलौज करते हुए दोनों ने उसके व उसके पिता के साथ मारपीट शुरू कर दी। मारपीट में शिवराम व उसके पिता को गंभीर चोटें आई हैं। शोर सुनकर आसपास के लोग जुटे तो आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए भाग निकले। पीड़ित शिवराम ने थानाध्यक्ष हलिया को प्रार्थना पत्र देकर आरोपियों के खिलाफ उचित कानूनी कार्रवाई की मांग की है। तहरीर में कहा गया है कि आरोपियों से उसकी जान को खतरा है। हलिया पुलिस ने तहरीर लेकर मामले की जांच शुरू कर दी है। पुलिस का कहना है कि जांच के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

भटवारी में आंगनबाड़ी केन्द्र पर पौधरोपण, बीडीओ व प्रमुख प्रतिनिधि ने दिया हरियाली का संदेश

समृद्धि न्यूज़, हलिया (मिर्जापुर)। वन महोत्सव सप्ताह व ष्एक पेड़ माँ के नामष् अभियान के तहत सोमवार को हलिया थाना परिसर में वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। उप निरीक्षक घनश्याम सिंह ने थाना परिसर में पौधा रोपकर उसे पानी दिया और पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। उप निरीक्षक घनश्याम सिंह ने कहा कि पेड़-पौधे हमारे जीवन के लिए बेहद जरूरी हैं। पुलिस विभाग भी पर्यावरण के प्रति अपनी जिम्मेदारी समझता है। थाना परिसर में खाली पड़ी जगह पर आम, नीम व अशोक के पौधे लगाए गए हैं। उन्होंने कहा कि ष्एक पेड़ माँ के नामष् सिर्फ नारा नहीं, बल्कि एक भावनात्मक पहल है। हर व्यक्ति को अपनी माँ के नाम एक पौधा जरूर लगाना चाहिए।पौधरोपण के बाद उप निरीक्षक ने थाना स्टाफ को निर्देश दिया कि लगाए गए पौधों की नियमित सिंचाई व देखभाल की जाए। उन्होंने कहा कि पौधों को पेड़ बनने तक सुरक्षित रखना हम सबकी सामूहिक जिम्मेदारी है। थाना परिसर में आने वाले फरियादियों को भी पौधे लगाने के लिए प्रेरित किया जाएगा। इस दौरान थाना परिसर में मौजूद अन्य पुलिसकर्मियों व स्टाफने भी वृक्षारोपण में सहयोग किया। परिसर में कुल 10 छायादार व फलदार पौधे लगाए गए।वन महोत्सव के तहत 1 से 7 जुलाई तक क्षेत्र के सभी सरकारी कार्यालयों, स्कूलों व सार्वजनिक स्थलों पर वृक्षारोपण कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं।

जमानत पर छूटे जेठ ने अपने छोटे भाई की पत्नी को डंडे से पीट पीट कर की हत्या

समृद्धि न्यूज़, हलिया (मिर्जापुर)। लालगंज थाना क्षेत्र के बेलहा (तेंदुहनी) गांव में रविवार शाम पारिवारिक विवाद ने खूनी रूप ले लिया। दहेज हत्या के मामले में सजा काट चुका एक व्यक्ति अपने छोटे भाई की पत्नी की पीट-पीटकर हत्या कर फरार हो गया। घटना के बाद गांव में सनसनी फैल गई। पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और आरोपी की तलाश शुरू कर दी है। तेंदुहनी बेलहा गांव निवासी 26 वर्षीय संगीता पत्नी ननकू रविवार शाम घर पर थीं। आरोप है कि उनके जेठ छोटेलाल उर्फ कलट्टर से किसी बात को लेकर विवाद हो गया। देखते ही देखते विवाद इतना बढ़ गया कि आरोपी ने संगीता की बेरहमी से पिटाई कर दी। गंभीर चोटें लगने से उनकी मौके पर ही मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही प्रभारी निरीक्षक लालगंज पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और घटनास्थल का निरीक्षण कर साक्ष्य जुटाए। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया तथा मामले की जांच शुरू कर दी है।मृतका अपने पीछे पांच वर्षीय पुत्र लाडो और पांच माह की पुत्री पारो को छोड़ गई हैं। पति काम के सिलसिले में बाहर पूना रहता था घटना के बाद परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।पुलिस के अनुसार आरोपी छोटेलाल उर्फ कलट्टर पूर्व में अपनी पत्नी की दहेज हत्या के मामले में दोषी ठहराया गया था और करीब 10 वर्ष की सजा काटने के बाद लगभग 15-16 माह पहले जेल से रिहा होकर गांव लौटा था।

मृतका के भाई संदीप की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज करने की प्रक्रिया शुरू कर दी है।प्रभारी निरीक्षक वेद प्रकाश पांडेय ने बताया कि आरोपी की गिरफ्तारी के लिए पुलिस टीम गठित कर दी गई है और मामले के सभी पहलुओं की जांच की जा रही है।

गड़बड़ा धाम मां शीतला माता के दरबार में दर्शन को लगी कतारें

समृद्धि न्यूज़, हलिया (मिर्जापुर)। हलिया क्षेत्र के अंतर्गत स्थित मां शीतला धाम में सोमवार को आषाढ़ मास कृष्ण पक्ष चतुर्दशी होने के कारण सुबह से शाम तक करीब 30 हजार श्रद्धालुकओं ने मां के दरबार में हाजिरी लगाई।भोर की मंगला आरती के बाद से ही श्रद्धालु कतारबद्ध होकर मां के दर्शन के लिए प्रतीक्षा करते रहे। मां शीतला के दिव्य स्वरूप के दर्शन करते ही भक्तों ने आंतरिक शक्ति और शांति का अनुभव किया। हाथों में पूजा की टोकरी और मन में अटूट श्रद्धा लिए बच्चे, बुजुर्ग और महिलाएं सभी ने मां के चरणों में मत्था टेका। मंदिर परिसर में घंटा और शंख की मधुर ध्वनि के साथ जयकारों से वातावरण भक्तिमय बना रहा। दूर-दराज से आए श्रद्धालु भोर से ही परिवार सहित मंदिर पहुंचते रहे। कई भक्तों ने पहले सेवटी नदी में स्नान किया, इसके बाद कतार में लगकर मां का दर्शन-पूजन किया।

छात्रों को यातायात नियमों का पढ़ाया गया पाठ

समृद्धि न्यूज़, लखीमपुर खीरी। सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने और विद्यार्थियों में यातायात नियमों के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से सोमवार को यातायात पुलिस ने स्वामी श्याम प्रकाश इंटर कॉलेज में सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान चलाया। अभियान के दौरान छात्र-छात्राओं और शिक्षकों को सुरक्षित यातायात के नियमों की जानकारी देने के साथ ही पंपलेट वितरित किए गए।

यातायात पुलिस की ओर से आयोजित कार्यक्रम में हेलमेट और सीट बेल्ट के अनिवार्य उपयोग, निर्धारित गति सीमा का पालन, नाबालिगों द्वारा वाहन न चलाने, मोबाइल फोन का प्रयोग करते हुए वाहन न चलाने तथा यातायात संकेतों का पालन करने के बारे में विस्तार से बताया गया। अधिकारियों ने कहा कि सड़क पर छोटी-सी लापरवाही भी बड़े हादसे का कारण बन सकती है, इसलिए प्रत्येक व्यक्ति का जागरूक होना जरूरी है। कार्यक्रम में विद्यार्थियों को पीएम राहत योजना और राहवीर योजना की भी जानकारी दी गई।

बजाज ग्रुप के अध्यक्ष कुशाग्र बजाज के नाम गन्ना भुगतान को लेकर सौंपा गया ज्ञापन

समृद्धि न्यूज़, लखीमपुर खीरी।

भारतीय किसान यूनियन अमन संधू एवं क्रांतिकारी किसान समिति के प्रतिनिधिमंडल ने राष्ट्रीय अध्यक्ष अमनदीप सिंह संधू के नेतृत्व में बजाज हिंदुस्तान शुगर लिमिटेड, गोला गोकर्णनाथ के वाइस प्रेसिडेंट राकेश यादव एवं केन मैनेजर पी.एस. चतुर्वेदी को बजाज ग्रुप के अध्यक्ष कुशाग्र बजाज के नाम संबोधित एक विस्तृत ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में उत्तर प्रदेश के गन्ना किसानों की गंभीर आर्थिक स्थिति का उल्लेख करते हुए समयबद्ध गन्ना भुगतान सुनिश्चित करने की मांग की गई। साथ ही, शुगर प्रमोशन पॉलिसी के अंतर्गत लंबित बकाये का शीघ्र समाधान कराने हेतु प्रभावी पहल करने का अनुरोध किया गया, ताकि किसानों को उनके गन्ने का भुगतान समय पर प्राप्त हो सके। ज्ञापन में यह भी मांग की गई कि गन्ना आपूर्ति के 14 दिनों के भीतर भुगतान सुनिश्चित किया जाए तथा भुगतान में विलंब होने पर किसानों को ब्याज सहित भुगतान दिया जाए। राष्ट्रीय अध्यक्ष अमनदीप सिंह संधू ने कहा कि किसान अपनी मेहनत का उचित और समय पर मूल्य चाहता है। सरकार और चीनी उद्योग के बीच यदि कोई वित्तीय विवाद लंबित है, तो उसका खामियाजा किसानों को नहीं भुगतना चाहिए। उन्होंने कहा कि किसानों के हितों की रक्षा करना सभी संबंधित पक्षों की नैतिक एवं सामाजिक जिम्मेदारी है। बजाज हिंदुस्तान शुगर लिमिटेड के अधिकारियों ने प्रतिनिधिमंडल को आश्वस्त किया कि ज्ञापन को शीघ्र ही कंपनी के अध्यक्ष कुशाग्र बजाज तक पहुँचाया जाएगा। इस अवसर पर किसान प्रतिनिधिमंडल में कोषाध्यक्ष गुरविंदर सिंह, युवा जिला अध्यक्ष जितेंद्र कुमार पटेल, जिला उपाध्यक्ष राकेश वर्मा तथा युवा जिला उपाध्यक्ष उत्तम यादव सहित अन्य पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

मेंटर्स तैयार करने को प्रिपरेटरी ग्रुप की कार्यशाला, 23 आचार्यों ने किया शिक्षण प्रदर्शन

समृद्धि न्यूज़, लखीमपुर खीरी। विद्या भारती विद्यालय सनातन धर्म सरस्वती शिशु मंदिर, मिश्राना में सोमवार को राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी)-2020 की मंशा के अनुरूप मेंटर तैयार करने के उद्देश्य से प्रिपरेटरी ग्रुप की कार्यशाला आयोजित की गई। कार्यक्रम का शुभारंभ मां शारदा के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन, पुष्पार्चन और वंदना के साथ हुआ। प्रधानाचार्या हीरा सिंह ने अतिथियों का परिचय कराते हुए रोली व बैज लगाकर स्वागत किया। कार्यशाला में अवध प्रांत के विभिन्न विद्यालयों से आए करीब 23 आचार्यों ने प्रत्यक्ष कक्षाओं में जाकर अपने-अपने विषय का शिक्षण प्रदर्शन किया।

पीटीएम में बच्चों की रचनात्मकता ने जीता अभिभावकों का दिल

समृद्धि न्यूज़, लखीमपुर खीरी। उमा देवी चिल्ड्रेन्स एकेडमी मोहम्मदी में आयोजित अभिभावक-शिक्षक बैठक (पीटीएम) के दौरान बच्चों द्वारा ग्रीष्मावकाश में तैयार किए गए रचनात्मक एवं ज्ञानवर्धक गृहकार्य की आकर्षक प्रदर्शनी लगाई गई। प्रदर्शनी में विद्यार्थियों के विभिन्न मॉडल, चार्ट, प्रोजेक्ट, हस्तकला सामग्री और अन्य रचनात्मक गतिविधियों को प्रदर्शित किया गया, जिन्हें अभिभावकों ने काफी सराहा।

अपने बच्चों की मेहनत, कल्पनाशीलता और सीखने की क्षमता को प्रदर्शनी के माध्यम से देखकर अभिभावक उत्साहित और गौरवान्वित नजर आए। उन्होंने विद्यालय की इस पहल की प्रशंसा करते हुए कहा कि इस तरह के आयोजन बच्चों में आत्मविश्वास बढ़ाने के साथ उनकी प्रतिभा को निखारने का अवसर प्रदान करते हैं।

विद्यालय प्रशासन ने बताया कि प्रदर्शनी का उद्देश्य बच्चों की सृजनात्मक सोच को प्रोत्साहित करना, उनकी प्रतिभा को मंच देना और अभिभावकों को बच्चों की सीखने की प्रक्रिया से और अधिक सक्रिय रूप से जोड़ना है। इस अवसर पर शिक्षकों ने अभिभावकों से बच्चों की शैक्षणिक प्रगति, अनुशासन और नियमित अध्ययन पर भी चर्चा की।

धौरहरा-सिसैया हाईवे पर रफ्तार का कहर, बेकाबू डगामार बस ने ई-ऑटो को मारी टक्कर

▸ सात घायल, चालक वाहन समेत फरार

समृद्धि न्यूज़, धौरहरा, लखीमपुर खीरी।

धौरहरा-सिसैया हाईवे पर सोमवार दोपहर करीब डेढ़ बजे तेज रफ्तार का कहर देखने को मिला, जब एक निजी ग्रामीण परिवहन बस ने चफरिया पुल के पास आगे चल रहे ई-ऑटो को पीछे से जोरदार टक्कर मार दी। हादसा इतना भीषण था कि ई-ऑटो बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया और उसमें सवार यात्रियों में चीख-पुकार मच गई। दुर्घटना के बाद बस चालक मदद करने के बजाय वाहन लेकर धौरहरा-ढखेरवा चौराहे की ओर फरार हो गया।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार बस सिसैया की ओर से तेज गति में आ रही थी। चफरिया पुल के निकट पहुंचते ही चालक ने नियंत्रण खो दिया और सामने चल रहे ई-ऑटो को पीछे से टक्कर मार दी। टक्कर लगते ही ऑटो सड़क पर बुरी तरह डगमगा गया और उसमें बैठे यात्री घायल हो गए। स्थानीय लोगों ने बिना देर किए राहत कार्य शुरू किया और घायलों को बाहर निकालकर एंबुलेंस व अन्य वाहनों की सहायता से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) धौरहरा पहुंचाया।

हादसे में राधा देवी (30) पत्नी कुंज बिहारी, तारा देवी (35) पत्नी तीरथ राम, निवांसी (12) पुत्र तीरथ राम, क्रांति देवी (30) पत्नी नरेंद्र कुमार, सभी निवासी हसनापुर तथा सुभाष (22) पुत्र सतेंद्र तिवारी निवासी आदर्श नगर, धौरहरा सहित एक छोटे बच्चे समेत कुल सात लोग घायल हुए।

बताया गया कि ई-ऑटो में पांच वयस्क और तीन बच्चे सवार थे, जिनमें सात लोगों को चोटें आईं। सीएचसी में चिकित्सकों ने सभी घायलों का प्राथमिक उपचार शुरू कर दिया। राहत की बात यह रही कि किसी की हालत गंभीर नहीं बताई गई।

माध्यमिक शिक्षक संघ के प्रतिनिधियों ने मुख्यमंत्री को सौंपा पत्र

भेजे गये पत्र के जरिए तदर्थ प्रधानाचार्यों को नियमित करने की मांग

समृद्धि न्यूज, महराजगंज। माध्यमिक शिक्षक संघ के पदाधिकारियों ने लालबहादुर शास्त्री स्मारक इंटर कालेज के प्रधानाचार्य विजय प्रताप सिंह के नेतृत्व में मुख्यमंत्री को पत्र भेजकर तदर्थ प्रधानाचार्यो को नियमित करने की मांग की है। भेजें गये पत्र में लोगों ने उल्लेख किया है कि प्रधानाचार्य परिषद उत्तर प्रदेश जनपद महराजगंज के पत्रांक मेमो /2024-25 के संलग्न पत्र पर विचार करते हुए कहा है कि उत्तर प्रदेश के अशासकीय सहायता प्राप्त माध्यमिक विद्यालयों में कार्यरत वरिष्ठ शिक्षक जो वर्तमान में तदर्थ प्रधानाचार्य के रूप में कार्यरत है। प्रदेश में ऐसी संख्या लगभग 3000 है। इनके द्वारा निरंतर अपनी पदोन्नति के स्थायीकरण की मांग की जा रही है जो नियमानुसार न्यायोचित एवं वैधानिक है। इनके द्वारा यह भी बताया गया है कि पूर्व में भी तदर्थ प्रधानाचार्यो का स्थायीकरण किया गया है। इसलिए इनका स्थायीकरण करना उचित है। अंत में उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश के अशासकीय सहायता प्राप्त माध्यमिक विद्यालयों में कार्यरत वरिष्ठ शिक्षक जो कि तदर्थ प्रधानाचार्य के रूप में कार्यरत हैं, यदि इनका स्थायीकरण किया जाता है तो इन विद्यालयों में रिक्त प्रधानाचार्य के पदों की पूर्ति हो जाएगी और विद्यालयों के संचालन हेतु स्थायी प्रधानाचार्य प्राप्त हो जाएंगे, साथ ही वित्तीय भार नहीं आएगा। क्योंकि यह पूर्व से प्रधानाचार्य पद का वेतन प्राप्त कर रहे हैं तथा प्रधानाचार्य पद की अर्हता पूर्ण करते हैं। शिक्षक का मूल पद रिक्त होने के कारण नए बेरोजगार युवाओं को नियुक्ति का अवसर प्राप्त. होगा। इसलिए इस प्रकरण में सहानुभूतिपूर्वक विचार करते हुए आवश्यक कार्यवाही करने की मांग की है।

सेवा, शिक्षा और पर्यावरण संरक्षण पर नवदिशा का फोकस, नीतू अग्रवाल बनीं अध्यक्ष

समृद्धि न्यूज़, लखीमपुर खीरी। इनर व्हील क्लब लखीमपुर नवदिशा का वर्ष 2025-26 का अवॉर्ड समारोह एवं वर्ष 2026-27 का इंस्टॉलेशन समारोह उत्साह और गरिमा के साथ आयोजित हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि नगर पालिका अध्यक्ष ईरा श्रीवास्तव रहीं। समारोह में निवर्तमान अध्यक्ष दीपाली गुप्ता ने अपने कार्यकाल की उपलब्धियों का उल्लेख करते हुए वर्षभर संचालित सेवा कार्यों की जानकारी दी। इस दौरान विभिन्न सामाजिक गतिविधियों में सहयोग देने वाले सदस्यों और प्रेस प्रतिनिधियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।

इसके बाद नई कार्यकारिणी का विधिवत पदभार ग्रहण समारोह हुआ। निवर्तमान पदाधिकारियों ने नव निर्वाचित पदाधिकारियों को पद की पिन पहनाकर दायित्व सौंपे। दीपाली गुप्ता ने नीतू अग्रवाल को अध्यक्षीय कॉलर पहनाकर पदभार सौंपा। इसके बाद नीतू अग्रवाल ने वर्ष 2026-27 की अपनी पूरी टीम का परिचय कराया। कार्यक्रम के दौरान पर्यावरण संरक्षण के संदेश के तहत सभी सदस्यों और अतिथियों को एक-एक पौधा भेंट किया गया। 'एक पौधा मां के नाम' अभियान के अंतर्गत नीतू अग्रवाल ने सभी से पौधे रोपित कर उनकी देखभाल करने का आह्वान किया।

वायरल विडियो का संज्ञान लेते हुए मौके पर पहुंची पुलिस, कार्रवाई में जुटी

समृद्धि न्यूज, महराजगंज। जनपद के कोल्हुई थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत पिपरा सोहट में एक ब्यक्ति का हथियार लेकर दहाड़ करते हुए एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया जिसका संज्ञान लेते हुए मौके पर पहुंची पुलिस कार्रवाई में जुट गई। जानकारी के अनुसार ग्राम पंचायत पिपरा सोहट में अखिलेश की पत्नी रिंकी तथा अनीता पत्नी गया प्रसाद के मध्य पारिवारिक मुद्दे को लेकर कहासुनी हो रही थी ।जहां पर अखिलेश के द्वारा दोनो पक्षों की महिलाओं को समझाने का प्रयास किया गया लेकिन महिलाओं के बीच विवाद बढ़ता गया इसी बीच अखिलेश द्वारा पत्नी रिंकी का पक्ष लेते हुए धारदार हथियार लेकर विपक्षी महिला को धमकी देने लगा कि दरवाजे से चली जाओ नही तो अंजाम ठीक नही होगा उक्त का संज्ञान लेते हुए उप निरीक्षक हरीश कुमार मौर्य मय हमराही मौके पर पहुंच गए और विधिक कार्रवाई करते हुए अखिलेश को गिरफ्तार कर लिया। इस सम्बन्ध में थानाध्यक्ष कुंवर गौरव सिंह ने बताया कि सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो दो पक्षों का आपसी विवाद बताया जा रहा है शांति ब्यवस्था को देखते हुए अखिलेश को हिरासत में लेकर विधिक कार्रवाई की जा रही है।

ट्रैक्टर की टक्कर से 8 वर्षीय मासूम की मौत, गांव में पसरा मातम

समृद्धि न्यूज, महराजगंज। निचलौल थाना क्षेत्र में रविवार शाम एक दर्दनाक सड़क हादसे में 8 वर्षीय मासूम की मौत हो गई। हादसे के बाद पूरे गांव में शोक की लहर दौड़ गई, जबकि परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। जानकारी के अनुसार, रविवार शाम करीब 5:30 बजे बजहा उर्फ अहिरौली और डोमाकाटी गांव के बीच सड़क पर पावरट्रैक ट्रैक्टर चला रहे चालक मनोज पुत्र सीताराम, निवासी डोमाकाटी, पर कथित रूप से लापरवाही से वाहन चलाने का आरोप है। इसी दौरान सड़क किनारे पैदल जा रहे प्रिंस (8 वर्ष) पुत्र सुरेंद्र चौहान, निवासी डोमाकाटी, ट्रैक्टर की चपेट में आ गया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, टक्कर इतनी भीषण थी कि मासूम ने घटनास्थल पर ही दम तोड़ दिया। सूचना मिलते ही निचलौल थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पंचनामा की कार्रवाई के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। घटना से गांव में मातम का माहौल है। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। ग्रामीणों ने सड़क पर तेज रफ्तार वाहनों पर अंकुश लगाने और दोषी चालक के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की मांग की है। पुलिस का कहना है कि तहरीर मिलने पर विधिक कार्रवाई की जाएगी।

प्रकृति की सेवा ही मानवता की सबसे बड़ी सेवा है: राजेश

समृद्धि न्यूज, महराजगंज।

प्रधानमंत्री एवं सूबे के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की प्रेरणा से आज वार्ड संख्या 06, सिविल लाइन में वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया । एक पेड़ माँ के नाम' अभियान के अंतर्गत प्रचार के जरिए नगर के लोगों पौध रोपण के लिए प्रेरित किया गया साथ ही साथ लोगों को पौधा भी उपलब्ध कराया गया। इसके पश्चात पूर्व चेयरमैन व चेयरमैन प्रतिनिधि राजेश जायसवाल ने कहा कि प्रकृति की सेवा ही मानवता की सबसे बड़ी सेवा है साथ ही साथ यह भी कहा कि

माँ हमें जीवन देती हैं और धरती माँ हमारे जीवन का आधार हैं। इसके जरिए लोगों का आह्वान किया कि आइए, इन दोनों के प्रति अपना सम्मान और कृतज्ञता व्यक्त करते हुए एक पौधा लगावें । उन्होंने यह भी कहा कि हमारा एक छोटा-सा प्रयास आने वाली पीढ़ियों के लिए स्वच्छ, हरित और सुरक्षित भविष्य की मजबूत नींव बन सकता है। आज हम इसके जरिए, संकल्प लें कि अधिक से अधिक पौधे लगाकर उत्तर प्रदेश के 35 करोड़ पौधरोपण के इस जनआंदोलन को जनभागीदारी से सफल बनाएँ और हरियाली से समृद्ध भारत के निर्माण में अपना योगदान दें। इस दौरान सिविल वार एसोसिएशन के अध्यक्ष प्रेम सिंह अधिशासी अधिकारी अनुज भारती, प्रधाचार्य डॉ ज्योति सिंह,लेफ्टिनेंट कमांडेंट एसके गौड़ अकांक्षी अधिकारी आदित्य चौधरी , सभासद प्रतिनिधि , मुकेश सिंधी, गौतम पटवा,गोलू जायसवाल, अजय जायसवाल, गौरी यादव, गंगा पासवान,अजीत मणि त्रिपाठी, शम्भू यादव,व विशाल वर्मा, सहित नगर पंचायत आनन्दनगर कार्यालय के कर्मचारी मौजूद रहे।